भोपाल
बुधवार, 29 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष –13
वर्ष : 13, अंक : 27
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 43
न्यून. 30

# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**संघ प्रमुख ने कहा- हिंदू राष्ट्र पहले से ही वास्तविकता**

## भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की कोई जरूरत नहीं


डॉ. मोहन भागवत

*पहले जो भारत का मजाक उड़ाते थे वे अब इसे हिंदुओं की भूमि कहने लगे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि अयोध्या में राम मंदिर सत्ता में बैठे लोगों की प्रतिबद्धता और पूरे देश के लोगों के समर्थन की वजह से बना है। उन्होंने भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की चर्चाओं को लेकर कहा है कि इसकी आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह पहले से ही एक वास्तविकता है। डॉ. ▶▶ शेष पेज 6 पर

### नेतृत्व की प्रतिबद्धता से बना राम मंदिर

डॉ. भागवत ने कहा कि यह राजनीतिक इच्छाशक्ति के बिना संभव नहीं था। मंदिर बनाने का फैसला ले लिया, लेकिन बिना मजबूत फाउंडेशन के यह कैसे खड़ा होता? भारत के प्रत्येक व्यक्ति ने योगदान दिया। उनके मुताबिक भगवान राम की अंगुली ने मंदिर का निर्माण सुनिश्चित किया।

**गेहूं और मूंग की खरीदी में आ रही समस्याएं** — किसानों का 16 सूत्रीय मांगों पर 'घेरा डालो- डेरा डालो' आंदोलन दो दिन के लिए स्थगित

# 2 हजार ट्रैक्टरों से आए 270 गांवों के किसान, हरदा मंडी में जुटे थे, 11 घंटे में 3 दौर की बातचीत में माने


ट्रैक्टरों से आए किसान

- किसानों ने कहा- मांगें नहीं मानी तो बिना किसी सूचना के फिर डाल देंगे डेरा
- किसान अपनी ट्रॉलियों में घर से आटा, दाल और अन्य खाद्य सामग्री लेकर आए थे
- बिस्तर लगाकर दिनभर पड़े रहे, रात का खाना बनाकर खाया और घरों की तरफ लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

हरदा में 43 डिग्री तापमान में किसानों का 16 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को 'घेरा डालो डेरा डालो किसान क्रांति आंदोलन' 11 घंटे चला। वे गेहूं और मूंग की खरीदी में आ रही समस्याओं को लेकर हरदा, देवास, नर्मदापुरम और खंडवा जिले के किसान बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों के साथ कृषि ▶▶ शेष पेज 6 पर


मांगों को लेकर धरने पर रहे किसान

### डिप्टी कमिश्नर पटेल ने कई बार बात की


दिवाकर नारायण पटेल

मंगलवार शाम 6 बजे के बाद नर्मदापुरम डिप्टी कमिश्नर दिवाकर नारायण पटेल मौके पर पहुंचे। उन्होंने आंदोलनकारियों से बात की। उन्होंने बताया कि किसानों को मूंग खरीदी होने के बारे में बता दिया गया है। वहीं मक्का के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। बुधवार ग्यारह बजे तक किसानों को उनके लिए लिखित आश्वासन ▶▶ शेष पेज 6 पर

प्लाट उपलब्ध है
भोपाल की सबसे ज्यादा विकासशील लोकेशन
अयोध्या बायपास
10 लेन रोड और 66 फीट मेन रोड महोली खोजड़ की प्राईम लोकेशन में डायवर्शन, सर्वसुविधायुक्त,
पीपुल्स मॉल, पीपुल्स हास्पीटल, मीनाल मॉल और मेन मार्केट के नजदीक
संपर्क- 9755600569
8200502943, 7748022609

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
एमआई एसआरएच
शाम 7.30 बजे से

**राजा हिरदेशाह लोधी की 168 वीं पुण्यतिथि: भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की बड़ी घोषणा**

# मप्र के लोग अब सिलेबस में पढ़ेंगे राजा हिरदेशाह की जीवन यात्रा भी

सीएम ने कहा कि राजा हिरदेशाह ने बुंदेलखंड के बुंदेला और आदिवासी समाज को एकजुट कर अंग्रेजों के समाने आंदोलन शुरू किया था। राज्य सरकार उनके संघर्ष पर शोध कराएगी


सीएम को स्मृति चिन्ह भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के लोग अब राजा हिरदेशाह लोधी के बारे में न केवल पढ़ेंगे, बल्कि उनकी जीवन यात्रा भी देखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजा हिरदेशाह लोधी को पाठ्यक्रम में शामिल कराने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि नर्मदा के किनारे हीरापुर में राजा हिरदेशाह के नाम से तीर्थ स्थल का भी निर्माण कराएंगे। राज्य सरकार प्रदेश की विरासत और महान हस्तियों के सम्मान में निरंतर गतिविधियां संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि रानी अवंतीबाई के नाम पर सागर में राजकीय विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को 1842 की क्रांति के महानायक राजा हिरदेशाह लोधी की स्मृति में जंबूरी मैदान पर हुए आयोजन और शौर्य यात्रा ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

- राजा हिरदेशाह लोधी को पाठ्यक्रम में शामिल करने की घोषणा
- नर्मदा के किनारे हिरदेशाह के नाम से तीर्थ स्थल का भी होगा निर्माण


जंबूरी मैदान में संबोधित करते डॉ. यादव

*1842 की क्रांति के महानायक राजा हिरदेशाह लोधी की स्मृति में जंबूरी मैदान पर हुआ आयोजन और निकली शौर्य यात्रा*

*कार्यक्रम में राजा हिरदेशाह लोधी और गोंड राजा नरवर शाह के वंशज भी मौजूद थे*

### अमूल्य है राजा हिरदेशाह का योगदान : पटेल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि राजा हिरदेशाह ने वर्ष 1842 से वर्ष 1858 तक लगातार ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष जारी रखा। लोधी समाज सामर्थ्यवान है। इस समाज के सदस्यों ने देश की रक्षा के लिए दुश्मनों से लोहा लिया। समाज के युवाओं को साहसी, शक्तिमान, शिक्षित और संस्कारवान बनने की आवश्यकता है। हमारा संकल्प समाज के साथ है। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि राजा ▶▶ शेष पेज 6 पर

### अखंड भारत के निर्माण का संकल्प

कार्यक्रम में उपस्थित दादा गुरु ने कहा कि यह राष्ट्र को गौरवान्वित करने वाला क्षण है। स्वतंत्रता आंदोलन में पहली क्रांति 1857 में नहीं, बल्कि नर्मदा के तट पर 1842 में शुरू हुई थी। राजा हिरदेशाह ने इसका नेतृत्व किया और अपना बलिदान दिया। इस आयोजन में जहां धैर्य है, वहीं धर्म भी है। शौर्य दिवस के अवसर पर हमें सनातन धर्म के मार्ग पर चलते हुए अखंड भारत के निर्माण में योगदान का संकल्प ▶▶ शेष पेज 6 पर

### अब ओबीसी के छात्रों को भी मिलेंगे 10 हजार रुपए महीना

मप्र कैबिनेट ने एससी, एसटी के बाद ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) के छात्रों को भी दिल्ली में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए 10 हजार रुपए प्रति महीने का वजीफा देगी। योजना का लाभ लेने के लिए उक्त छात्र के अभिभावकों की वार्षिक आय सीमा के भीतर होना जरूरी है।

**प्रतिवर्ष 100 नए विद्यार्थी होंगे लाभांवित**

कैबिनेट की बैठक में विद्यार्थी छात्र गृह योजना में संशोधन को मंजूरी दी गई। मप्र के ऐसे प्रथम 100 छात्रों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। इसमें 50 सीटें स्नातक और 50 सीटें स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों के लिए तय की गई हैं। कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। इसमें कैबिनेट ने पिछड़ा वर्ग तथा ▶▶ शेष पेज 6 पर

**बैंक ने कहा था- खाताधारक को लाओ**

## कब्र से 'बहन का कंकाल' निकाल कर पहुंच गया ओडिशा का शख्स


कंकाल को ले जाते हुए

बैंक में कई चक्कर काटने पर भी नहीं निकला था कैश

एजेंसी ▶▶ क्योंझर

ओडिशा से एक परेशान कर देने वाली खबर सामने आई है। इस घटना ने क्योंझर में ग्रामीण भारत में बैंकिंग जागरूकता और प्रक्रियाओं पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। यहां एक आदिवासी व्यक्ति अपनी मृत बहन का कंकाल बैंक ले आया। उसने ऐसा इसलिए किया क्योंकि उसे कहा गया था कि वह ▶▶ शेष पेज 6 पर

**निगम-मंडलों में नियुक्तियों का सिलसिला**

## विंध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष बने प्रजापति, संजय व अजय सिंह उपाध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


पंचूलाल प्रजापति


डॉ. अजय सिंह

विंध्य विकास प्राधिकरण के पंचूलाल प्रजापति अध्यक्ष बनाए गए हैं। संजय तीर्थानी व डॉ. अजय सिंह उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। पंचूलाल रीवा जिले की मनगवां विधानसभा सीट से विधायक रहे हैं। 2018 में पहली बार भाजपा के टिकट पर विधायक बने थे। राज्यपाल के आदेश से मध्यप्रदेश में योजना, आर्थिक और सांख्यिकी विभाग से अवर सचिव संघमित्र बुद्धा ने यह आदेश जारी किया है। पंचूलाल 2023 में स्थानीय मुद्दों को लेकर और विधानसभा में काफी एक्टिव रहे।

### खबर संक्षेप

#### शिलांग कोर्ट से सोनम रघुवंशी को मिली जमानत



**शिलांग।** शिलांग की एक अदालत ने चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को जमानत दे दी है। 11 महीने से जेल में बंद सोनम को चौथी याचिका पर राहत मिली। इस फैसले से पीड़ित परिवार को गहरा झटका लगा है। इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुंवंशी की हत्या से जुड़े इस मामले की आरोपी है।

#### बंगाल में दूसरे चरण की 142 सीटों पर वोटिंग आज



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बुधवार को 142 सीटों पर वोटिंग होनी है। इसको लेकर राज्य में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सीएम ममता बेनर्जी की भवानीपुर सीट पर मंगलवार को सीआरपीएफ ने फ्लैग मार्च निकाला। उनके खिलाफ भाजपा ने सुवेंदु अधिकारी को मैदान में उतारा है। इधर चुनाव कर्मचारी ईवीएम मशीन लेकर पोलिंग बूथ पर पहुंच चुके हैं। एक महिला कर्मचारी गर्मी से बेहोश हो गई।

**33 केवी हाईटेंशन लाइन से लगा था झटका**

## करंट से बंदर मूर्छित, राहगीरों ने दी सीपीआर, बच गई जान


होश में आते ही हल्दी का दूध पिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

अब तक आपने केवल इंसानों को दिल का दौरा पड़ने या अचेत होने पर सीपीआर देकर जान बचाते हुए सुना या देखा होगा। लेकिन मंगलवार को शहर के शुगर फैक्ट्री चौराहे पर मानवता का एक ऐसा दुर्लभ उदाहरण सामने आया, जिसने सबको हैरान कर दिया। यहां करंट से मृत समझ लिए गए एक बंदर को राहगीरों ने सीपीआर देकर नई जिंदगी दी। बता दें भीषण गर्मी और 44 डिग्री पारे के बीच पानी की तलाश में भटक रहा ▶▶ शेष पेज 6 पर

**सिविलियन एस्ट्रोनॉट्स की भर्ती**

## अब आम नागरिक भी कर सकेंगे 'अंतरिक्ष' की यात्रा



इसरो नियम बदलने जा रहा है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में अब तक एस्ट्रोनॉट यानी अंतरिक्ष यात्री बनने की एक ही अहम शर्त थी- मिलिट्री टेस्ट पायलट होना। लेकिन, अब यह नियम बहुत जल्द बदल सकता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अपने भविष्य के एस्ट्रोनॉट बैच में आम नागरिकों को भी शामिल करने की योजना बना रहा है। गगनयान मिशन के पहले बैच के लिए अब तक केवल इंडियन एयरफोर्स (आईएएफ) के टेस्ट पायलट ही चुने गए हैं। अब इसरो ▶▶ शेष पेज 6 पर

## सुबह-सुबह मैदान पर दिखा पीएम मोदी का नया अंदाज



पीएम ने कहा- यह सेशन ऊर्जा से भर देने वाला रहा

**पीएम के दो दिवसीय सिक्किम दौरे का मंगलवार को दूसरा दिन था**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय सिक्किम दौरे का मंगलवार को दूसरा दिन था। उनकी सुबह की शुरुआत एक बेहद ही खास और ऊर्जावान अंदाज में हुई। गंगटोक की खुशनुमा सुबह में पीएम मोदी ने स्थानीय युवाओं और बच्चों के साथ फुटबॉल के मैदान पर हाथ ▶▶ शेष पेज 6 पर, ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

**विजाग का 'जी' हुआ गूगल के नाम**

## विशाखापत्तनम में गूगल क्लाउड एआई हब का शिलान्यास हुआ

1.35 लाख करोड़ का निवेश
2 लाख नौकरियां

एजेंसी ▶▶ विजाग




मंगलवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 1.35 लाख करोड़ रुपए के निवेश के साथ गूगल क्लाउड एआई हब का शिलान्यास हुआ।

इस ऐतिहासिक प्रोजेक्ट से करीब 2 लाख नई नौकरियों के पैदा होने का अनुमान है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और आंध्र मंत्री नारा लोकेश ने इसे भारत के डिजिटल भविष्य के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने इस गूगल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डेटा सेंटर की आधारशिला रखी। मंत्री नारा लोकेश ने इस पल को ऐतिहासिक बताते हुए गर्व से कहा कि अब विजाग में जी का मतलब गूगल है। यह 1 गीगावाट क्षमता वाला डेटा सेंटर भारत के सबसे बड़े एआई डेटा केंद्रों में से एक होगा, जो सबसे बेहतरीन क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर और बड़े पैमाने पर डेटा स्टोरेज की सुविधाएं देगा।

**22 जिलों में दो डिग्री तक गिरावट, भीषण गर्मी के साथ उमस व लू के थपेड़े**

एक दर्जन जिलों में गरज-चमक के साथ बौछारें

## खजुराहो सबसे अधिक तपा, पारा 44.8 डिग्री भोपाल में '6 साल' बाद तापमान 43.6 पर

अप्रैल के अंत तक बना रहेगा मौसम में बदलाव का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को भोपाल में 6 साल बाद पारा 43.6 डिग्री पर रहा, जिससे भीषण गर्मी महसूस की गई। यहां इससे पहले अप्रैल 30 अप्रैल 2019 को पारा 43.7 डिग्री रहा है। कुछ जिलों में दिन के तापमान में बढ़त रही, जबकि करीब 22 जिलों में पारा एक से दो डिग्री तक गिरा है। सर्वाधिक कमी नौगांव में 3.5 डिग्री की रही। पारा 42 डिग्री पर रहा। इसके बावजूद प्रदेश में दिन के साथ रात में तेज गर्मी से राहत नहीं मिली है। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान खजुराहो में 44.8 डिग्री रहा। यहां 1.2 डिग्री की कमी आई। इसके बावजूद प्रदेशभर में भीषण गर्मी और लू का असर रहा। सोमवार से मंगलवार सुबह तक करीब एक दर्जन जिलों में गरज-चमक के साथ आंधी और बौछारों के बीच रात का पारा बढ़ा हुआ दर्ज हुआ है। इससे रात में भी तेज गर्मी-उमस महसूस ▶▶ शेष पेज 6 पर


राजधानी का अयोध्या बाइपास रोड, शाम 5 :00 बजे का दृश्य

### आज यहां गरज-चमक के साथ हीटवेव

मंगलवार रात से बुधवार सुबह तक ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनूपपुर, शहडोल, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, पांढुर्णा जिलों में आंधी-बारिश का दौर रह सकता है। इसी ▶▶ शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### वाटर कूलर एवं आरओ स्थापना का शुभारंभ

**भोपाल।** शहर में बढ़ती गर्मी और जल संकट की चुनौती के बीच समग्र अग्रवाल समाज, भोपाल ने समाजसेवा की एक सराहनीय पहल की है। समग्र अग्रवाल समाज, भोपाल (मप्र) द्वारा शीतल जल अभियान के अंतर्गत शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर वाटर कूलर एवं आरओ स्थापित करने का शुभारंभ किया जा रहा है। इस पुनीत कार्य का शुभारंभ 29 अप्रैल को शाम 5 बजे खेड़ापति हनुमान मंदिर, न्यू मार्केट से होगा। यह अभियान न केवल राहगीरों, श्रमिकों एवं आम नागरिकों को भीषण गर्मी में शीतल एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का माध्यम बनेगा, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को भी सुदृढ़ करेगा।

### दुर्लभ बीमारियों की पहचान पर जानकारी साझा की



**भोपाल।** एम्स भोपाल के पैथोलॉजी एवं लैब मेडिसिन विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. जय चौरसिया ने भूटान के पारो में आयोजित सातवें साउथ-एशियन एकेडमी ऑफ साइटोपैथोलॉजी एंड हिस्टोपैथोलॉजी (एसएसीएच) सम्मेलन में वक्ता के रूप में भाग लिया। डॉ. जय चौरसिया ने दुर्लभ बीमारियों के सही और समय पर निदान में साइटोपैथोलॉजी की भूमिका पर अपने अनुभव साझा किए। उनके इस व्याख्यान को सम्मेलन में मौजूद प्रतिभागियों ने काफी सराहा। एसएसीएच के अध्यक्ष डॉ. आरजी डब्ल्यू. पिंटो और सचिव डॉ. केके प्रसाद ने एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक डॉ. माधवानंद कर, पैथोलॉजी एवं लैब मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. वैशाली वाल्के ने भी डॉ. चौरसिया को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी।

# अमृत भारत एक्सप्रेस की दो नई ट्रेनों का शुभारंभ

**बनारस-हडपसर अमृत भारत एक्सप्रेस बीना, रानी कमलापति, नर्मदापुरम, इटारसी एवं हरदा स्टेशन से होकर गुजरेगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यात्रियों को आधुनिक, आरामदायक एवं किफायती रेल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में रेल द्वारा एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस सेवाओं का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा 28 अप्रैल को किया गया है। बनारस-हडपसर अमृत भारत एक्सप्रेस तथा लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट अमृत भारत एक्सप्रेस के उद्घाटन विशेष फेरे 28 अप्रैल को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर 29 अप्रैल, इटारसी एवं हरदा रेलवे स्टेशन गाड़ी आगमन पर स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं रेलवे



अधिकारियों की उपस्थिति में उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इन दोनों नई सेवाओं से पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी, आधुनिक यात्रा सुविधाएं तथा अधिक सुगम यात्रा विकल्प उपलब्ध होंगे।

**वाया इटारसी लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट अमृत भारत एक्सप्रेस का विशेष फेरा**

भारतीय रेल द्वारा गाड़ी संख्या 02211/02212 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक टर्मिनस अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसका उद्घाटन विशेष फेरा 28 अप्रैल को अयोध्या धाम जंक्शन से संचालित किया गया। यह ट्रेन भी 22 कोचों के साथ चलेगी। यह नई सेवा भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर संचालित होगी।

### इटारसी स्टेशन पर समय-सारणी

- इटारसी आगमन 07:30 बजे, प्रस्थान 07:35 बजे
- इसके अतिरिक्त यह ट्रेन सुल्तानपुर, प्रयागराज, मानिकपुर, जलगांव, नासिक रोड, कल्याण एवं ठाणे स्टेशनों से होकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी।

### बनारस-हडपसर अमृत भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ

- गाड़ी संख्या 02531 बनारस-हडपसर उद्घाटन स्पेशल का शुभारंभ 28 अप्रैल को बनारस से 16:45 बजे किया गया। यह ट्रेन अत्याधुनिक 22 कोचों वाली अमृत भारत रेक के साथ संचालित होगी। यह ट्रेन भोपाल मंडल के बीना, रानी कमलापति, नर्मदापुरम, इटारसी एवं हरदा स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

### भोपाल मंडल में प्रमुख ठहराव एवं समय-सारणी

बीना आगमन 05:15 बजे, प्रस्थान 05:20 बजे रानी कमलापति आगमन 07:35 बजे, प्रस्थान 07:40 बजे, नर्मदापुरम आगमन 08:50 बजे, प्रस्थान 08:55 बजे, इटारसी आगमन 09:25 बजे, प्रस्थान 09:30 बजे। हरदा आगमन 10:20 बजे, प्रस्थान 10:25 बजे इसके पश्चात यह ट्रेन खंडवा, भुसावल, जलगांव, मनमाड, कोपरगांव, अहिल्यानगर एवं दौंड कॉर्ड लाइन होते हुए अगले दिन 00:55 बजे हडपसर पहुंचेगी।

**एक दशक बाद भी लोगों को मिला सिर्फ आश्वासन, कब्जा नहीं**

# वर्षों बाद भी आशियाने से दूर हितग्राही 30 लाख का फ्लैट्स अब 37 लाख में

**नगर निगम के 12 नंबर स्थित फ्लैट्स का पजेशन अटका, कीमत बढ़ने पर उठे सवाल**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम द्वारा 12 नंबर पर बनाए जा रहे 12916 फ्लैट्स का पजेशन अब तक लोगों को नहीं मिल पाया है। 2बीएचके के 432 की कीमत 30 लाख से बढ़कर 37 लाख हो गई है। लोगों को दोहरी मार का सामना करना पड़ रहा है।

**काम पूरा होने में अभी 6 से 7 महीने का लग सकता है अतिरिक्त समय**

वहीं, सेलिंग एजेंसी का कहना है कि काम पूरा होने में अभी 6 से 7 महीने का और समय लग सकता है।

### पजेशन में देरी के कारण खरीदारों में बढ़ती जा रही नाराजगी

करीब चार महीने पहले महापौर मालती राय ने आश्वासन दिया था कि जिन लोगों ने फ्लैट बुक किए हैं, उन्हें जल्द ही पजेशन दे दिया जाएगा, लेकिन अब तक यह वादा पूरा नहीं हुआ है। इस देरी से खरीदारों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। फ्लैट्स की कीमत को लेकर सामने आया है। पहले इन फ्लैट्स की कीमत करीब 30 लाख रुपए बताई गई थी, लेकिन अब पजेशन के समय यह बढ़ाकर 37 लाख रुपए किए जाने की बात कही जा रही है। इससे बुकिंग कराने वाले लोगों में असंतोष है और वे इसे गड़बड़ी मान रहे हैं। हरिभूमि की टीम ने जब मौके का मुआयना किया तो सच्चाई समने आई, एक सेलिंग एजेंसी के एजेंट से बात करने पर पता चला की अधिकारियों और सेलिंग एजेंसी के एजेंट मिलीभगत हो सकती है। उनका कहना है कि फ्लैट्स 37 लाख के बजाय करीब 32 लाख में मिल सकते हैं, लेकिन इसके लिए अलग से कुछ रकम खर्च करनी पड़ती है। साथ ही, उन्होंने आरोप लगाया कि बीडिंग प्रक्रिया में भी तकनीकी रूप से हेरफेर किया जाता है। वहीं, खरीदारों का कहना है कि उन्होंने बैंक से लोन लेकर पैसे जमा किए हैं, लेकिन न तो पजेशन मिल रहा है और न ही एजेंसी की ओर से संतोषजनक जवाब दिया जा रहा है। इससे उनकी आर्थिक और मानसिक परेशानी बढ़ रही है।

### महापौर बोलीं- मामले की जांच करवाएंगे

इस संबंध में महापौर मालती राय का कहना है कि अगर हाउसिंग फॉर आल के आवासों को लेकर किसी भी तरह की गड़बड़ी या हेराफेरी की बात है तो उसकी जांच करवाई जाएगी। मैं इस संबंध में अधिकारियों से चर्चा करके जानकारी लूंगी। जैसे-जैसे आवास तैयार हो रहे हैं पजेशन दिए जा रहे हैं।

**आयुर्वेदिक आहार-विहार अपनाने किया प्रेरित**

# सांची विवि ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी से सटे सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए ग्राम भगवन्तपुर कॉलोनी (ग्राम पंचायत शाहपुर, जिला रायसेन) में मंगलवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कुलसचिव प्रो रामनिवास गुप्ता के निर्देशन में विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित शिविर में ग्रामीणों, विशेषकर



महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान कुल 65 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान उनकी सामान्य बीमारियों की जांच की गई एवं आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।

### आयुर्वेदिक आहार-विहार अपनाने प्रेरित किया

महिलाओं में बढ़ती खून की कमी (एनीमिया) की समस्या को देखते हुए, उन्हें इससे बचाव के तरीके बताए गए। डॉ. अंजलि दुबे ने खान-पान में सुधार और आयरन युक्त आहार के महत्व पर जोर दिया। ग्रामीणों को स्वस्थ रहने के लिए आयुर्वेदिक आहार-विहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे प्राकृतिक तरीके से अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा सकें।

# पूजा का सर्वोत्तम विधान पार्थिव शिवलिंगः सुशील महाराज

**उत्तरप्रदेश और गोवर्धन से पधारे आचार्य ने संपन्न कराया देवी हवन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यदि मनुष्य अपने घर में पार्थिव शिवलिंग पूजन करने का कार्यक्रम आयोजित करता है। तो शिवलिंग की ऊंचाई मात्र चार अंगुल ऊंची होना चाहिए और किसी जलाशय या मंदिर प्रांगण में यदि पार्थिव शिवलिंग पूजन का विधान कोई व्यक्ति करना चाहता है तो शिवलिंग की ऊंचाई 12 अंगुल की होना चाहिए।

नियमित पार्थिव शिलिंग का विधि विधान से पूजन-अर्चन करवाना चाहिए। यह उद्गार श्री शिव शक्ति धाम सिद्धाश्रम में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन पंडित सुशील महाराज ने



पार्थिव शिवलिंग की पूजा विधान का महत्व बताते हुए व्यक्त किए। पं सुशील महाराज ने बताया कि बिल वृक्ष पर साक्षात शिव का वास होता है। यदि कोई व्यक्ति बिल वृक्ष की जड़ को शिवलिंग मांगते हुए उसे पर विधिवत पूजन अर्चन करता है एवं बिल वृक्ष के नीचे पार्थिव शिवलिंग पूजन विधि विधान से करता है तो उसकी सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस अवसर पर उत्तरप्रदेश के पधारे आचार्य अनुराग द्विवेदी च्यवनाश्रम और धीरज शर्मा गोवर्धन निवासी द्वारा विधि विधान से देवी हवन महायज्ञ संपन्न करवाया गया।

कथा स्थल पर डॉ लालबहादुर चौहान द्वारा श्री शिव महापुराण पुराण की पूजा अर्चना की गई। श्रीशिव महापुराण कथा में पप्पू चौधरी, भगवत रघुवंशी, हुकुम सिंह जाट ने श्रीराम गमछा भेंट कर पं सुशील महाराज का सममान किया। भगवत सिंह विश्वकर्मा, भवानी कुशवाहा, जमुना प्रसाद कुशवाहा ने श्री शिव महापुराण की आरती कर भक्तों को प्रसाद वितरण किया।



हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 29 अप्रैल 2026

4 राजधानी में बढ़ी झपटमारी की वारदात... आईटी ...



5 राजा हिरदेशाह लोधी शौर्य यात्रा में दिखी सामाजिक ...





**जांच में मिली थी दस तरह की बड़ी गड़बड़ी**

# सिलेंडरों की कालाबाजारी में फिनिक्स एजेंसी सस्पेंड, बीएस, सारा को बांटे उपभोक्ता

## खाद्य विभाग ने एचपी सेल्स ऑफीसर सहित रिटायर एएसओ को भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खाद्य विभाग के रिटायर एएसओ बीपी शर्मा की जेके रोड स्थित फिनिक्स एचपी गैस एजेंसी में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी के मामले में एचपीसीएल कंपनी ने एजेंसी को सस्पेंड कर दिया है। जिसके बाद अब एजेंसी से सिलेंडरों की सप्लाई नहीं की जाएगी। इधर कंपनी ने एजेंसी से जुड़े उपभोक्ताओं को सारा, बीएस और एक अन्य एजेंसी में ट्रांसफर किया है। जिससे फिनिक्स से जुड़े करीब 25 हजार उपभोक्ताओं को अब इन एजेंसियों से सिलेंडर दिए जाएंगे।

खाद्य विभाग में सहायक आपूर्ति रहे शर्मा की गैस एजेंसी पर 15 अप्रैल को दो सौ से अधिक उपभोक्ताओं ने हंगामा कर दिया था। जिसके बाद खाद्य विभाग की टीम को करीब 40 उपभोक्ता ऐसे मिले, जिन्हें डिलीवर्ड मैसेज के बाद भी सिलेंडर नहीं दिए गए थे। जिससे पता चला कि एजेंसी संचालक ने इन सिलेंडरों को बाजार में अधिक दामों में बेचा है।

स्टॉक देखने पर दो हजार पांच किलो वाले छोटे सिलेंडर गायब मिले थे, जबकि 350 घरेलू और 350 कामर्शियल सिलेंडर भी स्टॉक में नहीं मिले। जिसके आधार पर बीते दिनों खाद्य विभाग ने एचपी गैस कंपनी के सेल्स ऑफीसर पुष्पेंद्र सोढा, फिनिक्स गैस एजेंसी मैनेजर गौरव शिल्पकार और एजेंसी संचालक बीपी शर्मा को नोटिस दिए गए हैं। एचपी कंपनी के सेल्स ऑफीसर पुष्पेंद्र सोढा का कहना है कि एजेंसी से जुड़े उपभोक्ताओं को तीन एजेंसियों में ट्रांसफर किया गया है।

*40 उपभोक्ताओं को डिलीवर्ड मैसेज के बाद भी सिलेंडर नहीं दिए गए थे*

*स्टॉक में दो हजार पांच किलो वाले छोटे सिलेंडर गायब मिले थे*

**बीएस, सारा और अन्य एचपी कंपनी में उपभोक्ताओं को बांटा गया**



फाइल फोटो

एचपी कंपनी ने फिनिक्स एजेंसी को सस्पेंड करने के साथ एजेंसी संचालक शर्मा के रितेदार की एजेंसी बीएस एचपी में उपभोक्ताओं को अटैच किया है। इस एजेंसी में भी जांच में गड़बड़ी मिली थी। इसके साथ सारा और एक अन्य एचपी कंपनी में भी उपभोक्ताओं को बांटा गया है।

**684 सिलेंडरों का नहीं मिला ऑनलाइन रिकॉर्ड**

दो ट्रक गैस सिलेंडरों का ऑनलाइन रिकार्ड नहीं देने पर एचपी कंपनी ने एजेंसी को दिया जाने वाला स्टॉक रोक दिया था। जांच में पता चला है कि एजेंसी संचालक ने इन सिलेंडरों में गड़बड़ी करते हुए सिलेंडरों को बाजार में अधिक दामों में बेचा गया है।

### सुरक्षा जांचः पांच हजार उपभोक्ताओं से दस लाख रुपए वसूले

सिलेंडरों की किल्लत का फायदा उठाते हुए एजेंसी संचालक ने बिना सुरक्षा जांच रसीद के किसी को भी सिलेंडर की डिलीवरी नहीं दी। जिसके तहत करीब पांच हजार उपभोक्ताओं की रसीद बिना सुरक्षा जांच के काट दी गई, जिससे उपभोक्ताओं से करीब 10 लाख रुपए की राशि वसूल की गई है।

### यह गड़बड़ियां भी आईं सामने

- 4 अप्रैल को निकला ट्रक 310 सिलेंडर लेकर गोदाम पर 6 अप्रैल को पहुंचा
- होम डिलीवरी के 9 वाहन अटैच, पांच के दस्तावेज मिले
- पांच किलो वाले दो हजार सिलेंडर गायब
- होम डिलीवरी की उपभोक्ताओं को दी जाने वाली रिफंड राशि हड़पी
- सुरक्षा जांच के नाम पर उपभोक्ताओं से करीब दस लाख रुपए वसूले

## प्रतिबंधित गोगो, स्मोकिंग कोण बेचने वाले पर एफआईआर

**भोपाल।** रातीबड़ पुलिस ने नीलबड़ चौराहा पर पान की गुमठी पर दबिश देकर 41 नग गोगो, स्मोकिंग कोण के पैकेट जब्त किए है। दुकानदार बड़ी मात्रा में दुकान में गोगो, स्मोकिंग कोण रखे हुए था। पुलिस ने पान की गुमठी संचालक पर 223 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रतिबंधित गोगो स्मोकिंग कोन, रोलिंग पेपर, परफेक्ट रोल, बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि नीलबड़ चौराहा पान की गुमठी में संचालक प्रतिबंधित गोगो स्मोकिंग कोण बेच रहा है। पुलिस की टीम तत्काल नीलबड़ चौराहा पहुंची और पान की गुमठी को चेक किया गया। इस दौरान गुमठी में 41 नग गोगो और स्मोकिंग कोण मिले। आरोपी की पहचान रवि सिंगरौले के रूप में की गई। थाना प्रभारी रास बिहारी शर्मा ने कहा कि चेकिंग अभियान लगातार चलाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पान की गुमठी, किराना दुकान सहित जनरल स्टोर्स में गोगो, स्मोकिंग कोण सहित रोलिंग पेपर आसानी से मिल जाता है। आसानी से गोगो, स्मोकिंग कोण सहित रोलिंग पेपर मिलने के कारण युवा गांजा, चरस, अफीम जैसे सूखे नसे का सेवन कर रहे हैं।

**शनिवार से शुरु हुई थी पांच एकड़ से बड़े किसानों की स्लॉट बुकिंग**

# बड़े किसानों से गेहूं खरीदी की स्लॉट बुकिंग में 'खामी' री-वेरिफिकेशन के मैसेज के बाद हो रहा सर्वर डाउन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तीन दिन पहले पांच एकड़ से बड़े किसानों की स्लॉट बुकिंग व्यवस्था तीसरे दिन ही चरमरा गई। मंगलवार को जब पहले से पंजीयन वाले किसानों ने गेहूं बेचने के लिए खरीदी केंद्र पर स्लॉट बुकिंग करने की कोशिश की, तो री-वेरिफिकेशन का मैसेज आने के बाद सर्वर डाउन हो गया। जिसकी वजह से किसानों को एमपी ऑनलाइन के कियोस्क सेंटरों पर घंटों इंतजार करना पड़ा। बावजूद इसके किसानों के स्लॉट बुक नहीं हो पाए। अब किसानों के पास 9 मई तक स्लॉट बुकिंग का समय है। जिन किसानों की स्लॉट बुकिंग हो जाएगी, वह 30 मई तक खरीदी केंद्रों पर गेहूं बेच सकेंगे।

इस बार किसानों से गेहूं खरीदने को लेकर किसान शुरु से ही परेशान हैं। शुरुआत में गेहूं खरीदी देरी से शुरु की गई, जिसके तहत 9 अप्रैल से केंद्रों पर तुलाई हुई। शुरुआत में ही सरकार ने पांच एकड़ से बड़े किसानों की गेहूं खरीदी पर रोक लगा रखी थी, जिसकी वजह से बड़े किसानों के स्लॉट बुक नहीं हो रहे थे। शनिवार से रोक हटने के बाद प्रदेश भर में किसानों ने स्लॉट बुकिंग शुरु की, लेकिन मंगलवार को सर्वर में एरर आने की वजह से स्लॉट बुकिंग ही नहीं हो पाई। आईएएस अपर कलेक्टर सुमित पांडे का कहना है कि दिन के समय में स्लॉट बुकिंग के सर्वर में दिक्कत आई थी, हालांकि शाम से बुकिंग शुरु हो गई है।

किसानों को एमपी ऑनलाइन के कियोस्क सेंटरों पर घंटों इंतजार करना पड़ा

अब मध्य प्रदेश के किसानों के पास 9 मई तक स्लॉट बुकिंग का समय

**किसानों को 99 करोड़ रुपए का भुगतान पेंडिंग**



खरीदी केंद्र पर गेहूं की जांच करते अधिकारी।

जिले में 9 अप्रैल से शुरु हुई गेहूं खरीदी में सरकारी गेहूं खरीदी केंद्रों पर अब तक करीब 220 करोड़ रुपए का गेहूं खरीदा गया है, जिसमें से 119 करोड़ रुपए की राशि किसानों के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी गई है। जबकि 99 करोड़ रुपए का भुगतान अब तक पेंडिंग है। खाद्य विभाग के अफसरों का तर्क है कि किसानों को एक हफ्ते के अंदर गेहूं खरीदी की राशि दी जा रही है। जिन किसानों का भुगतान पेंडिंग है, उसे जल्द ही जारी कर दिया जाएगा।

### *खरीदी पिछड़ी, अब तक 83 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदा*

इस बार भोपाल जिले को 3 लाख 58 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदी का टार्गेट दिया गया है। जबकि 28 अप्रैल तक जिले में करीब 83 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदी की गई है। यह गेहूं 16 हजार 771 किसानों से खरीदा गया है। अब बड़े किसानों से खरीदी शुरु होने पर यह आंकड़ा बढ़ जाएगा।

### खरीदी केंद्रों पर बिल नहीं हुए जनरेट

जिले के 92 गेहूं खरीदी केंद्रों पर सुबह से ही स्लॉट बुकिंग वाले किसानों की गेहूं खरीदी शुरु कर दी गई थी, लेकिन इन किसानों का गेहूं तो खरीद लिया गया, लेकिन उनके बिल जनरेट नहीं हो पाए। ऐसे में इन किसानों को सादा पर्ची पर तुलाई का ब्यौरा लिखकर दिया गया है। अफसरों का कहना है कि पोर्टल शुरु होते ही इनके बिल जनरेट कर दिए जाएंगे।

**कलेक्टर मिश्रा ने किया जेपी अस्पताल का निरीक्षण**

## मरीजों का नियमित होगा फॉलोअप इलाज, ड्रेस कोड में आएंगे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मरीजों से बातचीत करते कलेक्टर।

मंगलवार शाम जेपी अस्पताल में उस समय अधिकारियों और डॉक्टरों में हड़कंप मच गया, जब बिना सूचना दिए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा जेपी अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेडिकल वार्ड, पीडियाट्रिक आईसीयू, आईसीटीसी केंद्र,ओपीडी, महिला रोग इकाई सहित शौचालयों एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

भर्ती मरीजों से बातचीत कर उपचार की गुणवत्ता का फीडबैक लिया और वरिष्ठ चिकित्सकों को निर्देश दिए कि प्रत्येक मरीज के उपचार का नियमित फॉलोअप कर केस शीट में समुचित रिकॉर्ड दर्ज किया जाए। कलेक्टर ने वाश बेसिन में गुटखा-पान की पीक एवं शौचालयों की खराब स्थिति पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि अस्पताल का स्टाफ आईडी कार्ड एवं निर्धारित ड्रेस कोड में कार्य करें। सिविल सर्जन डॉ. संजय जैन ने बताया कि आउटसोर्स कर्मचारियों को छोड़कर शेष स्टाफ को आईडी कार्ड उपलब्ध करा दिए गए हैं। कलेक्टर ने अस्पताल के नवीन भवन का निरीक्षण कर नाले को कवर करने प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

### स्टाफ को दिया जाए हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण

स्ट्रेचर पर गंदी चादर पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि लिनन की धुलाई करने वाली लॉन्ड्री एवं बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन से जुड़ी एजेंसी के अधिकारी नियमित रूप से स्वयं निरीक्षण करें। साथ ही अस्पताल में स्थापित फायर एक्सटिंगुइशर के उपयोग के लिए स्टाफ को समय-समय पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने अतिरिक्त वाहन स्क्रैपिंग पॉलिसी के अंतर्गत परिसर में खड़ी पुरानी एवं अनुपयोगी गाड़ियों के शीघ्र निस्तारण के लिए कहा। तेज गर्मी को देखते हुए उन्होंने वेटिंग एरिया में कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए नियमित रूप से एम्प्लाइज फीडबैक फॉर्म भरवाने के निर्देश भी दिए।

**अभी करीब 200-300 मीटर का अतिरिक्त चक्कर काटना पड़ता है**

## यात्रियों के लिए जल्द खुलेगा स्कायवॉक आरकेएमपी से सीधे मेट्रो स्टेशन पहुंच सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के आरकेएमपी मेट्रो स्टेशन पर जल्द ही यात्रियों के लिए स्कायवाक यानि एक भवन से दूसरे भवन को जोड़ने वाला रास्ता खुल जाएगा। इस सुविधा के शुरू होने से आरकेएमपी रेलवे स्टेशन से सीधे मेट्रो स्टेशन तक पहुंच सकेंगे।

मेट्रो प्रशासन का मानना है कि रेलवे स्टेशन से सुभाष नगर तक मेट्रो से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या भी बढ़ेगी। इसका निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। अब अंतिम चरण का काम चल रहा है। इसके निर्माण में कुछ कमियां रह गई थीं, जिन्हें दूर किया जा रहा है।

**मेट्रो प्रशासन करवा रहा है अंतिम चरण का काम**



स्कायवाक के शुरू होने से यात्रियों को यातायात के बीच आवाजाही नहीं करना पडेगी और वे सीधे मेट्रो स्टेशन पहुंच जाएंगे। मेट्रो के संचालन के बाद इसका निर्माण शुरू हुआ था,लेकिन कुछ दिनों तक निर्माण कार्य बंद रहा। इसके कारण यह समय पर तैयार नहीं हो पाया। इसकी लंबाई करीब 70 मीटर है। मेट्रो प्रशासन का तर्क है कि स्कायवॉक के निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। जल्द ही यह यात्रियों के लिए खोला जाएगा।

### मेट्रो प्रशासन की उम्मीद, मिलेंगे यात्री

आरकेएमपी रेलवे स्टेशन पर रोजाना करीब 50 हजार यात्री उतरते हैं। इनमें से बड़ी संख्या में ऐसे यात्री भी होते हैं, जिन्हें एम्स या सुभाष नगर की ओर जाना होता है। इन यात्रियों को मेट्रो स्टेशन तक पहुंचने के लिए रेलवे स्टेशन की मुख्य बिल्डिंग से बाहर निकलकर करीब 200-300 मीटर का अतिरिक्त चक्कर काटना पड़ता है। स्कायवॉक शुरू होने से यात्री बिना रोड पर आए सीधे मेट्रो स्टेशन तक पहुंच सकेंगे।

### भोपाल स्टेशन पर स्ट्रीट डॉग को लेकर निगम आयुक्त को लिखा पत्र



**भोपाल।** भोपाल रेलवे स्टेशन पर घूम रहे स्ट्रीट डॉग को लेकर रेलवे प्रशासन ने निगम आयुक्त को पत्र लिखा है। जिसमें कहा गया है कि स्टेशन बडी संख्या में स्ट्रीट डॉग घूम रहे हैं। यह यात्रियों पर लपक रहे हैं और बच्चों-महिलाओं के लिए खतरा हैं। एक अन्य पत्र में रेल ट्रेक पर फेंके जा रहे कचरे की रोकथाम करने की बात कही गई है। रेलवे प्रशासन की ओर से कहा गया है कि स्टेशन पर मौजूद स्ट्रीट डॉग आक्रमक हो रहे हैं। इससे यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है।

**एक्सरे के लिए लगी कतार में चोटिल मरीजों को भी घंटों खड़ा रहना पड़ रहा**

## भोपाल से 15 हजार भक्त जाएंगे, अमरनाथ यात्रा के लिए 4 डॉक्टर ही बना रहे सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अमरनाथ यात्रा के लिए मेडिकल सर्टिफिकेट अनिवार्य होने के कारण बड़ी संख्या में यात्री जेपी अस्पताल पहुंच रहे हैं। भोपाल और आसपास के करीब 15 हजार यात्रियों के इस साल यात्रा पर जाने का अनुमान है। अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले सभी को चेस्ट एक्सरे करवाना जरूरी है, जिसके चलते अस्पताल में अतिरिक्त दबाव बन गया है।

सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि एक्सरे के लिए लगी कतार में फ्रैक्चर और चोटिल मरीजों को भी घंटों खड़ा रहना पड़ रहा है। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा भोपाल में चार डॉक्टर डॉ. उपेंद्र मिश्रा, डॉ. श्याम चौरसिया, डॉ. रणजीत सिंह और डॉ. संजीव लोधी को ही मेडिकल सर्टिफिकेट जारी करने के लिए अधिकृत किया गया है। इसके अलावा अन्य डॉक्टर सर्टिफिकेट नहीं बना सकते। सर्टिफिकेट नौ अप्रैल के बाद का होना अनिवार्य है। इस वर्ष अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त (रक्षाबंधन) तक चलेगी। कुल 57 दिनों की इस यात्रा के लिए पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू हो चुके है। 13 से 70 वर्ष तक के यात्री ही इसमें शामिल हो सकते हैं, जबकि छह सप्ताह से अधिक गर्भवती महिलाओं को अनुमति नहीं है।



### ओपीडी टायल में बनाएं जा रहे सर्टिफिकेट

जेपी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संजय जैन ने बताया कि मरीजों और यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अस्पताल में सभी एक्सरे मशीनों को चालू कर दिया गया है। सुबह नौ से दोपहर दो बजे तक और शाम पांच से छह बजे तक ओपीडी समय में यात्रियों के मेडिकल सर्टिफिकेट बनाएं जा है।

### वार्ड 42 में संकरी गलियों में 16 लाख से बनेगी सीसी रोड



**भोपाल।** पुराने शहर के वार्ड-42 में आने वाले संकरे इलाकों में 16 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़कें व नाली का निर्माण होगा। उक्त निर्माण कार्यों का भूमिपूजन मंगलवार को महापौर मालती राय ने किया। उक्त राशि से चिकलोद रोड, राज सिनेमा के पीछे तथा पठान टी स्टॉल वाली गली, नद्दाफपुरा, आमवाली मस्जिद, यूनानी शफाखाना, बड़वाली मस्जिद आदि क्षेत्रों में सड़कों का सीमेंट कांक्रीटीकरण एवं नाली निर्माण कराया जाएगा। भूमिपूजन के अवसर पर पार्षद अजीजउद्दीन के अलावा स्थानीय रहवासी मौजूद थे।

**अब नहीं दिखेगा कचरे का पहाड़, एक मशीन से एक घंटे में 250 टन लेगेसी वेस्ट को इनर्ट वेस्ट आरडीएफ में बदला जा रहा**

# अब आदमपुर खंती में 10 लाख मीट्रिक टन लेगेसी वेस्ट खत्म करने मशीनें उतारीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आदमपुर खंती में अब कचरे का पहाड़ नजर नहीं आएगा। यहां से 10 लाख मीट्रिक टन लेगेसी वेस्ट को खत्म करने के लिए मशीनें उतारी गई हैं। इस काम के लिए सौराष्ट्र कंपनी ने मशीनें लगाना शुरू कर दी हैं।

एक मशीन से एक घंटे में 250 टन लेगेसी वेस्ट को इनर्ट वेस्ट, आरडीएफ में बदला जा रहा है। जानकारी के अनुसार 12 अक्टूबर साल 2021 में नगर निगम और नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन के बीच अनुबंध हुआ था। इसके तहत दो साल में प्लांट बनकर तैयार होना था, लेकिन इसे तैयार होने में पांच साल लग गए। इस प्लांट का निगम कमिश्नर ने कई बार दौरा किया और एनटीपीसी के अधिकारियों से लगातार चर्चा की।

अब इस प्लांट ने काम करना शुरू कर दिया है। निगम के वाहनों से प्लांट में सूखा कचरा पहुंचना शुरू हो गया है। यह कचरा शहर के अलग-अलग इलाकों के ट्रांसफर स्टेशनों से सीधे पहुंच रहा है।

**15 एकड़ में 220 करोड़ रुपए की लागत से बना है प्लांट**



फाइल फोटो

आदमपुर छावनी में एनटीपीसी का प्लांट 15 एकड़ में लगाया गया है। यह पीपीपी मोड पर स्थापित किया गया है। प्लांट के लिए निगम ने सिर्फ जगह उपलब्ध करवाई है। जबकि प्लांट बनाने का खर्च कंपनी ने उठाया है। यह पूरा प्रोजेक्ट लगभग 220 करोड़ रुपए का है।

**सूखे कचरे के प्रोसेस का खर्च बचेगा लेगेसी वेस्ट नहीं हो पाएगा तैयार**

प्लांट के संचालन से निगम को सूखे कचरे के निष्पादन पर होने वाले खर्च की बचत होगी। वहीं नया लेगसी वेस्ट भी तैयार नहीं हो पाएगा। बनारस के बाद शहर में देश का दूसरा ऐसा शहर है, जिसने टोरिफाइड चारकोल प्लांट के लिए अनुबंध किया है। यह प्रोजेक्ट मध्यप्रदेश में अपने किस्म का पहला प्रोजेक्ट है।

### 33 एकड़ एरिया खाली करके देगी कंपनी

आदमपुर खंती में 10 लाख मैट्रिक टन लेगेसी वेस्ट को खत्म करने का काम निगम ने सौराष्ट्र कंपनी को दिया है। करीब 55 करोड़ रूपए में कंपनी को करीब 33 एकड़ एरिया खाली करके देना होगा। इसके लिए कंपनी ने अपनी पहली मशीन स्थापित कर दी है। एक घंटे में एक मशीन 250 टन लेगेसी वेस्ट को खत्म कर आरडीएफ, इनर्ट वेस्ट और दूसरे उपयोगी वेस्ट में बदल देगी।

## *गोविंदपुरा टैक्सटाइल रिसाइकल प्लांट में आग से निगम को 20 लाख रुपए का नुकसान*

रविवार-सोमवार की रात गोविंदपुरा अन्ना नगर स्थित निगम के गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन परिसर में टैक्सटाइल रिसाइकल प्लांट में आग लगने से निगम को 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। परिसर में बने शेड का निर्माण निगम ने करवाया था। जिसे पीपीपी मोड पर संचालन के लिए हैरी पवानी को दिया था। निगम ने घटना की जांच के लिए मामला पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले गए हैं। परिसर में संचालित प्लांट में पुराने कपड़ों से काटन बनाने का काम होता था। इस प्लांट में एक टन क्षमता वाली मशीनें लगाई थीं। घटना को लेकर एसबीएम ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। जिसमें बीस लाख रुपए नुकसान आंका गया है। रिपोर्ट में बताया गया कि प्लांट स्थापित करने के लिए निगम ने फर्म को जगह उपलब्ध करवाई थी और बिजली कनेक्शन दिया गया, लेकिन फर्म एक महीने से बिल भी जमा नहीं कर रही थ। इसे लेकर पूर्व में नोटिस जारी किए थे। अब नुकसान की रिकवरी के लिए फर्म को नोटिस जारी किया है।

**निगम ने बनवाया था टीन शेड, रिकवरी के लिए नोटिस जारी**

**खबर संक्षेप**



## जाखला धाम मंदिर के मुख्य द्वार का भूमिपूजन

**औबेदुल्लागंज।** जाखला धाम मंदिर के मुख्य द्वार का भूमि पूजन मंगलवार को किया गया। अब शीघ्र ही सुंदर मुख्य द्वार बनकर तैयार किया जाएगा। मंदिर मार्ग का भी शीघ्र भूमि पूजन किया जाएगा। मंदिर पर होने वाले भंडारे में प्लास्टिक को दूर रखकर स्टील की थाली में भोजन खिलाने का काम किया जाएगा। जाखला धाम में भगवान हनुमानजी की प्रतिमा काफी प्राचीन मानी जाती है और यहां लोगों की मनोकामना पूर्ण होती है। कार्यक्रम के दौरान कई श्रद्धालुओं ने लाखों रुपए की राशि का सहयोग तत्काल प्रदान करते हुए भविष्य में भी सहयोग जारी रखने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जयप्रकाश शर्मा, नरेंद्र शर्मा, रजनीश नागर, जमुना राजपूत, दशरथ राजपूत, भारत निहाल, माखन परमार साहित कई लोग उपस्थित रहे।

## नमिता ने महिलाओं के साथ की माता की पूजा



**औबेदुल्लागंज।** नपा उपाध्यक्ष नमिता बागिश अग्रवाल ने महिलाओं के साथ माता रानी की पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में अंजना अग्रवाल, शोभा अग्रवाल, रवीता अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, लक्ष्मी सिंगल सविता अग्रवाल, नमिता अग्रवाल तथा नगर परिषद उपाध्यक्ष एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी उपस्थित रहीं। सभी ने पूजा करते हुए माता रानी से प्रार्थना की कि देश प्रदेश में सुख समृद्धि एवं भाईचारा हो एवं महिलाओं को शीघ्र ही आरक्षण प्राप्त हो।


## पार्षदों ने की सीएमओ के कार्यों की प्रशंसा

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद कार्यालय में कर्मचारियों की लापरवाही से जनता परेशान हैं।



नवागत सीएमओ किरण राहंगडाले ने कसावट करने का प्रयास निरंतर किया है। इसी क्रम में नशे की हालत में कर्मचारी संजय वाजपेयी ने गत दिनों कार्यालय मे आकर महिला कर्मचारियों से अभद्रता की। घटना की जानकारी होते ही सीएमओ ने संजय वाजपेई, मोहर्रिर को निलंबित किया। अब नगर परिषद के 8 पार्षदों एवं लोगों ने सीएमओ की प्रशंसा करते हुए कहा कि नगर में विकास हो एवं साप्ताहिक बाजार की अच्छी व्यवस्था बने, लेकिन नगर परिषद के अध्यक्ष पति का सहयोग नहीं मिलने से नगर की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है।

## जयघोषों के बीच 151 तीर्थयात्री रवाना



**भोपाल।** गणेश चौक टीला रामपुरा से सनातन सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में विश्व शांति बंधुत्व एवं हिंदू राष्ट्र के संकल्प के साथ 151 श्रद्धालुओं का जत्था चार बसों द्वारा 10 दिवसीय धार्मिक यात्रा पशुपतिनाथ (नेपाल), अयोध्या, प्रयागराज सहित विभिन्न पवित्र स्थलों का भ्रमण के लिए जय श्री राम एवं हर हर महादेव के जयघोषों के साथ रवाना हुए। इस दौरान पूरा क्षेत्र केसरिया धर्ममय वातावरण में रंग गया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 1726 | | |
| दिनः | 469 | 98 | 224 |
| रातः | 566 | 76 | 358 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 348 | 50 | 677 |
| रातः | 447 | 59 | 126 |

### पिपलानी में बाइक सवार झपटमारों ने की भरत नगर और लेबर कॉलोनी में दो वारदात

# राजधानी में बढ़ी झपटमारी की वारदात... आईटी इंजीनियर का मोबाइल झपटकर भागे बाइक सवार बदमाश, जांच में जुटी पुलिस

*लगातार हो रही झपटमार की वारदात से लोगों में डर का माहौल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में बाइक सवार झपटमारी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रहीं हैं। वहीं पुलिस भी शातिर बदमाशों को पकड़ने में नकाम रही है, जिससे बदशामों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। बदमाश शहर में महिला, पुरुष और युवा-युवतियों को सरलता से अपना शिकार बना रहे हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

ताजा मामला पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित भरत नगर और लेबर कॉलोनी का है। बाइक सवार झपटमारों ने झपटमारी की दो वारदात



को अंजाम देते हुए आईटी इंजीनियर का मोबाइल झपट लिया। घटना मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे की है। इससे एक दिन पहले सोमवार रात साढ़े 8 बजे बदमाशों ने झपटमारी की वारदात की और लेबर कॉलोनी चौराहा पर स्कूटर सवार युवक का मोबाइल झपटकर ले गए। पुलिस ने दोनों ही प्रकरणों में झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल और इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस के अनुसार शशांक शर्मा (29) नैनागिरी पिपलानी में रहते हैं। वह आईटी इंजीनियर है। किसी काम से जेके रोड आए थे। महिंद्रा शोरूम के पास परिचित से मोबाइल पर बातचीत करते हुए पैदल-पैदल जा रहे थे। विशाल फिटनेस के पास पहुंचते ही सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे बाइक से आए दो बदमाशों में पीछे बैठे बदमाश ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया। वह कुछ समझ पाते इससे पहले ही बदमाश तेजी से बाइक चलाते हुए भाग निकले। शशांक ने घटना की शिकायत तत्काल पिपलानी थाने पहुंचकर की। उन्होंने पुलिस को बताया झपटे हुए मोबाइल की कीमत तीस हजार रुपए है।

### *एक दिन पहले भी रात साढ़े आठ बजे हुई झपटमारी की वारदात*

*सुनील साहू (29) मूलतः बैतूल के रहने वाले हैं और प्राइवेट काम करते हैं। यहां एमआईजी अवधपुरी में रहते हैं। रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह पिपलानी से अपने घर बजाज चेतक स्कूटर से जा रहे थे। इस दौरान परिचित का कॉल आया और मोबाइल पर बात करते हुए जाने लगे। लेबर कॉलोनी चौराहा पर पहुंचते ही पीछे आए बाइक सवारों ने उनकी स्कूटर के बगल में अपनी बाइक लगाई और पीछे बैठे बदमाश ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया। वे कुछ समझ पाते इससे पहले ही बदमाश तेजी से बाइक चलाते हुए भाग निकले। सुनील ने उनका पीछा भी किया, लेकिन उनकी बाइक की रफ्तार अधिक होने के कारण सुनील उन्हें पकड़ नहीं सका। सुनील के झपटे गए मोबाइल की कीमत तीस हजार रुपए है।*

### *जालसाजों ने मक्का बेचने का झांसा देकर अनाज व्यापारी से की 9 लाख रुपए की ठगी*

*कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित लालघाटी में रहने वाले अनाज व्यापारी के नासिक के चार जालसाजों ने 8 लाख 94 हजार 272 रुपए की चपत लगा दी। आरोपियों ने अच्छी क्वालिटी की मक्का कम दाम में बेचने की बात कही। व्यापारी ने अपने परिचित को नासिक भेज दिया। जालसाजों ने उसे किसी और का मक्का दिखा दिया। मक्का देखने के बाद परिचित ने व्यापारी को मक्का की क्वालिटी के बारे में बताया और व्यापारी ने जालसाजों को 8 लाख 94 हजार 272 रुपए ट्रांसफर कर दिए। पैसा हाथ लगते ही जालसाज फरार हो गए और अपना मोबाइल भी बंद कर लिया। पुलिस ने उक्त मामले में एक महिला सहित चार जालसाजों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार विट्ठल नगर लालघाटी निवासी संजय शर्मा (46) अनाज व्यापारी हैं। साथ ही उनकी गुफा मंदिर के पास स्टेशनरी की भी दुकान है। दुकान का संचालन उनकी पत्नी करती हैं। एसआई संजीव धाकड़ ने बताया कि फरियादी संजय शर्मा की भेजी रकम नासिक में तानवी फूड्स की प्रोपराइटर के खाते में ट्रांसफर हुई है। तानवी फूड्स में अचार-पापड़ आदि बनाने का काम होता है। पुलिस ने उक्त महिला को भी आरोपी बनाया है। इसके अलावा मुंबई में रहने वाले देवदास को भी पूछताछ के लिए भोपाल बुलाया गया है।*

### परवलिया सड़क के दौलतपुरा ठिकरिया गांव की घटना

# तालाब में फिसलकर गिरा किशोर, बचाने पहुंची बहन भी पानी अधिक होने पर डूबी, दोनों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित दौलतपुरा ठिकरिया गांव में मंगलवार सुबह एक किशोर तालाब के पास कीचड़ में फिसलकर पानी में गिर गया। कुछ दूरी पर मौजूद उसकी बहन ने जान दांव पर लगाकर उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन गहरा पानी होने के कारण वह भी डूब गई। परिजन ने किसी तरह दोनों को बाहर निकाला, लेकिन किशोर की मौत हो चुकी थी। सांसे चलने के कारण किशोरी को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिए है।

पुलिस के अनुसार शर्मिला मीणा पति राजेश मीणा मूलतः विदिशा की रहने वाली है। परिवार यहां दौलतपुरा, ठिकरिया गांव में शानू भाई के बकरियों के फार्म हाउस में काम करते हैं और वहीं टपरे में रहते हैं। युवराज मीणा पिता शिशुपाल मीणा (17) कुंआखेड़ा विदिशा में रहता था। वह स्कूली छात्र था। गर्मी की छुट्टी होने के कारण वह अपनी बुआ के घर दौलतपुरा ठिकरिया सोमवार को यहां आया था। मंगलवार सुबह राजेश मीणा फार्म हाउस के पास खेत में काम कर रहे थे, जबकि उनकी पत्नी घर में काम कर रही थी। युवराज टपरे से कुछ दूरी पर बने तालाब के पास पहुंचा। वहां तालाब किनारे पड़े कीचड़ में उसका पैर फिसल गया। पैर फिसलने के कारण युवराज तालाब में गिर गया था। इसी दौरान कुछ दूरी पर खड़ी राजेश मीणा की पंद्रह साल की बेटी मालती की नजर पड़ी। उसने अपने ममेरे भाई युवराज को बचाने का प्रयास किया, लेकिन पानी अधिक होने और तैरना नहीं आने के कारण वह भी तालाब में डूब गई। पास ही बकरियां चरा रहे कुछ बच्चों ने उन्हें तालाब में डूबता देख शोर मचाया। पास ही खेत पर काम कर रहे राजेश मीणा और अन्य लोग दौड़कर तालाब पहुंचे और दोनों को बाहर निकाला गया। बाहर निकालने पर पता चला कि युवराज की मौत हो गई, जबकि सांसे चलने के कारण मालती को परिजन अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

स्कूल में गर्मी की छुट्टी होने के कारण कुंआखेड़ा विदिशा से बुआ के घर आया था मृतक

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया



#### इकलौता था युवराज

युवराज की मां काफी समय पहले पिता को छोड़कर कहीं चली गई। युवराज तीन बहनों में इकलौता भाई था। सुबह करीब 11 से 12 बजे के बीच हुई घटना की जानकारी युवराज के पिता शिशुपाल मीणा को दी गई। वह विदिशा से भोपाल आए। बेटे की लाश देखकर वह बेसुध हो गए। वह कहने लगे कि पत्नी के जाने के बाद उन्होंने चारों बच्चों की मुश्किल से परवरिश की थी। युवराज उनका इकलौता बेटा था।

#### दोनों शव लेकर विदिशा रवाना हुए परिजन

पुलिस की टीम हमीदिया अस्पताल पहुंची मर्ग जांच के दौरान सीएल चौधरी ने बताया कि परिजन बच्चों के शव विदिशा स्थित अपने गांव ले जाने थे। लिहाजा शव का पीएम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया गया। समय की कमी होने के कारण परिजन के विस्तृत बयान नहीं हो सके हैं।

### बैरसिया से रामपुड़िया थाना ब्यावरा जाते समय हुआ हादसा

## दूध के टैंकर ने बाइक को मारी टक्कर जीजा की मौत, साला और साथी घायल

*बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित ग्राम इमलिया स्वरूप के पास मेन रोड पर तेज रफ्तार दूध के टैंकर ने बाइक सवार जीजा-साले और उनके मित्र को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें बैरसिया के शासकीय अस्पताल ले जाया गया, वहां जीजा को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि साले और उनके साथी को इलाज के लिए भर्ती किया गया है। पुलिस के अनुसार ग्राम गनेशपुर थाना कालापीपल जिला शाजापुर निवासी शिवनारायण विश्वकर्मा (55) प्राइवेट काम करते थे। विगत 27 अप्रैल की शाम करीब सवा 6 बजे वह अपने साले रामेश्वर विश्वकर्मा (30) निवासी ग्राम रामपुड़िया थाना ब्यावरा जिला राजगढ़, के साथ उसकी बाइक से बैरसिया से ग्राम रामपुड़िया जा रहे थे। गाड़ी रामेश्वर चला रहे थे, जबकि उनका मित्र दिलीप लववंशी भी पीछे बैठा था। इस बीच वाह नदी के आगे मोड़ पर ग्राम इमलिया स्वरूप के पहले मेन रोड पर नरसिंहगढ़ की ओर से आ रहे दूध टैंकर के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मोटरसाइकिल सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से शासकीय अस्पताल बैरसिया रवाना किया गया। वहां चेक करने के बाद डॉक्टर ने शिवनारायण विश्वकर्मा को मृत घोषित कर दिया। घायल रामेश्वर विश्वकर्मा और दिलीप लववंशी का इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि हादसे के बाद आरोपी चालक टैंकर लेकर फरार हो गया था, लेकिन घायलों ने उसका नंबर देख लिया था। नंबर के आधार आरोपी चालक और टैंकर की तलाश की जा रही है।*


### बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित हरिपुरा गांव में हुआ हादसा

# बस रिवर्स करते समय पिछले पहिए के नीचे आया बाराती, मौत

*बारातियों ने किया जमकर हंगामा, ड्राइवर बस छोड़कर मौके से भागा*

*पुलिस ने मर्ग कायम कर बस ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित गांव हरिपुरा में बस के पिछले पहिये में दबने से बाराती की मौत हो गई। घटना रविवार-सोमवार की रात करीब ढाई बजे के आसपास की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने बस बरामद कर ली है। हादसे के बाद बस का ड्राइवर मौके से भाग निकला। पुलिस बस ड्राइवर की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार अतीक खान पिता मोहब्बत खान (28) गांव बर्रई, कटारा हिल्स में रहता था और मजदूरी करता था। रातीबड़ में उसके रिश्तेदार रहते हैं। रिश्तेदारी में रविवार को शादी थी और बारात रातीबड़ से गांव हरिपुरा, बिलखिरिया आई थी। रविवार सोमवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे गांव में ड्राइवर बस रिवर्स कर रहा था। इसी दौरान बारात में आया अतीक बस के पीछे खड़ा था और रिवर्स करते समय बस से टकराकर गिर गया। बस ड्राइवर कुछ समझ पाता इससे पहले ही बस का पिछला पहिया अतीक के सिर से होता हुआ गुजर गया। सिर फटने की आवाज आई तब जाकर ड्राइवर को एहसास हुआ कि कोई बस के नीचे आ गया है। वह नीचे उतरा तो अतीक बस के नीचे पड़ा हुआ था। ड्राइवर को लगा कि बाराती उससे मारपीट करेंगे और वह मौके से भाग निकला। इधर, बारातियों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसी बीच डायल 112 मौके पर पहुंची और अतीक को उठाकर हमीदिया अस्पताल ले गई। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर अतीक को मृत घोषित कर दिया।

### कार्यकर्ताओं ने हजारों भक्तों को बांटा प्रसाद

## मंडीदीप के श्रीराम भक्तों ने छींद धाम में कराया भंडारे का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मंगलवार को छींद धाम में मंडीदीप भोपाल के सामाजिक कार्यकर्ता और श्री राम भक्त के द्वारा रामायण पाठ का आयोजन किया गया एवं भंडारे का आयोजन किया गया। छिंद धाम में हजारों भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया, उसी क्रम में मंडीदीप समेत भोपाल के मित्र मंडली ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया एवं भोजन प्रसादी वितरित किया। मुख्य रूप से गोविंद सिंह पटेल,



बृजेन्द्र सिंह राजपूत, वीरेंद्र पटेल, धीरेन्द्र राजपूत, अंशुल गौर, आदित्य सिंह राजपूत, सुयश राजपूत, सौरव ठाकुर, समेत कई राम भक्त मौजूद रहे।

## विधायक पटवा ने विधानसभा अध्यक्ष तोमर और सदस्यों का आभार व्यक्त किया

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा सरकार द्वारा विधानसभा के विशेष एक दिवसीय सत्र में नारी सम्मान और महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक ऐतिहासिक संकल्प पारित किया गया। यह संकल्प देश की संसद एवं सभी विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने तथा परिसीमन के उपरांत इसे शीघ्र लागू कराने की दिशा में एक सशक्त पहल है।



इस महत्वपूर्ण संकल्प के पारित होने पर विधायक सुरेंद्र पटवा ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एवं सदन के सभी सदस्यों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। पटवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार मातृशक्ति को उनके अधिकार दिलाने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे दृढ़ संकल्प और सामूहिक प्रयासों से देश की बहनों को 33 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार अवश्य प्राप्त होगा।

### रुपए लेने के बाद भी नहीं भेजे पार्ट्स

## साइबर ठग ने प्रेशर मशीन के पार्ट्स के नाम पर 98 हजार ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित ओंकारा सेवनिया में साइबर जालसाज ने 98 हजार रुपए का चूना लगा दिया। फरियादी ने प्रेशर मशीन के पार्टस बेचने का काम करता है और उसने इंटरनेट पर ईमेल आईडी सर्च पार्टस मंगाने का ऑर्डर दिया था।

आरोपी जालसाज ने अलग-अलग बार में फरियादी से यूपीआई के माध्यम से रकम अपने खाते में ट्रांसफर करा ली और पार्ट्स भी नहीं भेजे। पुलिस ने आवेदन जांच के बाद धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम ओंकारा सेवनिया निवासी करण राय (24) प्रेशर पाइप और मशीन के पार्टस बेचने काम करते हैं। दिसंबर 2025 में उन्होंने पार्ट्स मंगाने के लिए इंटरनेट पर ईमेल आईडी सर्च की। इसके बाद किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें कॉल कर पार्ट्स बेचने की बात कही। फरियादी करण राय ने प्रेशर मशीन के पार्टस मंगाने का ऑर्डर दिया और फोन-पे से 25 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए, लेकिन जालसाज ने बहाना बनाकर फरयिादी से अलग-अलग बार में कुल 98 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए और पार्ट्स भी नहीं भेजे। फरियादी का कहना है कि आरोपी 98 हजार रुपए लेने के बाद भी और पैसा मांग रहा है। फिलहाल पुलिस की टीम आरोपी के मोबाल नंबर और रकम ट्रांसफर होने वाले बैंक खाते के आधाार पर जांच कर रही है।

## अर्जुन नगर और हिरनिया में बड़े-बड़े नेताओं के रहने के बाद भी नहीं हो रहा विकास कार्य

**औबेदुल्लागंज।** अर्जुन नगर और हिरनिया में 5 वार्ड हैं, जिसमें 8, 9, 10, 11 एवं 12 आते हैं। अर्जुन नगर के नेता वचन लोधी, आरती यादव, माखन सेन, राहुल प्रजापति, पदम चौहान, अनिल प्रजापति, रवि शंकर राय, इंग्लिश यादव, राजेंद्र गुड्डू साहू, रामेश्वर नागर, धर्मेंद्र चौरसिया, द्विज चौरसिया, रेखा कपूर, उमेश नागर, भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, आरडी सेरिया आदि इस क्षेत्र में निवासरत हैं। इतने बड़े-बड़े नेताओं का निवास होते हुए भी अर्जुन नगर और हिरानिया का विकास नहीं हुआ।

खेड़ापति माता मंदिर का तालाब गंदगी से पटा है। ओवर ब्रिज से उतरते ही शराब गांजे एवं कच्ची दारू की खुले आम बिक्री होती है। कृषि उपज मंडी में गेहूं, धान की चोरी खुलेआम ट्रालियों से हो रही है। इस क्षेत्र में कई सालों से पुलिस चौकी खोलने की मांग की जा रही है, मगर अभी तक पुलिस चौकी नहीं खुली, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद है। अर्जुन नगर और हिरानिया कि सड़के गलियां उबड़ खाबड़ है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतें होती है। नेता नपा अध्यक्ष पति भी इसी वार्ड मे निवासरत हैं और वे भी प्रतिदिन इसी मार्ग से निकलते हैं, लेकिन सड़क की खस्ताहाल को अनदेखा कर देते हैं। वहीं मंडी चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग कई सालों से जारी है, मगर आज पूरी नहीं हुई।

### मंडल एवं नगरीय क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं में बढ़ रहा असंतोष

# औबेदुल्लागंज भाजपा में घमासानः कार्यकर्ताओं में असंतोष पुराने साथी बने प्रतिद्वंद्वी, पद और सत्ता के लिए लगी होड़

### स्थानीय नेता बने चर्चा का विषय

*कार्यकर्ताओं को समझ से परे नजर आ रही राजनीति*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भाजपा मंडल औबेदुल्लागंज एवं नगरीय क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है, अथवा कार्यकर्ताओं को समझ से परे राजनीति हो रही है। औबेदुल्लागंज भाजपा के अपने-अपने क्षेत्र के नेता दशरथ गुर्जर मंडकासीया, माखन परमार नानाखेड़ी, अमर सिंह लोवंशी सलकनी, राजू विश्वकर्मा आशापुरी, रामकिशोर चौहान तामोट, विनोद चौहान करीतलाई, आनंद पांडे औबेदुल्लागंज, सत्ता संगठन के गलियारों में खो गए हैं। एक समय औबेदुल्लागंज की राजनीति में मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर एवं वरिष्ठ पार्षद दीपू परमार एक दूसरे के पूरक थे, लेकिन आज अलग-अलग नजर आ रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि दीपू परमार ने भूपेंद्र नागर का साथ बखूबी दिया है, लेकिन जब सत्ता संगठन की बागडोर परमार को मिलने का मौका आया तो नागर के मौन होने से पिछड़ते चले गए और वह पद नागर को मिल गया।

### *सुनील बाल्मीकि का नया समीकरण*

*औबेदुल्लागंज नगर परिषद अध्यक्ष पति पूर्व मंडल अध्यक्ष एक समय भाजपा के महाबली महामंत्री रहे सुनील बाल्मीकि राजनीतिक एवं व्यक्तिगत मामलों में दल की तरह खड़े रहे एवं उनकी सारी बुराइयां अपने खाते में डलवाते रहे। आज बाल्मीकि नगर परिषद के इर्द-गिर्द न होकर अपने साथी लोक निर्माण समिति के अध्यक्ष सुनील सेरिया के साथ बैठकर राजनीतिक परिदृश्य को निहार रहे हैं। भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री एवं स्थानीय राजनीति की अग्रिम पंक्ति के नेता नगरीय क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के काम करने में स्वयं को असहाय महसूस करते हैं। भाजपा में इन दोनों कार्यकर्ताओं को राजनीति समझ में नहीं आ रही है।*

### *विधायक पटवा के प्रभाव पर चर्चा*

*एक समय विधायक पटवा के बिना कोई राजनीतिक नियुक्ति नहीं होती थी। आज स्थानीय नेता अपने संबंधों के आधार पर नियुक्तियां करवा रहे हैं। भाजपा जिला महामंत्री पद पर डॉक्टर दीपेंद्र पाल मंडीदीप, शैलेंद्र गिरी जिला उपाध्यक्ष भोजपुर, बाड़ी मंडल अध्यक्ष जोधा सिंह अटवाल के पुत्र भाजपा के पेन लिस्ट में कृष्ण गोपाल पाठक, नगर परिषद उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल शामिल है। 14 अप्रैल को औबेदुल्लागंज में भाजपा पार्षद सुनील सेरिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक पटवा के चाहते मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, नगर परिषद अध्यक्ष पति के साथ भाजपा नेता जयप्रकाश शर्मा मंच साझा करते हुए नजर आए। इससे तरह-तरह की चर्चा हो रही है। इससे भाजपा की राजनीति अंदर कुछ और है और दिखती कुछ और है। इसीलिए देखो और संभल जाओ, थोड़े दिनों में नगर परिषद के चुनाव आते-आते पार्षद सुनील सेरिया, आमिर ममनून भी डामाडोल हो सकते हैं, क्योंकि दोनों नपा अध्यक्ष के दावेदार हैं।*

### ऐशबाग थाना के गीतांजलि स्कूल के पास हुआ हादसा

## बाइक फिसलने से युवक घायल डायल 112 ने पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित गीतांजलि स्कूल के पास बाइक फिसलने से एक युवक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 ने तत्काल घायल को अस्पताल पहुंचाया। उसे गंभीर चोट थी। समय रहते अस्पताल पहुंचने पर उसे इलाज मिला और उसकी जान बच गई।

पुलिस के अनुसार डायल 112 को सूचना मिली कि ओल्ड सुभाष नगर में गीतांजलि स्कूल के पास ऐशबाग में एक युवक बाइक फिसलने के कारण घायल हो गया है। सूचना मिलते ही तत्काल ऐशबाग थाने की डायल-112 मौके पर पहुंची। डायल 112 के आरक्षक संदीप कुमार



और पायलेट रियाज खान ने तत्काल आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायल को एफआरवी में लिटाया और उसे लेकर अस्पताल पहुंची। समय पर हमीदिया पहुंचने के कारण उसे इलाज मिल गया। उसे सिर हाथ पैर में गंभीर चोट थी।

# 38,901 आंगनबाड़ी भवनों में विद्युतीकरण के लिए 80 करोड़ 41 लाख रुपए मंजूर

## कैबिनेट की बैठक में विकास योजनाओं के लिए 26 हजार 800 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कैबिनेट में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के तहत मार्गों के नवीनीकरण, कार्यालयों की स्थापना और मरम्मत, आवासों के अनुरक्षण सहित भू-अर्जन के लिए मुआवजा संबंधी विभिन्न योजनाओं की सोलहवें वित्त आयोग की अवधि एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक की निरन्तरता के लिए लगभग 26 हजार 311 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही एक दर्जन से अधिक मुद्दों को भी मंजूरी दी गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। कैबिनेट में प्रदेश के सर्वांगीण विकास और जन-कल्याण के लिए 26 हजार 800 करोड़ रुपए से अधिक की महत्वपूर्ण विकास योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। ग्रामीण सिंचाई व्यवस्था के लिए लखुंदर सूक्ष्म सिंचाई परियोजना और प्रदेश की 38,901 आंगनवाड़ियों के विद्युतीकरण के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय प्रावधान किए गए हैं। चिकित्सा क्षेत्र में विस्तार के लिए भोपाल और रीवा के चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृतियां भी दी गईं, जो प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं और अधोसंरचना को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप नई ऊंचाई प्रदान करेंगी।

### खास बातें

- लोक निर्माण के कार्यों के लिए 26,311 करोड़, आंगनबाड़ी के लिए 490 करोड़ रुपए की स्वीकृति
- गांधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल में पीजी सीट वृद्धि योजना के तहत 79 करोड़ 16 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति


कैबिनेट बैठक।

### केंद्रीय सड़क अधोसंरचना के लिए भी राशि

*इसके साथ ही केन्द्रीय सड़क अधोसंरचना निधि संबंधी योजनाओं के लिए 6 हजार 925 करोड़ रुपए, एफ-टाईप से उच्च श्रेणी के शासकीय आवास एवं गैर आवासीय भवनों का अनुरक्षण का कार्य संबंधी योजना के लिए 1 हजार 680 करोड़ रुपए और भू-अर्जन के लिए मुआवजा संबंधी योजना के लिए 6 हजार 500 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए है। इसी तरह मुख्यालय कार्यालय स्थापना, मण्डल कार्यालय स्थापना, अनुरक्षण, मरम्मत-संधारण और संभागीय कार्यालय स्थापना संबंधी योजनाओं के लिए 6,180 करोड़ 57 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। भारतीय सड़क कांग्रेस को अनुदान और डिक्रीधन के भुगतान के लिए 25 करोड़ 50 लाख रुपए और मुख्य जिला मार्गों, जिला मार्ग तथा अन्य जिला मार्गों के नवीनीकरण संबंधी योजना के लिए 5 हजार करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है।*

### सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के विस्तार के लिए राशि दी

प्रदेश में गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा शिक्षा के विस्तार तथा दूरस्थ अंचलों में तृतीयक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीजी सीट वृद्धि योजना के तहत गांधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल के लिए रेडियोथैरिपी विभाग की ओपीडी, लीनियक मशीन बंकर, बोनमैरो ट्रांसप्लांट यूनिट और कैथलैब का निर्माण कार्य के लिए 14 करोड़ 8 लाख की कार्योत्तर स्वीकृति के साथ 79 करोड़ 16 लाख की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा के तहत सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के विस्तार के तहत निर्माण कार्य के लिए 164 करोड़ 49 लाख के स्थान पर 174 करोड़ 80 लाख रुपए की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### प्रदेश की समस्त विभागीय योजनाओं का बेहतर तरीके से संचालन होगा

महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत विद्युतविहीन आंगनबाड़ी भवनों में विद्युत व्यवस्था के तहत 38 हजार 901 आंगनबाड़ी भवनों में बाहय विद्युतीकरण संबंधी योजना की 16 वें वित्त आयोग की निर्धारित अवधि (वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक) की स्वीकृति एवं निरंतरता के लिए 80 करोड़ 41 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। इस अनुसार प्रदेश में संचालित कुल 97,882 आंगनबाड़ी केन्द्रों में से विद्युत व्यवस्थाविहीन 38,901 विभागीय आंगनवाड़ी भवनों में विदयुत व्यवस्था करवाई जाएगी। आंगनबाड़ी भवनों में बाहय विद्युतीकरण होने पर ट्यूबलाईट, बल्ब, पंखा, कूलर, स्मार्ट टीवी,वॉटर प्यूरीफायर इत्यादि के समुचित उपयोग होगा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की समस्त विभागीय योजनाओं का बेहतर तरीके से संचालन होगा।

---

## बच्चों का सम्मान करना संपूर्ण समाज का दायित्वः मंत्री विश्वास



**भोपाल।** नरेला विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम बिजली नगर स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में हुआ।

- मंत्री सारंग ने किया नरेला में छात्रों का सम्मान
- बड़ी संख्या में बेहतर प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थी
- शिक्षा के क्षेत्र में हो रहा लगातार सुधार

कार्यक्रम में सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनका सम्मान करना समाज की जिम्मेदारी है। मंत्री सारंग ने विद्यार्थियों से लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और समाज व देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। सारंग ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सुधार हो रहा है। इसका परिणाम है कि बड़ी संख्या में विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नरेला विधानसभा में शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाए गए है।

---

### जम्बूरी मैदान में भव्य एवं ऐतिहासिक सामाजिक-सांस्कृतिक सम्मेलन का आयोजन

# राजा हिरदेशाह लोधी शौर्य यात्रा में दिखी सामाजिक-सांस्कृतिक 'कुंभ' की झलक

**क्रांतिकारियों के सम्मान में जुटे हजारों लोग, अपने पूर्वजों के बलिदान को नमन किया**

**पूर्व सीएम उमा बोलीं, बराबरी सिर्फ कानून से नहीं, बल्कि व्यवहार में बदलाव से आएगी**

### पूर्व मुख्यमंत्री उमा बोलीं- कोई माई का लाल नहीं छीन सकता आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल के जम्बूरी मैदान में भव्य एवं ऐतिहासिक सामाजिक-सांस्कृतिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह अवसर था अंग्रेजों के विरुद्ध हुए प्रथम सशस्त्र स्वतंत्रता संग्राम 1842 बुंदेला विद्रोह के महानायक वीर राजा हिरदेशाह लोधी एवं अन्य क्रांतिकारियों की स्मृति में आयोजित शौर्य यात्रा का। कार्यक्रम में प्रदेशभर सहित विभिन्न राज्यों से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और अपने पूर्वजों के बलिदान को नमन किया।


जम्बूरी मैदान में आयोजित सम्मेलन।

वहीं आयोजन के दौरान जम्बूरी मैदान में पूर्व सीएम उमा भारती ने आरक्षण को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने शौर्य यात्रा के दौरान कहा कि देश में सामाजिक बराबरी के लिए आरक्षण जरूरी है। उमा ने कहा- कि जब तक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और चीफ जस्टिस के परिवार के लोग एक साथ सरकारी स्कूलों में नहीं पढ़ेंगे, तब तक आरक्षण कोई माई का लाल नहीं छीन सकता। उमा ने कहा कि भारतीय समाज लंबे समय तक जातिगत आधार पर बंटा रहा और आर्थिक असमानताएं गहरी रहीं। ऐसे में आरक्षण उस विषमता को कम करने का एक बड़ा प्रयास है। बराबरी सिर्फ कानून से नहीं, बल्कि व्यवहार में बदलाव से आएगी। तो वहीं आयोजक एवं लोधी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने कहा कि जैसे महाभारत में अभिमन्यु को घेरकर वीरगति दी गई थी, उसी प्रकार राजा हिरदेशाह लोधी को भी घेरकर शहीद किया गया। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करने का आह्वान किया।इस मौके पर मंत्री धर्मेंद्र लोधी, मंत्री विजय शाह, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, विधायक राजकुमार कराड़े, विधायक नीरज सिंह ठाकुर, विधायक अनुभा मुंजारे, विधायक रामसिया भारती, विधायक वीरेंद्र सिंह लंबरदार, विधायक प्रहलाद लोधी, विधायक महेंद्र नागेश, विधायक प्रेम शंकर वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### आयोजन राजनीति से परे समाज के संस्कार और एकता का प्रतीक

इस अवसर पर मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद जिस प्रकार हजारों लोग अपने पूर्वजों के सम्मान में एकत्रित हुए हैं, वह अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन राजनीति से परे समाज के संस्कार, साहस और एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि समाज को शिक्षित होने के साथ-साथ संस्कारवान बनना भी आवश्यक है, तभी राष्ट्र सशक्त बनेगा। मंत्री पटेल ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आह्वान पर देशभर में गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों को पहचान दिलाने का कार्य तेज हुआ है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुःखद है कि 1842 के अनेक बलिदानियों के वंशज आजादी के 75 वर्ष बाद भी भूमिहीन हैं। इस विषय पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।

### कम से कम एक लोधी मुख्यमंत्री होना चाहिए

पिछोर विधायक प्रीतम लोधी ने कहा कि जिस ओर जवानी



चलती है, उस ओर जमाना चलता है। मैं जब जवानी देखने निकलता हूं तो आज की जवानी ताश के पत्तों में मिलती है। शराब की दुकान में मिलती है। हम जब जवान हुआ करते थे, तब हमारे समाज के दो-दो मुख्यमंत्री हुआ करते थे। आज जीरो हैं। भारत में कम से कम एक लोधी तो मुख्यमंत्री होना चाहिए।

---

### जैव-विविधता को समृद्ध बनाने की जारी है पहल

# मुख्यमंत्री ने बालाघाट जिले के सूपखार में किया जंगली भैंसा पुनर्स्थापन योजना का शुभारंभ


जंगली भैंसा पुनर्स्थापना योजना का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में संचालित जैव विविधता संरक्षण के अगले अध्याय के रूप में आज जंगली भैंसा पुनर्स्थापना योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कान्हा टाइगर रिजर्व में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान असम से लाए गए जंगली भैंसों के पुनर्स्थापना के लिए उन्हें बालाघाट जिले के सूपखार क्षेत्र में सॉफ्ट रिलीज किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की धरती पर नए मेहमान के शुभ आगमन के लिए प्रदेशवासियों को बधाई दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि असम यात्रा के दौरान उनकी असम के मुख्यमंत्री डॉ. हेमंत विस्वा सरमा के साथ जंगली भैंसों और गैंडा के पुनर्वास को लेकर सार्थक चर्चा हुई थी।

### स्थानीय स्तर पर बढ़ेगा टूरिज्म और लोगों को मिलेंगे रोजगार के अवसर

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुभारंभ कर मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रदेश के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। लगभग 100 वर्ष के बाद प्रदेश की धरती पर जंगली भैंसा का पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना कार्य हो रहा है। यह मप्र के वन्य-जीव एवं वन पारिस्थितिक संरक्षण के लिए अद्भुत अवसर है। जंगली भैंसा के पुनर्वास से घास के मैदान के संरक्षण और इको सिस्टम को मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार विलुप्त प्रजातियां के वन्य-जीवों को मप्र में वापस लेकर आ रही है। इससे जंगल, वन्य प्राणियों से समृद्ध होगा और स्थानीय स्तर पर टूरिज्म से लोगों को रोजगार भी मिलेगा।*

### मप्र वन्य-प्राणी संरक्षण देश में एक मिसाल

डॉ. यादव ने बताया कि बालाघाट जिले के जंगल में छोड़े गए जंगली भैंसों में तीन मादा और एक नर शामिल है। सभी जंगली भैंसा युवा अवस्था में हैं और स्वस्थ हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र आज टाइगर और चीता स्टेट है, मध्यप्रदेश में मगरमच्छ, घड़ियाल और भेड़िया भी पर्याप्त संख्या में पाए जाते हैं। मप्र अब वल्चर स्टेट यानी गिद्ध स्टेट भी बना है।



### जंगली भैंसों का असम से मप्र का सफर

अन्तर्राजीय सहयोग के इस महत्वपूर्ण अभियान के प्रथम चरण में 19 मार्च से 10 अप्रैल के बीच, कांजीरंगा के मध्य और पूर्वी क्षेत्रों से 7 किशोर भैंसों को लिया गया। 25 अप्रैल को 4 जंगली भैंसों ने कांजीरंगा से कान्हा टाइगर रिज़र्व तक की अपनी 2000 किलोमीटर की यात्रा की। इनका स्थानांतरण काजीरंगा और कान्हा, दोनों जगहों के वरिष्ठ अधिकारियों और अनुभवी पशु चिकित्सकों की देख-रेख में किया गया है।

---

### कांग्रेस व विपक्षी दलों के विरोध में नारेबाजी

# 'नारी शक्ति वंदन' को लेकर महिला मोर्चा ने निकाला जुलूस



मशाल जुलूस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम के समर्थन में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा मंगलवार को राजधानी भोपाल में मशाल जुलूस निकाला गया। बड़ी संख्या में महिला कार्यकता मशाल जुलूस सोमवारा पुलिस चौकी के पास से सुभाष चौक होते हुए लखेरापुरा पहुंची, जहां विशाल सभा के साथ जुलूश का समापन हुआ। महिलाएं अपने हाथों में 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम के समर्थन में तख्तियां लिए हुए थीं।

जुलूस में शामिल कार्यकर्ताओं ने 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम का विरोध करने वाली कांग्रेस पार्टी और अन्य विपक्षी दलों के खिलाफ तख्तियों में अलग-अलग स्लोगन लिखकर अपने आक्रोश का प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं द्वारा हाथों में ली गई तख्तियों में 'नारी शक्ति ने मांगा अधिकार, कांग्रेस ने ठगा हर बार, कांग्रेस की पुरानी बीमारी, आधी आबादी से फिर की गद्दारी, महिलाओं के अधिकारों के हनन के लिए कांग्रेस जिम्मेदार, झूठी कांग्रेस की झूठी कहानी-कांग्रेस की आदत पुरानी, नारी शक्ति के स्वाभिमान का कांग्रेस ने फिर किया अपमान जैसे स्लोगन लिखे हुए थे। तख्तियों के साथ वह मशाल जुलूस में शामिल हुईं। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर, पार्टी की प्रदेश महामंत्री लता वानखेड़े एवं महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, मंत्री विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी सहित अन्य मौजूद रहे।

### विपक्षी दलों को सबक सिखाएगी देश की नारी शक्ति

केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 को लागू करने में रोड़ा अटकाकर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी व डीएमके जैसे राजनीतिक दलों ने बहनों के अधिकारों पर डाका डाला है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दलों के मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। महिलाएं अपना अपमान कभी नहीं भूलेंगी। 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम का लोकसभा में विरोध कर पारीत नहीं होने देना, महिलाओं के अधिकारों का हनन है।

---

### केंद्रीय अतिरिक्त सचिव केरोलिन खोंगवार ने की समीक्षा, किया आंगनबाड़ी, वन स्टॉप सेंटर का दौरा

# महिला बाल विकास विभागों को हिदायत दी, सेवाओं के वितरण में पारदर्शिता और गतिशीलता को किया जाए और अधिक सुदृढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास की अतिरिक्त सचिव कैरोलिन खोंगवार देशमुख ने कहा कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ लाभार्थियों तक सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना प्रशासनिक तंत्र की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

देशमुख ने जेपी अस्पताल परिसर स्थित वन स्टॉप सेंटर और जवाहर बाल भवन स्थित सखी निवास का निरीक्षण कर महिलाओं को दी जाने वाली सुरक्षा और आश्रय सुविधाओं का जायजा लिया। मंगलवार को भोपाल प्रवास के दौरान उन्होंने यह बात महिला एवं बाल विकास संचालनालय में आयोजित एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में कही, जहां उन्होंने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं




पोषण 2.0, मिशन शक्ति और मिशन वात्सल्य की प्रगति का विश्लेषण किया। खोंगवार ने विभागीय नवाचारों की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि सेवाओं के वितरण में पारदर्शिता और गतिशीलता को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। देशमुख ने मैदानी स्तर पर व्यवस्थाओं को परखने के लिए भोपाल जिले के विभिन्न केंद्रों का सघन निरीक्षण किया।

### बच्चों के साथ सीधा संवाद कर शिक्षा-पोषण के स्तर को समझा

उन्होंने ईंटखेड़ी परियोजना के जेपी नगर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का अवलोकन किया, जहां बच्चों के साथ सीधा संवाद कर उनकी शिक्षा और पोषण के स्तर को समझा। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शगुफ्ता खान ने उन्हें अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन और एसआरएफ फाउंडेशन के सहयोग से तैयार किए गए शिक्षण अधिगम सामग्री के उपयोग से बच्चों के सर्वांगीण विकास में सकारात्मक परिवर्तन आए हैं।

---

### किसान आक्रोश सत्याग्रह में केंद्र-प्रदेश सरकार पर किसानों से अन्याय का आरोप लगाया

**वादे के मुताबिक किसानों को नहीं मिल रही एमएसपी**

# किसानों पर हो रहा अन्याय बर्दाश्त नहीं, 7 मई को महाराष्ट्र बॉर्डर से राजस्थान बॉर्डर तक होगा महा चक्काजामः पटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज बुधनी में आयोजित किसान आक्रोश सत्याग्रह में शामिल होकर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार पर किसानों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि देश के कृषि मंत्री मध्य प्रदेश से आते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि सबसे ज्यादा अत्याचार और अन्याय मध्य प्रदेश के किसानों पर ही हो रहा है।

### किसान कर्ज में डूबा

पटवारी ने कहा कि प्रदेश में किसानों को खाद की किल्लत, समर्थन मूल्य पर खरीदी में अव्यवस्था, बारदाने की कमी, स्लॉट बुकिंग में गड़बड़ी और जमीनों पर भूमाफिया के कब्जे जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सरकार विज्ञापनों में किसान कल्याण वर्ष मना रही है, जबकि वास्तविकता यह है कि किसान कर्ज में डूबा हुआ है और अपनी उपज का उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष कर रहा है। पटवारी ने कहा कि सरकार ने गेहूं पर 2700 रुपये एमएसपी देने का वादा किया था, लेकिन किसानों से 1800 से 2200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की जा रही है। यह किसानों के साथ छल है।




किसान आक्रोश सत्याग्रह।

### राष्ट्रभक्ति और अन्नदाता के सम्मान की बात

पटवारी ने कहा कि किसान की बात किसी दल या विचारधारा की नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति और अन्नदाता के सम्मान की बात है। कांग्रेस पार्टी किसानों के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेगी। इस अवसर पर विधायक सचिन यादव,पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा,राजकुमार पटेल, संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे, किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरसी, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, सहित अनेक कांग्रेसजन एवं किसान साथी उपस्थित रहे।

### किसानों के साथ हो रहे अन्याय को तत्काल बंद किया जाए

पटवारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों के साथ हो रहे अन्याय को तत्काल बंद नहीं किया गया, तो 7 मई को महाराष्ट्र बॉर्डर से राजस्थान बॉर्डर तक आगरा-बॉम्बे राष्ट्रीय राजमार्ग पर कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ मिलकर महाचक्का जाम करेगी। यह आंदोलन सेंधवा, बड़वानी, खरगोन, धार, देवास, शाजापुर, गुना, राजगढ़, शिवपुरी, मुरैना और ग्वालियर सहित पूरे मार्ग पर किया जाएगा।

## पेज एक का शेष...

### 2 हजार ट्रैक्टरों ...

मंडी में जमा हुए थे। हालात को देखते हुए कलेक्ट्रेट-मंडी क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया। 5 बटालियनों के 1100 जवान तैनात किए गए थे। 11 घंटे में 3 दौर की बैठकों के बाद किसान क्रांति आंदोलन को फिलहाल दो दिनों के लिए स्थगित किया गया है। देर शाम यहां करीब तीन सौ से अधिक किसानों और ड्यूटी पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने साथ बैठकर खाना खाया। वहीं प्रशासन को दो दिनों का अल्टीमेटम दिया है। आंदोलन के संयोजक राजेंद्र पटेल का कहना है कि यदि मांगे पूरी नहीं होती हैं, तो दो दिनों बाद बिना किसी सूचना के किसानों के द्वारा ट्रैक्टर लाकर कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा। आंदोलन को लेकर किसान नेता सुनील गोल्या ने बताया कि किसान अपनी ट्रॉलियों में घर से आटा, दाल और अन्य खाद्य सामग्री लेकर आए थे। किसान नेता नानकराम बेनीवाल और राजेंद्र पटेल ने कहा किसानों ने अपनी ट्रॉलियों को तंबू में बदल लिया। वे बिस्तर भी साथ लाए थे। एसडीओपी शालिनी परस्ते का कहना है कि प्रशासन और किसानों के बीच चर्चा के बाद किसानों ने वापस लौटना शुरू कर दिया था।

### डिप्टी कमिश्नर ...

दे दिया जाएगा। बताया गया कि प्रदर्शन में शामिल किसान कलेक्टर की जगह कमिश्नर को ज्ञापन देने की मांग पर अड़े थे। लेकिन नए कमिश्नर के ज्वाइन नहीं करने के चलते डिप्टी कमिश्नर दिवाकर नारायण पटेल ने हरदा पहुंचकर किसानों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि डिप्टी कमिश्नर पद पर पदस्थ दिवाकर नारायण पटेल मूल रूप से सयुंक्त कलेक्टर हैं, जो इस समय कमिश्नर का प्रभार संभाल रहे हैं।

### भारत को हिंदू...

भागवत ने कहा है कि देश के नेतृत्व की इच्छाशक्ति,प्रतिबद्धता और जन-समर्थन की वजह से राम मंदिर बना है। उन्होंने कहा कि जो लोग पहले भारत की मजाक उड़ाते थे, वह भी इसे हिंदुओं की भूमि कहने लगे हैं। सोमवार को नागपुर में अयोध्या के राम मंदिर के निर्माण की अगुवाई करने वालों लोगों के सम्मान के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबंधित करते हुए डॉ. भागवत ने यह बात कही। इस कार्यक्रम का आयोजन नागपुर के रेशमबाग स्थित डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति ने आयोजित किया। डॉ. भागवत बोले कि अयोध्या का राम मंदिर भगवान राम की इच्छा से बना है। इसके लिए भगवान कृष्ण के द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाए जाने का जिक्र किया और कहा कि यह तभी संभव होता है, जब सामूहिक प्रयास होते हैं। उन्होंने कहा कि यह भगवान की अंगुलियों पर टिका है, लेकिन अंगुली तब तक नहीं हिलती, जब तक लोग अपनी लकड़ियां नहीं लगाते। मंदिर इसी तरह से बनाया गया।

### मप्र के लोग...

को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नर्मदा टाइगर के नाम से पहचान रखने वाले राजा हिरदेशाह ने अंग्रेज शासन के खिलाफ 1842 में संघर्ष का संकल्प लिया। वे अपने भाइयों के साथ 1858 तक संघर्ष करते रहे। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल, जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, लोधी-लोधा समाज के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल तथा राजा हिरदेशाह लोधी और गोंड राजा नरवर शाह के वंशज मौजूद थे।

**समाज के महापुरुषों के संघर्ष को भी याद करने की जरूरत:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समाज के महापुरुषों के संघर्ष को भी याद करने की जरूरत है। जो संघर्षों से लड़ना जानता है, समाज उसका अभिनंदन करता है। राजा हिरदेशाह ने बुंलेदखंड के बुंदेला और आदिवासी समाज को एकजुट कर अंग्रेजों के समाने आंदोलन शुरू किया था। राज्य सरकार उनके संघर्ष पर शोध कराएगी।

उनके जीवन के महत्वपूर्ण घटनाक्रम को लिपिबद्ध कर शिक्षा विभाग में पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदा किनारे हीरापुर में राजा हिरदेशाह के नाम से एक तीर्थ स्थल का निर्माण किया जाएगा। इतिहास के गौरवशाली पृष्ठ फिर से खुलने चाहिए। महान सम्राट विक्रमादित्य पर भी शोध संस्थान बनाया गया है। प्रदेश सरकार सांस्कृतिक पुनरोत्थान के लिए संकल्पित है। इसीलिए प्रत्येक नगरीय निकाय में सर्व सुविधायुक्त भव्य गीता भवन बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में एक-एक वृंदावन ग्राम भी तैयार किए जा रहे हैं।

### अमूल्य है राजा...

हिरदेशाह लोधी ने आजादी के लिए क्रांति का बिगुल फूंका था। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। लोधी-लोधा समाज के प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक जालम सिंह पटेल ने कहा कि लोधी समाज के गौरव राजा हिरदेशाह ने देश की आजादी के लिए अपना बलिदान दिया।

### अखंड भारत के ...

लेना है। उन्होंने कहा कि राजा हिरदेशाह ने बुंदेलों, आदिवासियों और सकल समाज को एकजुट कर राष्ट्र के लिए लड़ने को तैयार किया था। नर्मदा के तट से आजादी की क्रांति का पहला बिगुल फूंका गया था।

### अब ओबीसी के ...

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से संचालित दिल्ली स्थित उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत मप्र के पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रगृह योजना-2005 में संशोधन की स्वीकृति दी है। छात्रवृत्ति के रूप में मिलने वाली 1,550 रुपए की राशि को अब बढ़ाकर सीधे 10 हजार रुपए प्रति माह कर दी है।

### कब्र से 'बहन ....

खाताधारक को खुद बैंक में पेश करे। जबकि अकाउंट होल्डर महिला की मौत हो चुकी थी। यह घटना पटना ब्लॉक में ओडिशा ग्रामीण बैंक की मालीपोसी शाखा में हुई। इस व्यक्ति की पहचान जीतू मुंडा (50) के रूप में हुई है, जो दियानाली गांव का रहने वाला है। वह अपनी दिवंगत बहन के खाते से 20,000 रुपए निकालने की कोशिश कर रहा था। उसकी बहन, कालरा मुंडा (56), का निधन 26 जनवरी, 2026 को हो गया था। बैंक के बार-बार चक्कर लगाने के बाद निराश होकर, जीतू ने एक बेहद कड़ा कदम उठाया। हालात की जानकारी मिलने के बाद पुलिस बैंक पहुंची और तुरंत मामले में हस्तक्षेप किया। जीतू का कहना है कि मैं कई बार बैंक गया, और वहां के लोगों ने मुझसे कहा कि मैं खाताधारक को साथ लेकर आऊं। हालांकि मैंने उन्हें बताया कि उसकी मौत हो चुकी है, लेकिन उन्होंने मेरी बात नहीं सुनी। इसलिए, मैंने कब्र खोदी और सबूत के तौर पर उसका कंकाल बाहर निकाल लाया।

### करंट से मूर्छित...

एक बंदर शुगर फैक्ट्री चौराहे के पास 33 केवी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। करंट इतना भीषण था कि बंदर बुरी तरह झुलस गया और बेजान होकर जमीन पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद बिजोरा निवासी राजू मालवीय, नांटू पहलवान और यातायात पुलिस के जवान उसे बेजान देख दुखी हुए, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी।ग्रामीण राजू मालवीय ने बताया कि बंदर की धड़कनें रुक चुकी थीं और शरीर में कोई हलचल नहीं थी। बता दें आमतौर पर लोग करंट लगने पर जानवर को मरा हुआ समझ लेते हैं, लेकिन इन देवदूतों ने बंदर को सीपीआर देना शुरू किया। उन्होंने बंदर की छोटी सी छाती पर अपनी हथेलियों से ठीक उसी तरह दबाव बनाना शुरू किया, जैसा इंसानों की जान बचाने के लिए किया जाता है।

**समय पर उपचार से धड़क उठा दिल:** काफी देर तक लगातार छाती को दबाने के बाद चमत्कार जैसा हुआ। बंदर के शरीर में हल्की हलचल हुई और उसकी थमी हुई सांसें वापस लौट आईं। होश में आने के बाद बंदर को तुरंत हल्दी वाला दूध पिलाया गया, ताकि अंदरूनी चोटों में राहत मिल सके। कुछ ही देर में मौत के मुंह से बाहर आकर बंदर सामान्य हो गया।

### अब आम ...

की चयन समिति ने सिफारिश की है कि अगले बैच में एक मिश्रित होना चाहिए।

रिपोर्ट के मुताबिक इस नए बैच में लगभग 6 मिशन पायलट (मिलिट्री बैकग्राउंड वाले) और 4 सिविलियन स्पेशलिस्ट (स्टेम बैकग्राउंड वाले) शामिल किए जा सकते हैं। इसरो मुख्य रूप से उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता देगा जिनका स्टेम (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग एंड मैथमेटिक्स) बैकग्राउंड बहुत मजबूत है, यानी इसमें इंजीनियरिंग, वैज्ञानिक रिसर्च या किसी विशेष तकनीकी क्षेत्र के माहिर लोग शामिल हो सकेंगे।

### सुबह ....

आजमाए। पीएम मोदी नीली स्पोर्ट्स जैकेट में बच्चों के साथ फुटबॉल खेलते और उनका उत्साहवर्धन करते नजर आए। पीएम मोदी ने अपनी इस मुलाकात के बारे में सोशल मीडिया पर जानकारी शेयर करते हुए कहा कि गंगटोक की इस प्यारी सुबह में सिक्किम के अपने युवा मित्रों के साथ फुटबॉल खेलने जैसा कुछ भी नहीं है। निश्चित रूप से, इन युवाओं के साथ फुटबॉल का यह सेशन ऊर्जा से भर देने वाला रहा।

### खजुराहो सबसे ...

की गई। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अप्रैल में मौसम ऐसा ही रहेगा। सोमवार से मंगलवार सुबह तक शिवपुरी, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, सागर, पन्ना, कटनी, जबलपुर, मंडला, बालाघाट, सिवनी (ट्रेस) और सतना जिलों में कुछ देर आंधी के साथ बारिश-बौछारों का दौर रहा। सतना और पन्ना जिले में ओले गिरने की सूचना है, जबकि जबलपुर जिले में धूल भरी आंधी चली। भोपाल में बादलों का आना जाना रहा।

### आज यहां गरज-...

बीच विदिशा, रायसेन, रतलाम, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुरकलां, सतना, दमोह, सागर जिलों में लू का अलर्ट है।

## मजदूर दिवस पर पिपलानी में हंसी का महाकुंभ, देशभर के दिग्गज कवि बिखेरेंगे रंग

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस (1 मई) के अवसर पर श्रमश्री सेवा संस्था समिति द्वारा इस वर्ष भी परंपरा अनुसार भव्य हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 1 मई को शाम 8:00 बजे पिपलानी पेट्रोल पंप परिसर में होगा, जहां शहरवासी हास्य और व्यंग्य की शानदार शाम का आनंद ले सकेंगे। समिति के अध्यक्ष रामबाबू शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य मजदूर दिवस के मौके पर श्रमिक वर्ग को सम्मान देना और उन्हें मनोरंजन का अवसर प्रदान करना है। आयोजन को लेकर हुई बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से ख्यातिप्राप्त कवि अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे।

**परिशिष्ट B- संख्यांक 13**
**सिविल कोर्ट चांचौड़ा जिला गुना**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, चाचोड़ा गुना**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

आरसीएस ए/45/2025
अरविंद शर्मा बनाम मुरलिधर शर्मा
NEXT DATE: 15-06-2026

प्रेषिती-
मुरलीधर शर्मा
पताः ग्राम टुंडावेह तहसील कुंभराज जिला गुना (म.प्र.)

यह कि प्रार्थी अरविंद शर्मा ने आपके विरूद्ध आरसीएस ए/45/2025 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें।

यह आज तारीख 21-04-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायाधीश**
**अंकित जैन**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड**

**म.प्र. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड**
कार्यालय अधीक्षण अभियंता (अउदा-निर्माण) वृत, एफ-3, प्रशासनिक भवन, बिजली नगर कॉलोनी, गोविन्दपुरा, भोपाल (म.प्र.) - 462023
ई-निविदा सूचना क्रमांक 66/469 दिनांक : 28.04.2026

**(Tender ID Ref. No. 2026_MPPTC_503579_1)**

(निविदा विशेषीकरण क्रं. 73210/2026-27/ई-निविदा/143-44 भोपाल, दिनांक : 28.04.2026)

1. Providing housekeeping services and maintenance of garden and sewer line in the MPPTCL administrative Complex building at Bijli Nagar Colony Bhopal. पात्र ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिनका निविदा शूल्क रुपये 1180/- (जी.एस.टी. सहित ) है तथा इसके खुलने की तिथि दिनांक 18.05.2026 है। निविदा के विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट **www.mptransco.nic.in** एवं **www.mptenders.gov.in** का अवलोकन अथवा दूरभाष क्रमांक 0755-2600808 पर कार्यालयीन समय में संपर्क करें।

म.प्र. माध्यम/125530/2026 — **अधीक्षण अभियंता (अउदा-निर्माण)**

**कार्यालय, नगर पंचायत कूंरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**e-mail - npkunra2016@gmail.com**

क्रं./106/लो.नि.वि./न.पं. / 2026-27 — कूंरा, दिनांक 27.04.2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (6th Call)**

Main: Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
UADD Portal: http://uad.cg.gov.in

नगर पंचायत कूंरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्रं. | सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | निविदा ऑनलाईन करने की प्रारंभिक / अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 189886 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Kunra Under SBM 2.0 (6 Call) th | 238.14 | 1.50 | प्रारंभिक तिथि 28.04.2026 अंतिम तिथि 08.05.2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी देखी / डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत कूंरा,जिला रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी (जनगणना) जिला बैतूल (मप्र.)**

क्र./2026/जनगणना-2027/DIS/ 946218 — बैतूल दिनांक- 28/04/2026

**// निविदा सूचना //**

जनगणना 2027 हेतु जिला जनगणना कार्यालय बैतूल द्वारा जिला कार्यालय के लिए 02 कंप्यूटर, 02 प्रिंटर एवं 02 यूपीएस (UPS) तथा 21 चार्ज कार्यालयों के लिए प्रति चार्ज कार्यालय 01 कंप्यूटर, 01 प्रिंटर एवं 01 यूपीएस (UPS) क्रय किए जाने हेतु खुली निविदा GeM पोर्टल के माध्यम से BID NO: GEM/2026/B/7457881 द्वारा आमंत्रित की गयी हैं। इच्छुक एवं पात्र निविदाकार निविदा संबंधी जानकारी, नियम व शर्तें GeM पोर्टल पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं। सभी पात्र निविदाकार सादर आमंत्रित हैं।

**अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी, जिला बैतूल (मप्र.)**

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN COMPANY LTD.**
(A Govt. of M.P. Undertaking)
OFFICE OF THE DY. GENERAL MANAGER (O&M) NORTH DIVISION HARDA
Phone No. : 07577-222222, E-Mail : hdampeb@gmail.com
प्रकाश एवं विकास
No.:/DGM/PUR/VEH./224 — Harda, Dated : 27.04.2026

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL hereby invited offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following locations.

| Name of Unit/ Office | Particulars | EMD (In Rs.) | Due Date of Submission of Offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|---|
| Office of the-Masangon DC under Harda North, Division | One No. Type F3 :- Mini Pickup Double Cabin with ladder/any low end SUV half open from backside for carriage of man, materials, ladder, etc or Equivalent. (As per Vehicle Policy) | 3000/- | 04.05.2026 Up to 12.00 P.M. | 04.05.2026 at 04.00 P.M. |

Other details, terms and conditions are available on Company website **https://portal.mpcz.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/125533/2026 — DGM (O&M)



छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 31/03/26 to 17/05/26
not 03,14/04/26, 01/05/26



हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9977912473

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

प्लाट उपलब्ध है
भोपाल की सबसे ज्यादा विकासशील लोकेशन
संपर्क- 9755600569, 8200502943, 7748022609

अयोध्या बायपास
10 लेन रोड और 66 फीट मेन रोड
महोली खोजड़ा की प्राईम लोकेशन में डायवर्शन, सर्वसुविधायुक्त,
पीपुल्स मॉल, पीपुल्स हास्पीटल, मीनाल मॉल और मेन मार्केट के नजदीक


## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 6210

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | | ■ |
| 6 | ■ | | ■ | 7 | | | ■ | | ■ | 8 |
| 9 | | | ■ | | ■ | | ■ | 10 | | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | | | ■ | ■ | ■ | |
| 12 | 13 | | 14 | | ■ | 15 | 16 | | 17 | |
| ■ | | ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | | ■ |
| 18 | | | | 19 | ■ | 20 | | | | 21 |
| | ■ | ■ | ■ | 22 | | | ■ | ■ | ■ | |
| 23 | | 24 | ■ | | ■ | | ■ | 25 | | |
| | ■ | | ■ | 26 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | 27 | | | | ■ | 28 | | | | ■ |

**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -6209 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | व | का | श | ■ | प्र | ति | घा | त | ■ |
| खु | ■ | ■ | ■ | रा | व | ण | ■ | ■ | ■ | मु |
| शा | ■ | ना | या | ब | ■ | य | ती | म | ■ | क |
| म | ■ | ह | ■ | खा | र | क | ■ | ज | ■ | र |
| द | या | क | र | ना | ■ | था | ह | मा | य | ना |
| ■ | प | ■ | फ्ता | ■ | ■ | ■ | सी | ■ | ठा | ■ |
| अ | न | व | र | त | ■ | म | न | भ | र | ना |
| नु | ■ | रा | ■ | म | ध्य | म | ■ | र | ■ | मा |
| रो | ■ | ह | र्षि | त | ■ | ता | ली | म | ■ | कू |
| ध | ■ | ■ | ■ | मा | त | म | ■ | ■ | ■ | ल |
| ■ | आ | ज | मा | ना | ■ | य | ज | मा | न | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6220

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6219 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## खबर संक्षेप

### अवीवा का सिक्योर नेस्ट एन्युटी प्लान लांच

**नई दिल्ली।** अवीवा इंडिया ने अवीवा सिक्योर नेस्ट एन्युटी प्लान लांच करने की घोषणा की है। यह एक रिटायरमेंट सॉल्यूशन है, जिसमें ग्राहकों को एक सिंगल प्रीमियम के भुगतान के बाद जीवनभर रेगुलर इनकम पाने का मौका मिलेगा। इस प्लान में 80 साल की उम्र तक निवेश किया जा सकता है, अवीवा इंडिया के एमडी एवं सीईओ असित रथ ने कहा रिटायरमेंट एक ऐसा पड़ाव है, जिसकी पहचान सुरक्षा और सम्मान के रूप में होनी चाहिए।

### रे नियो फॉर्मा ने की अपने परिचालन की शुरुआत

**भोपाल।** रे नियो फॉर्मा ने आधिकारिक तौर पर अपने परिचालन की शुरुआत की है। कंपनी का उद्देश्य सभी भारतीयों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करना है। एक लचीले और आधुनिक बिजनेस मॉडल पर आधारित यह कंपनी 90 से अधिक फॉर्मूलेशन की एक विस्तृत श्रृंखला पेश कर रही है, जो सामान्य बीमारियों से लेकर विशेष उपचार क्षेत्रों तक फैली हुई है। इसके साथ ही, कई नए और उन्नत फॉर्मूलेशन पर भी काम जारी है।

### सुरक्षित डिजिटल भुगतान के एनपीसीएल के पांच सुझाव

**भोपाल।** डिजिटल भुगतान ने भारत भर में लाखों उपयोगकर्ताओं के लिए रोजमर्रा के लेनदेन को तेज, आसान और अधिक सुलभ बना दिया है। जैसे-जैसे यह सुविधा बढ़ रही है, उपयोगकर्ताओं के लिए जागरूक और सतर्क रहना महत्वपूर्ण है। एनपीसीएल के अनुसार सुरक्षित भुगतान के तरीके अपनाना आसान है और यह सुरक्षित डिजिटल अनुभव सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### एक्सिस ने की 2,250 करोड़ पूंजी की घोषणा


**मुंबई।** एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड ने प्रेफरेंशियल इश्यू के माध्यम से केदारा कैपिटल से 750 करोड़ रुपये जुटाने की घोषणा की है। एक्सिस फाइनेंस के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित 1,500 करोड़ रुपए के राइट्स इश्यू के अतिरिक्त है। पूंजी जुटाने की यह ऐतिहासिक प्रक्रिया एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड की अब तक की सबसे बड़ी प्राथमिक पूंजी वृद्धि है साथ ही किसी बाहरी निवेशक से जुटाई गई यह पहली पूंजी है।

### मित्सू केम प्लास्ट ने किया आईबीसी सेगमेंट में प्रवेश

**मुंबई।** मित्सू केम प्लास्ट लिमिटेड ने इंटरमीडिएट बल्क कंटेनर (आईबीसी) सेगमेंट में अपने रणनीतिक प्रवेश की घोषणा की है। कंपनी वित्त वर्ष 2026 से दूसरी छमाही में शुरू होने वाली अत्याधुनिक, पूर्णतः स्वचालित आईबीसी निर्माण सुविधा स्थापित कर रही है जो उसके उत्पाद विस्तार की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। इंटरमीडिएट बल्क कंटेनर्स बड़े औद्योगिक कंटेनर होते हैं।

अभी जरूरत का 71 फीसदी यूरिया आता है मिडिल ईस्ट से

# भारत-रूस मिलकर यूरिया फैक्ट्री लगाएंगे अगले दो साल में शुरू हो जाएगा उत्पादन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूसी कंपनी यूरालकेम की साझेदारी में इंडियन पोटाश लिमिटेड (आईपीएल) समेत भारत की तीन कंपनियां रूस में यूरिया प्लांट लगाने जा रही हैं। इस संयंत्र की वार्षिक उत्पादन क्षमता 20 लाख टन होगी और इसे दो वर्षों में चालू करने का लक्ष्य रखा गया है।

इस परियोजना को भारत के लिए उर्वरकों की स्थिर और सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इसकी खास बात होगी कि यहां उत्पादित यूरिया पूरी तरह भारत के लिए रहेगा। यूरिया के कच्चे माल के रूप में अमोनिया रूस से ही उपलब्ध कराया जाएगा।

## यह संयुक्त उद्यम भारत की खाद सुरक्षा को मजबूत करेगा

आईपीएल के प्रबंध निदेशक पीएस गहलौत ने कहा कि यह संयुक्त उद्यम न केवल भारत की खाद सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि वैश्विक आपूर्ति में आने वाले उतार-चढ़ाव से भी देश को बचाएगा। खासकर उस स्थिति में, जब अन्य बड़े निर्यातक देशों द्वारा आपूर्ति में कटौती की जाती है, तब ऐसे प्रोजेक्ट भारत के लिए एक मजबूत विकल्प साबित हो सकते हैं। इस संयुक्त उद्यम में भारत की प्रमुख कंपनी आईपीएल के अलावा राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफएल) और नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) हैं। ये कंपनियां रिपोर्ट का अध्ययन कर रही हैं और जल्द ही अंतिम निर्णय लेने की तैयारी में हैं। यदि रिपोर्ट को मंजूरी मिल जाती है तो अगले एक-दो महीनों में प्लांट के निर्माण कार्य की शुरुआत हो सकती है। प्रस्तावित संयंत्र रूस के तोग्लियात्ती (समारा) क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा। इसमें भारत और रूस की कंपनियों की आधी-आधी साझेदारी होगी।



### रिपोर्ट तैयार कर संबंधित कंपनियों को सौंप दी गई

प्लांट से वाणिज्यिक संचालन शुरू होने तक भारतीय कंपनियां वित्तपोषण की जिम्मेदारी संभालेंगी। इस संयुक्त प्रोजेक्ट को लेकर भारत और रूस के बीच उच्च स्तर पर सहमति पहले ही बन चुकी है। दिसंबर 2025 में आयोजित शिखर बैठक के दौरान दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी में इस पर समझौता हुआ था। अब जमीन पर उतारने की प्रक्रिया तेज हो गई है। उर्वरक मंत्रालय की सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी प्रोजेक्ट्स एंड डेवलपमेंट इंडिया लिमिटेड (पीडीआईएल) ने इसकी प्रारंभिक व्यावहारिकता (प्री-फिजिबिलिटी) रिपोर्ट तैयार कर संबंधित कंपनियों को सौंप दी है।

### भारत में यूरिया का उत्पादन कम, खपत ज्यादा

**सालाना खपतः** करीब 400 लाख मीट्रिक टन।
**घरेलू उत्पादनः** करीब 300 लाख मीट्रिक टन।
**खाद की कमीः** लगभग 100 लाख मीट्रिक टन।

**इंपोर्ट पर खर्चः** यूरिया की कमी को पूरा करने के लिए भारत पूरी तरह इम्पोर्ट पर निर्भर है। 2025 में भारत ने यूरिया आयात पर करीब 20 हजार करोड़ रुपए खर्च किए।

### हाल ही में सरकार ने 25 लाख टन यूरिया आयात को भी मंजूरी दी

भारत अभी अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात के माध्यम से पूरा करता है। हाल के समय में सरकार ने 25 लाख टन यूरिया आयात को भी मंजूरी दी है, जो विभिन्न देशों से वैकल्पिक मार्गों के जरिए आएगा। इस क्रम में रूस में अपना संयंत्र स्थापित करना भारत के लिए दीर्घकालिक कदम माना जा रहा है, जिससे आयात पर निर्भरता धीरे-धीरे कम हो सकती है। रूस पहले से ही भारत का प्रमुख उर्वरक आपूर्तिकर्ता रहा है। हाल के वर्षों में इसकी भूमिका अधिक मजबूत हुई है। पिछले वर्ष दोनों देशों के बीच उर्वरक व्यापार में करीब 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2025 में भारत ने रूस से तीन अरब डालर से भी ज्यादा के उर्वरक आयात किए, जो पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक है। इस प्रोजेक्ट की नींव दिसंबर 2025 में रखी गई थी, जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत आए थे। पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन की मौजूदगी में दोनों देशों में एमओयू साइन हुआ था।

# आईईसीसीआई ने डीपटेक इनोवेशन और एमएसएमई विकास के लिए ईएईएस 2026 दावोस में साझेदारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंडो-यूरोपियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (आईईसीसीआई ) स्विट्जरलैंड के दावोस कांग्रेस सेंटर में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित यूरोप-एशिया आर्थिक शिखर सम्मेलन (ईएईएस ) 2026 में एक आधिकारिक भागीदार है । इस विकास से आईईसीसीआई भारतीय उद्यमों के लिए यूरोपीय बाजारों, पूंजी और रणनीतिक साझेदारियों तक पहुंच बनाने का एक प्रमुख द्वार बन गया है, जिससे एमएसएमई, स्टार्टअप, कॉरपोरेट और ईकोसिस्टम के हितधारकों के लिए एक महत्वपूर्ण वैश्विक अवसर पैदा हो रहा है। सीमा पार सौदेबाजी और उच्च स्तरीय आर्थिक सहयोग के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में मान्यता प्राप्त, ईएईएस 2026 यूरोप और एशिया के अग्रणी वैश्विक सीईओ, निवेशकों, नीति निर्माताओं और नवोन्मेषकों को एक साथ लाएगा। आईईसीसीआई भारत और यूरोप के बीच अंतरराष्ट्रीय निवेश, प्रौद्योगिकी सहयोग और आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण को सुविधाजनक बनाने के लिए डिजाइन की गई एक सुनियोजित भारतीय व्यावसायिक उपस्थिति का नेतृत्व कर रहा है।



अनुराधा सिंघई

### यूरोप के उच्च-मूल्य वाले बाजारों तक सीधी पहुंच को सक्षम बना रहे : अनुराधा सिंघई

आईईसीसीआई की अध्यक्ष अनुराधा सिंघई ने बताया कि ईएईएस 2026 के साथ आईईसीसीआई की साझेदारी भारतीय उद्यमों और पारिस्थितिकी तंत्र भागीदारों के लिए एक सशक्त वैश्विक अवसर प्रस्तुत करती है। हम अंतरराष्ट्रीय पूंजी, रणनीतिक सहयोग और यूरोप के उच्च-मूल्य वाले बाजारों तक सीधी पहुंच को सक्षम बना रहे हैं। यह केवल भागीदारी के बारे में नहीं है यह ठोस व्यावसायिक परिणाम और दीर्घकालिक वैश्विक स्थिति निर्माण के बारे में है।इस सम्मेलन से विकास में भागीदारी करने वाले लघु और मध्यम उद्योग, और निर्यात बढ़ाने मेंजुटे उद्यम अपनी भागीदारी कर पाएंगे। जो तकनीकी स्टार्ट अप्स वैश्विक बाजार की तलाश कर रहे हैं उन्हें एक मंच पर सारी जानकारियां मिल सकेंगी। भारत के जो कॉर्पोरेट यूरोपीय बाजार में अपना माल बेचना चाहते हैं उनके लिए ये सम्मेलन एक प्रवेश द्वार साबित होगा। निवेशक, इन्क्यूबेटर, इकोसिस्टम सहयोगी, उद्योग संघ और संस्थागत हिस्सेदार सभी इस आयोजन में अपनी प्रमाणिकता साबित कर पाएंगे।

जीएसटी से मासिक आउटपुट ट्रैक करेगी सरकार

# हर महीने मापने के लिए सेवा उत्पादन सूचकांक के नाम से एक नया मासिक संकेतक लाने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने औपचारिक सेवा क्षेत्र के उत्पादन को हर महीने मापने के लिए 'सेवा उत्पादन सूचकांक' के नाम से एक नया मासिक संकेतक लाने की तैयारी में है।

यह सूचकांक मुख्य रूप से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी ) डेटा का इस्तेमाल करेगा, जिससे सेवा क्षेत्र की गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखी जा सकेगी। इसी पर एक 'अप्रोच पेपर' जारी करते हुए स्टैटिस्टिक्स मिनिस्ट्री ने 2024-25 को बेस ईयर मानकर इकोनॉमी के फॉर्मल सेक्टर के लिए सर्विस प्रोडक्शन इंडेक्स बनाने के अपने प्लान पर 5 मई तक कमेंट्स मांगे. यह पेपर अगले महीने होने वाले इंडेक्स इडस्ट्रियल प्रोडक्शंस (आईआईपी) के संशोधन से ठीक पहले आया है। यह एमओएसपीआई द्वारा सरकारी आंकड़ों में किए जा रहे बड़े बदलाव का एक हिस्सा है। मौजूदा समय में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए 'औद्योगिक उत्पादन सूचकांक' मौजूद है, लेकिन सर्विस सेक्टर के लिए ऐसा कोई मासिक संकेतक नहीं है।

ई-निविदा **नगर पालिक निगम ग्वालियर** दिनांक : 27/04/2026

| क्र. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_489726_2 | ''निगम निधि'' वार्ड-01 अन्तर्गत कामिदगिरी अपार्टमेंट से बहोड़ापुर तिराहे तक एवं कुशवाह मोहल्ला के सामने नाला निर्माण कार्य । | 14948938.27/- | 12500/- 74745/- | 11-05-2026 |

1. इच्छुक बोलीदाता वेबसाइट http://gmc.mptenders.gov.in एनआईटी देख सकते हैं।
2. एनआईटी में संशोधन, यदि कोई होता है तो केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जावेगा और समाचार पत्र में नहीं।
3. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया नगर पालिक निगम, ग्वालियर में सम्पर्क करें।

कार्यपालन यंत्री
15-ग्वालियर विधानसभा, नगर निगम ग्वालियर

जनसंपर्क RO क्रमांक 266 दिनांक : 27/04/2026

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग भ/प संभाग राजगढ़**

निविदा सूचना क्रमांक 03/ निविदा/2026-27 राजगढ़, दिनांक 21.04.2026

// निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाये आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| स. क्रं. | टेण्डर नं. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनु. राशि (रू लाख में) | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | 2026_PWDRB_502620_1 | राजगढ़ | पुल-पुलिया मरम्मत | पुल-पुलिया मरम्मत कार्य उपसंभाग खिलचीपुर | प्रथम | 15.00 | 30000.00 | 6 माह वर्षाकाल सहित |
| 2. | 2026_PWDRB_502632_1 | राजगढ़ | डब्ल्यू.बी.एम. / बी.टी. पेंच | डब्ल्यू.बी.एम. / बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य उपसंभाग खिलचीपुर | प्रथम | 10.00 | 20000.00 | 6 माह वर्षाकाल सहित |
| 3. | 2026_PWDRB_502656_1 | राजगढ़ | बेरीकेटिंग रिपेयर | बेरीकेटिंग रिपेयर कार्य एवं व्ही.व्ही.आई.पी. प्रोग्राम कार्य उपसंभाग खिलचीपुर | प्रथम | 16.95 | 33900.00 | 6 माह वर्षाकाल सहित |
| 4. | 2026_PWDRB_502664_1 | राजगढ़ | पुल-पुलिया मरम्मत | पुल-पुलिया मरम्मत कार्य उपसंभाग नरसिंहगढ़ | प्रथम | 15.00 | 30000.00 | 6 माह वर्षाकाल सहित |
| 5. | 2026_PWDRB_502670_1 | राजगढ़ | डब्ल्यू.बी.एम. / बी.टी. पेंच | डब्ल्यू.बी.एम. / बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य उपसंभाग नरसिंहगढ़ | प्रथम | 10.00 | 20000.00 | 6 माह वर्षाकाल सहित |
| 6. | 2026_PWDRB_502673_1 | राजगढ़ | बेरीकेटिंग रिपेयर | बेरीकेटिंग रिपेयर कार्य एवं व्ही.व्ही.आई.पी. प्रोग्राम कार्य उपसंभाग नरसिंहगढ़ | प्रथम | 16.95 | 33900.00 | 6 माह वर्षाकाल सहित |
| 7. | 2026_PWDRB_502679_1 | राजगढ़ | पुल-पुलिया मरम्मत | पुल-पुलिया मरम्मत कार्य सेक्शन ब्यावरा | प्रथम | 15.00 | 30000.00 | 6 माह वर्षाकाल सहित |
| 8. | 2026_PWDRB_502683_1 | राजगढ़ | पुल-पुलिया मरम्मत | पुल-पुलिया मरम्मत कार्य उपसंभाग राजगढ़ | प्रथम | 15.00 | 30000.00 | 6 माह वर्षाकाल सहित |
| 9. | 2026_PWDRB_502690_1 | राजगढ़ | पुल-पुलिया मरम्मत | पुल-पुलिया मरम्मत कार्य उपसंभाग सारंगपुर | प्रथम | 10.00 | 10000.00 | 6 माह वर्षाकाल सहित |
| 10. | 2026_PWDRB_502694_1 | राजगढ़ | डब्ल्यू.बी.एम. / बी.टी. पेंच | डब्ल्यू.बी.एम. / बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य उपसंभाग सारंगपुर | प्रथम | 10.00 | 10000.00 | 6 माह वर्षाकाल सहित |
| | | | | योग | | 133.90 | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 08.05.2026 सायं 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट मे देखा जा सकता है। निविदा मे होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों मे प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

अमानत राशि एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन स्वीकार किये जावेगें।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग भ/प,
संभाग राजगढ़

G-12124/26 " स्वच्छता ही सेवा "

हिंदुस्तान जिंक, एयरटेल, डियाजियो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और गोदरेज हुए सम्मानित

# सीआईआई के 'सीआईआई सीडब्ल्यूएल जेंडर पैरिटी' में पुरस्कारों ने व्यावसायिक प्रभाव को उजागर किया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई ) के 'सीआईआई सीडब्ल्यूएल जेंडर पैरिटी' पुरस्कारों ने कार्यस्थल पर लैंगिक समानता को बढ़ावा देने वाली कंपनियों के व्यावसायिक प्रभाव को रेखांकित किया है। कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के महिला नेतृत्व केंद्र ने द एजः इन्क्लूजन एंड कॉम्पिटिटिवनेस समिट' और जेंडर पैरिटी बिजनेस अवाड्र्स का आयोजन किया। यह आयोजन कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए गहन नीतिगत और आर्थिक प्रयासों के बीच हुआ है, जिसमें श्रम बल भागीदारी, कौशल विकास और उद्यमिता शामिल हैं, जिनका उद्देश्य भारत की विकास गति को बनाए रखना है।

वक्ताओं ने नीतिगत दिशा और कॉर्पोरेट रणनीति के बीच बढ़ते तालमेल पर प्रकाश डाला और पुरस्कारों से उन संगठनों को सम्मानित किया जो नेतृत्व स्तर, कार्यबल भागीदारी और बाजार-उन्मुख रणनीतियों में लैंगिक समानता को समाहित करके अपने इरादों को मापने योग्य




परिणामों में बदल रहे हैं। सम्मानित हुए संगठनों में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, भारती एयरटेल, डियाजियो इंडिया, मोंडेलेज़, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, सुमेरपुर फैक्ट्री और गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड शामिल रहे। सीआईआई सेंटर फॉर वुमन लीडरशिप की अध्यक्ष और द इंफ्राविजन फाउंडेशन की सह-संस्थापक सुश्री रमझुम चटर्जी ने कहा कि प्लेटफॉर्म वर्क, स्वास्थ्य सेवा और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों के विस्तार के साथ, ध्यान प्रवेश स्तर की भागीदारी से हटकर उन्नति के मार्ग सृजित करने पर केंद्रित हो रहा है। जबकि सीआईआई सेंटर फॉर वुमन लीडरशिप की सह-अध्यक्ष और रिन्यू की सह-संस्थापक वैशाली निगम सिन्हा ने कहाकि यहीं पर नीतिगत ढांचे और कॉर्पोरेट कार्रवाई दोनों को और अधिक स्पष्ट रूप से एक साथ आने की आवश्यकता होगी। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की उप महानिदेशक सीमा अरोरा ने कहा कि भारत की विकास संबंधी महत्वाकांक्षाएं तेजी से इस बात पर निर्भर करेंगी कि हम कार्यबल में अधिक से अधिक महिलाओं को कितनी प्रभावी ढंग से शामिल करते हैं और उनकी उन्नति को कैसे सक्षम बनाते हैं। समावेशी प्रतिभाओं के विकास में उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उल्लेखनीय है कि सीआईआई का महिला नेतृत्व केंद्र, उद्योग के साथ मिलकर नैदानिक उपकरणों, नीतिगत सलाह, क्षेत्रीय कार्ययोजनाओं, नेतृत्व विकास कार्यक्रमों और सीआईआई लैंगिक समानता व्यापार पुरस्कार और समावेशन एवं प्रतिस्पर्धा शिखर सम्मेलन जैसी प्रमुख पहलों के माध्यम से व्यावसायिक रणनीति में लैंगिक समानता को शामिल करने का काम करता है कंपनियों को इरादे से कार्रवाई की ओर बढ़ने में सहायता करता है।

## बिजनेस न्यूज

### आईईएस यूनिवर्सिटी एवं कॉलेज को एजुकेशन वर्ल्ड से टॉप रैंक मिली



**भोपाल।** आईईएस यूनिवर्सिटी एवं आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नालजी को पूरे मध्यप्रदेश के इंडिपेंडेंट सर्वे में सभी प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों के बीच प्रतिष्ठित मैगजीन एजुकेशन वर्ल्ड द्वारा फोर्थ रैंक वही आईईएस यूनिवर्सिटी ने मध्य प्रदेश के निजी बहु-विषयक विश्वविद्यालयों में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। ये प्रतिष्ठित रैंकिंग एजुकेशन वर्ल्ड द्वारा इंडिया हाइयर एजुकेशन रैंकिंग 2026–2027' के अंतर्गत प्रदान की गई हैं। पुरस्कार वितरण समारोह नई दिल्ली में आयोजित किया गया जिसमे श्री दिलीप ठकोर, प्रकाशक एवं संपादक और भाविन शाह, सीईओ एजुकेशन वर्ल्ड ने आईईएस यूनिवर्सिटी एवं आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नालजी को सम्मानित किया। आईईएस यूनिवरसिटी को न्यू दिल्ली में इमर्जिंग यूनिवर्सिटी ऑफ़ द ईयर इन सेंट्रल इंडिया के खिताब से भी नवाजा जा चुका है। आईईएस यूनिवरसिटी की प्रो चान्सेलर डॉ सुनीता सिंह ने इस कामियाबी के लिए सभी का योगदान बताया एवं छात्रो सहित पूरे स्टाफ को बधाई दी साथ ही कहा के यह सम्मान हमारे संकाय फैकल्टी, छात्रों एवं स्टाफ मेंबर के शैक्षणिक उत्कृष्टता तथा सर्वांगीण विकास के प्रति सामूहिक समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### 'बीआईएस का मानक मंथन' कृषि मशीनरी और आवश्यक सुरक्षा सहतत अन्य जानकारियां दी

**भोपाल।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) भोपाल शाखा द्वारा मानक मंथन कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय कृषि यंत्र प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान बुधनी में किया गया। कार्यक्रम का विषय कृषि मशीनरी-सुरक्षा आवश्यकताएं भाग 2 ट्रैक्टर रहा। इस कार्यक्रम में 20 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिनमें तकनीकी विशेषज्ञ, संस्थान से जुड़े प्रतिनिधि एवं अन्य हितधारक शामिल रहे। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी दिखाई तथा मानकों के संबंध में अपने सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में एके. उपाध्याय, वरिष्ठ कृषि अभियंता, सीएफएमटीटीआई बुधनी मौजूद रहे। जिनका स्वागत अशुतोष राय, वैज्ञानिक-सी/उप निदेशक, बीआईएस ने किया । इस मौके पर उपाध्याय ने कृषि मशीनरी, विशेषकर ट्रैक्टरों में सुरक्षा मानकों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा किसानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ऐसे मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में आरपी पांडेय, वरिष्ठ इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियर, सीएफएमटीटीआई, बुधनी, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अशुतोष राय, वैज्ञानिक-सी/उप निदेशक द्वारा मसौदा भारतीय मानक पर तकनीकी प्रस्तुति दी गई। उन्होंने मानक के प्रमुख प्रावधानों को विस्तार से समझाया तथा इसके व्यावहारिक महत्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के दौरान एक संवादात्मक चर्चा सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने प्रश्न पूछे तथा सुझाव दिए।



### पीएनबी ने 200 से अधिक स्थानों पर मेगा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम की मेजबानी की

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने देशभर में 200 से अधिक स्थानों पर मेगा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम की मेजबानी की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को सुलभ, अनुकूलित और प्रतिस्पर्धी दरों पर वित्तीय समाधान प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है, जो उद्यमिता और आर्थिक विकास के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करता है। सार्थक जुड़ाव को बढ़ावा देने और एमएसएमई को उनके विकास के लिए सही वित्तपोषण विकल्पों को खोजने में सक्षम बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया यह कार्यक्रम, व्यवसाय करने वालों, उद्योग प्रतिभागियों और बैंकिंग विशेषज्ञों को एक साझा मंच पर साथ लाया।

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र**
**Bank of Maharashtra**
भारत सरकार का उद्यम

अंचल कार्यालय :
1/14 प्रशासनिक जोन, अरेरा हिल्स,
भोपाल-462011

**मांग सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 3(1) के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)**

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र, टी.टी. नगर शाखा** के माध्यम से प्राप्त किये गये ऋण जो कि एन.पी.ए. हो चुका है व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्नवर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना निम्न वर्णित दिनांक को पंजीकृत डाक एवं स्पीड पोस्ट पावती सहित आपको भेजी गई थी, जो कि वापस हुई इसलिए इस प्रकाशन के द्वारा नोटिस देते हुए आप सभी संबंधितों को अवगत किया जाता है, कि इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों की अवधि के भीतर निम्न वर्णित बकाया राशि साथ ही अतिरिक्त ब्याज, लागत अनुषंगिक व्यय, प्रभार इत्यादि अदा करने के लिये सूचित करते हैं। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता | बंधक संपत्ति का विवरण | क्रेडिट सुविधा का प्रकार एवं राशि | दिनांक 17/04/2026 को वर्तमान बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणीः **श्रीमती पूजा विश्वकर्मा पत्नी श्री रानू विश्वकर्मा** पता - डी 2 रेलवे कॉलोनी, चर्च के पास, पूर्वी चांदबाद, सिकंदरी सराय, भोपाल, मध्य प्रदेश, 462010 | (1) सिक्योरिटी- प्लाट नं. 35 पर स्थित एक निर्मित रिहायशी मकान, प्लाट क्षेत्रफल-696 वर्गफुट (64.76 वर्ग मीटर) स्थित खसरा संख्या 440/1/क, 440/1/ग, 442, 443/1 का भाग, खजूरी कलां, वार्ड संख्या 61, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश 462024, चर्तुसीमाएँ- पूर्व - मकान संख्या LIG- 4, पश्चिम - मकान संख्या 34, उत्तर - अन्य, दक्षिण - सड़क। संपत्ति श्रीमती पूजा विश्वकर्मा पत्नी श्री रानू विश्वकर्मा Cersai Asset ID:- 200087142371 | Housing Loan of ₹ 36.05 Lakh (Rs. Thirty Six Lakh Five Thousand only) (A/c No. 60513760406) | लेज़र बैलेन्स ₹ 3560132 अप्रभारित ब्याज ₹ 105709 पैनल ब्याज ₹ 416.93 कुल : ₹ 36,65,257.93 |
| | (2) आवास ऋण में दी गई प्रतिभूति के न्यायसंगत बंधक द्वारा मौजूदा प्रतिभूति पर अतिरिक्त प्रभार (AC No. 60513760406) Cersai Asset ID:- 200087142371 | Housing Loan for Repairs & renovation of existing House/Flat ₹ 11.58 Lakh (Rs.Eleven Lakh Fifty Eight Thousand only)) (A/c No. 60522483747) मांग सूचना दिनांक : 18/04/2026 NPA दिनांक: 10/04/2026 | बकाया राशि ₹ 1112424.78 अप्रभारित ब्याज ₹ 24270.41 पैनल ब्याज ₹ 174.09 कुल : ₹ 11,36,869.28 |
| | | कुल बकाया | : ₹ 48,02,127.21 |

उपरोक्त ऋणी/जमानतदारों यदि 60 दिवस के अन्दर **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** का बकाया चुकाने में असफल रहते हैं तो उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के प्रावधानों के तहत तभी या किसी एक या अधिक रक्षित आस्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही, उधारकर्ता की रक्षित आस्तियों को कब्जे में लेने तथा उनका विक्रय करने की कार्यवाही करेगी। इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं। विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की **संबंधित शाखा** से संपर्क करें।

**स्थान- भोपाल, दिनांक 29-04-2026** **मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र**

चिंतन

# धार्मिक कट्टरता समाज के लिए गंभीर चुनौती

देश के सामने आतंक और कट्टरता का चेहरा तेजी से बदल रहा है। जो खतरा कभी सीमित इलाकों, खासकर जम्मू-कश्मीर तक माना जाता था, वह अब महानगरों तक फैलता नजर आ रहा है। मुंबई की हालिया घटना ने साफ कर दिया है कि 'लोन वुल्फ' हमले, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पनपती कट्टर सोच और धर्म के नाम पर हिंसा अब हर शहर के लिए चुनौती बन चुके हैं। संगठित नेटवर्क से हटकर जब व्यक्ति खुद ही विचारधारा को हथियार बना ले, तो यह साइलेंट आतंक और भी खतरनाक हो जाता है। मुंबई के मीरा रोड इलाके में दो सिक्योरिटी गार्ड्स पर धर्म पूछकर किया गया हमला इसी बदलते खतरे का उदाहरण है। बताया जा रहा है कि हमलावर 31 साल का जैब जुबेर अंसारी अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग के पास दो सिक्योरिटी गार्ड, राजकुमार मिश्रा और सुब्रतो रमेश सेन के पास पहुंचा और मस्जिद का रास्ता पूछा। कुछ समय बाद वह दोबारा लौटा। इसके बाद एक गार्ड से धर्म पूछने के बाद अचानक चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद वह कैबिन में घुसा और दूसरे गार्ड से कलमा पढ़ने को कहा। जब गार्ड ऐसा नहीं कर पाया, तो उस पर भी हमला कर दिया। पिछले साल जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में भी आतंकियों ने पर्यटकों से धर्म पूछकर हमला किया था। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। वहीं, धर्मांतरण के मामले महाराष्ट्र के अमरावती और नासिक में भी सामने आए हैं। नासिक के टीसीएस उत्पीड़न मामले में मुख्य आरोपी निदा खान ने महिला कर्मचारी पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया था। पीड़ित के मोबाइल में ऐसे ऐप्स भी इंस्टॉल कराए गए, जिससे उसे धर्म परिवर्तन के लिए उकसाया जा सके। अमरावती में भी करीब 180 लड़कियों के वीडियो बनाकर धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने का मामला सामने आया है। ये घटनाएं केवल एक आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि उस मानसिकता की झलक हैं, जिसमें धर्म को पहचान और हिंसा का औजार बना दिया जाता है। पहलगाम जैसे हमले इस बात का संकेत रहे हैं कि कट्टरता जब चरम पर पहुंचती है तो वह इंसानियत की हर सीमा पार कर जाती है। हालांकि, इस मुद्दे पर एक जरूरी सावधानी भी उतनी ही अहम है। अलग-अलग घटनाओं को जोड़कर पूरे समाज या किसी एक समुदाय के खिलाफ निष्कर्ष निकालना न केवल गलत है, बल्कि खतरनाक भी हो सकता है। कानून का सिद्धांत स्पष्ट है। अपराधी व्यक्ति होता है, समुदाय नहीं। यदि हम इस रेखा को पार करते हैं, तो हम अनजाने में उसी विभाजनकारी सोच को बढ़ावा देते हैं, जिसके खिलाफ हमें खड़ा होना चाहिए। कट्टरता का असली चेहरा धर्म नहीं, बल्कि विकृत सोच है। यह सोच इंटरनेट, सोशल मीडिया और बंद मानसिकता के जरिए फैलती है। यही कारण है कि "लोन वुल्फ" हमले आज सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। क्योंकि इनका कोई स्पष्ट नेटवर्क नहीं होता, न ही कोई पूर्व चेतावनी। अब सवाल यह है कि इससे निपटा कैसे जाए? जवाब केवल सख्ती में नहीं, बल्कि संतुलित रणनीति में है। सुरक्षा एजेंसियों को डिजिटल निगरानी, खुफिया तंत्र और त्वरित कार्रवाई को मजबूत करना होगा, वहीं समाज को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। परिवार, शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक संस्थाओं को युवाओं को सही दिशा देने, संवाद बढ़ाने और कट्टर विचारधाराओं से बचाने की जिम्मेदारी उठानी होगी। सख्त कानून, सतर्क समाज और संतुलित सोच इन्हीं तीन स्तंभों पर इस चुनौती का समाधान टिका है। तभी हम एक सुरक्षित, समावेशी और मजबूत समाज की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

# देश में जलवायु आपातकाल की दस्तक



पर्यावरण
निरंजन देव भारद्वाज

देश के विशाल भूभाग पर सूरज का कहर इस कदर टूट रहा है कि दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों की सूची में से 95 अकेले भारत के हैं। दिल्ली की तपती सड़कों से लेकर ओडिशा के तटीय उमस तक, पारा 45-47 डिग्री सेल्सियस के स्तर को चुनौती दे रहा है। यह अब केवल 'लू' या मौसम का सामान्य बदलाव नहीं है; यह उस पारिस्थितिक असंतुलन का चरम विस्फोट है, जिसे हमने दशकों तक प्रगति के शोर में अनदेखा किया। आज भारत की झुलसाती हवाएं चीख-चीख कर कह रही हैं कि हम जलवायु परिवर्तन के किसी भविष्य की आशंका में नहीं, बल्कि उसके एक अत्यंत क्रूर और जानलेवा वर्तमान के बीच खड़े हैं। हकीकत यह है कि यह तापीय संकट अब सीधे जीवन-हानि में बदल चुका है।

अप्रैल का यह महीना भारत के लिए केवल एक कैलेंडर का पन्ना नहीं, बल्कि एक अस्तित्वगत संकट की गूंज बन गया है। देश के विशाल भूभाग पर सूरज का कहर इस कदर टूट रहा है कि दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों की सूची में से 95 अकेले भारत के हैं। दिल्ली की तपती सड़कों से लेकर ओडिशा के तटीय उमस तक, पारा 45-47 डिग्री सेल्सियस के स्तर को चुनौती दे रहा है। यह अब केवल 'लू' या मौसम का सामान्य बदलाव नहीं है; यह उस पारिस्थितिक असंतुलन का चरम विस्फोट है, जिसे हमने दशकों तक प्रगति के शोर में अनदेखा किया। आज भारत की झुलसाती हवाएं चीख-चीख कर कह रही हैं कि हम जलवायु परिवर्तन के किसी भविष्य की आशंका में नहीं, बल्कि उसके एक अत्यंत क्रूर और जानलेवा वर्तमान के बीच खड़े हैं। इसी "वर्तमान" की सबसे कठोर हकीकत यह है कि यह तापीय संकट अब सीधे जीवन-हानि में बदल चुका है। हीटवेव आज भारत की सबसे घातक प्राकृतिक आपदाओं में शामिल हो चुकी है, जिसके चलते 2010 के बाद से अब तक 46,000 से अधिक संदिग्ध मौतें दर्ज की गई हैं। इस भीषण गर्मी का सबसे अधिक प्रभाव उन श्रमिकों पर पड़ता है जो खुले वातावरण में निर्माण स्थलों, सड़कों और खेतों में काम करने को मजबूर हैं, जिससे उनकी आजीविका और स्वास्थ्य गंभीर रूप से प्रभावित होते हैं।

यह संकट हमारी आधुनिक जीवनशैली और प्रशासनिक प्राथमिकताओं पर एक कड़ा प्रहार है। जहां एक ओर सरकारी फाइलों में बढ़ते 'ग्रीन कवर' के आंकड़े हमें सुकून देने की कोशिश करते हैं, वहीं जमीन पर फैलते कंक्रीट के जंगलों ने हमारे शहरों को 'धधकते तंदूर' में तब्दील कर दिया है। यह आपदा समाज की गहरी आर्थिक खाई को भी उजागर करती है, जहां 'ठंडी हवा' अब एक बुनियादी अधिकार नहीं बल्कि अमीरों की विलासिता बन गई है। बहुसंख्यक आबादी इस तापीय अन्याय का शिकार होकर अपनी जान दांव पर लगा रही है। इस असामान्य गर्मी का सबसे गहरा असर केवल मौसम के आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सीधे आम जनजीवन, कृषि व्यवस्था और शहरी बुनियादी ढांचे पर दिखाई देने लगा है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा, श्रमिकों की घटती कार्यक्षमता, पानी की बढ़ती मांग और बिजली की रिकॉर्ड खपत-ये सभी संकेत बताते हैं कि शहर और गांव दोनों ही इस तापीय दबाव के सामने असहज स्थिति में पहुंच चुके हैं। इस पृष्ठभूमि में वैश्विक तापवृद्धि और जलवायु परिवर्तन की भूमिका और भी स्पष्ट होकर सामने आती है। बढ़ते ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, अनियंत्रित शहरीकरण और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन ने वायुमंडलीय संतुलन को गहराई से प्रभावित किया है, जिसका सीधा परिणाम इस तरह की चरम मौसमीय घटनाओं के रूप में दिख रहा है। खेतों में खड़ी फसलें भी तेज़ गर्म हवाओं और नमी की कमी के कारण तनाव में हैं, जिससे आने वाले समय में खाद्य सुरक्षा पर भी प्रश्नचिह्न गहराता दिखाई देता है। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि हीट वेव अब केवल "मौसम की घटना" नहीं, बल्कि एक गहरे होते जलवायु संकट का परिणाम है और इसके पीछे हमारी नीतिगत, व्यवहारिक और विकास संबंधी विफलताओं की भूमिका को समझना अब और भी आवश्यक हो गया है। भारतीय शहरों में गर्मी का बढ़ता



प्रकोप केवल बढ़ते तापमान का नतीजा नहीं है, बल्कि 'अर्बन हीट आइलैंड' (शहरी ऊष्मा द्वीप प्रभाव) के उस प्रभाव का परिणाम है जिसने महानगरों को जीते-जागते तंदूर में बदल दिया है। जब हम शहरों को कंक्रीट, डामर और कांच की ऊंची इमारतों से पाट देते हैं, तो ये सतहें दिन भर सूरज की गर्मी को सोखती हैं। जहां ग्रामीण इलाकों में पेड़ और मिट्टी वाष्पीकरण के जरिए खुद को ठंडा रखते हैं, वहीं हमारे शहर इस गर्मी को कैद कर लेते हैं। इसका सबसे भयावह असर रात के समय दिखता है, जब सूरज ढलने के बाद भी कंक्रीट की ये दीवारें और सड़कें उस कैद की गई गर्मी को धीरे-धीरे बाहर छोड़ती हैं, जिससे रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा बना रहता है। यह 'थर्मल ट्रैप' शहरवासियों को चौबीसों घंटे एक असहज अंगीठी में झोंक देता है।

विडंबना यह है कि इस तपिश को कम करने का प्राकृतिक समाधान यानी हमारे 'पेड़', विकास की अंधी दौड़ में सबसे पहले काटे जा रहे हैं। फ्लाईओवर्स, मेट्रो लाइन्स और चौड़ी सड़कों के नाम पर शहरों के उन पुराने और घने पेड़ों की बलि दी जा रही है जो दशकों से हमारे 'नेचुरल एयर कंडीशनर' का काम कर रहे थे। इसका सबसे ज्वलंत और दुखद उदाहरण नासिक में देखने को मिलता है, 250 साल पुराने बरगद और पीपल के पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी गई। ये केवल पेड़ नहीं थे, बल्कि उस क्षेत्र की जैव-विविधता और शीतलता के संरक्षक थे। एक परिपक्व पेड़ अपने आसपास के वातावरण को 2 से 4 डिग्री तक ठंडा रख सकता है, लेकिन 'विकास' की कागजी योजनाएं अक्सर एक पुराने घने पेड़ के बदले दस नए छोटे पौधे लगाने का झांसा देती हैं। हकीकत यह है कि एक पुराना बरगद या पीपल का पेड़ जितना कार्बन सोखता है और ठंडक देता है, उसकी जगह ये नए छोटे पौधे अगले बीस साल तक नहीं ले सकते। जहां पहले घनी हरियाली लू के थपेड़ों को फिल्टर करती थी, अब वहां केवल कंक्रीट की सतहें हैं जो गर्मी को कई गुना बढ़ा देती हैं। यह केवल हरियाली का नुकसान नहीं है, बल्कि एक सुविचारित पर्यावरणीय आत्महत्या है। भारत की इस जलती हुई हकीकत को बदलने के लिए हमें अपनी रणनीतियों को कागजों से बाहर निकालना होगा। सबसे पहले, हमें 'हीट एक्शन प्लान' की बुनियादी खामियों को सुधारना होगा। वर्तमान में भारत के अधिकांश 'हीट एक्शन प्लान' केवल 'रिएक्टिव' हैं यानी वे केवल तापमान बढ़ने पर अलर्ट जारी करते हैं या पानी के स्टॉल लगवाते हैं। असल में, हमें 'प्रोएक्टिव' 'हीट एक्शन प्लान' की जरूरत है, जो सर्दी के मौसम से ही काम शुरू कर दे, जैसे कि सड़कों को सफेद रिफ्लेक्टिव पेंट से रंगना और शहरों में जल निकायों को पुनर्जीवित करना। 2026 की यह गर्मी हमें यह समझने पर मजबूर करती है कि केवल वाटर कूलर लगाने या रेड अलर्ट जारी करने से हम सुरक्षित नहीं होंगे। हमें भारत में भी 'हीटवेव' को 'अधिसूचित आपदा' घोषित करना होगा ताकि इसके समाधान के लिए कानूनी जवाबदेही तय हो सके। हमें नासिक और अरावली जैसी गलतियों से सीखना होगा कि पुराने पेड़ों को काटना भविष्य की पीढ़ियों की 'सांसों और शीतलता' की चोरी करने जैसा है।

अंततः, जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं है। एक नागरिक के रूप में हमें अपनी जीवनशैली और मतदान के मुद्दों में 'पर्यावरण' को प्राथमिकता देनी होगी। जब तक हम अपने घरों के सामने टाइल्स लगाने के बजाय मिट्टी और पेड़ को जगह नहीं देंगे, और जब तक हमारी नीतियां 'विकास' को 'विनाश' से अलग नहीं करेंगी, तब तक हम इसी तरह हर साल और भी भीषण अंगीठियों में झुलसते रहेंगे। समय रेत की तरह फिसल रहा है; या तो हम आज 'ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर' में निवेश करें, या फिर कल एक जलते हुए भारत के लिए तैयार रहें।

(लेखक सलाहकार राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

नृत्य दिवस विशेष
श्वेता गोयल



# शब्दहीन भावों से विश्व को जोड़ने वाली शक्ति है नृत्य

मानव सभ्यता की सबसे पुरानी अभिव्यक्तियों में से एक है 'नृत्य'। जब शब्द अस्तित्व में नहीं थे, तब शरीर की गति ही संवाद का माध्यम थी। समय के साथ नृत्य ने भिन्न-भिन्न संस्कृतियों में अनेक रूप धारण किए और आज यह विश्वभर में एक जीवित कला के रूप में स्थापित है। नृत्य अब वैश्विक संदर्भ में केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रहा, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक कूटनीति का प्रभावी साधन बन चुका है। नवीनतम 'विश्व नृत्य रिपोर्ट' के अनुसार, वैश्विक स्तर पर नृत्य उद्योग का आकार 45 अरब डॉलर से अधिक पहुंच गया है। वर्चुअल नृत्य कार्यक्रमों में वर्ष 2020 के मुकाबले 2025 तक 60 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है। नृत्य चिकित्सा को अब मानसिक स्वास्थ्य उपचारों में सम्मिलित किया जा रहा है। अनेक देशों में चिकित्सक अवसाद, चिंता और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याओं के उपचार में नृत्य आधारित विधियों का उपयोग किया जा रहा है। विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं ने भी नृत्य को शिक्षा के एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में स्वीकार किया है, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सृजनात्मकता का विकास होता है। नृत्य की विविधता, उसकी समावेशिता और उसके सामाजिक महत्व का उत्सव मनाने के लिए प्रत्येक वर्ष 29 अप्रैल को 'अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस नृत्य को एक साझा मानव धरोहर के रूप में प्रस्तुत करता है, जिसमें भौगोलिक सीमाओं, जाति, धर्म, भाषा या राजनीतिक विचारधाराओं की कोई बाधा नहीं होती। इस अवसर पर करीब 170 देशों में एक साथ नृत्य महोत्सवों, कार्यशालाओं और सार्वजनिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाने की शुरुआत एक गैर सरकारी संगठन 'अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संस्थान' (आईटीआई) की 'अंतरराष्ट्रीय नृत्य समिति' द्वारा 1982 में की गई थी, जो 'यूनेस्को' का हिस्सा है। यह दिवस नृत्य के जादूगर माने जाने वाले जीन जॉर्जेस नोवेरे को समर्पित है। 'फादर ऑफ बैले' के नाम से विख्यात जीन जॉर्जेस नोवेरे एक सुप्रसिद्ध बैले मास्टर थे, जिनका जन्म 29 अप्रैल 1727 को हुआ था। पहली बार 1982 में आईटीआई की नृत्य समिति ने उनके जन्मदिन 29 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की थी, जिसके बाद से यह दिवस हर साल 29 अप्रैल को मनाया जाने लगा। जॉर्जेस नोवेरे ने नृत्य पर 'लेटर्स ऑन द डांस' नामक एक पुस्तक भी लिखी थी, जिसमें नृत्य से जुड़ी एक-एक चीज मौजूद हैं। इस पुस्तक के बारे में कहा जाता है कि इसे पढ़कर कोई भी नृत्य करना सीख सकता है। नृत्य परंपरा की दृष्टि से भारत विश्व के सबसे समृद्ध देशों में से एक है। भारतीय नृत्य हजारों वर्षों से चली आ रही एक जीवंत और विकसित परंपरा है, जिसकी जड़ें वेदों, पुराणों, महाकाव्यों और शास्त्रों में गहराई से समाहित हैं। भारतीय नृत्य की विशिष्टता उसकी आध्यात्मिक गहराई, दार्शनिकता और सामाजिक प्रतिबद्धता में निहित है। भारतीय नृत्य केवल सौंदर्य प्रदर्शन नहीं बल्कि आध्यात्मिक साधना का माध्यम है। नाट्यशास्त्र भारतीय नृत्य की बुनियादी संरचना और सिद्धांतों का आधार है। इस ग्रंथ में नृत्य, नाट्य और संगीत के तत्वों का अत्यंत वैज्ञानिक और विशद विवरण दिया गया है। भारत में नृत्य की विविधता उसकी सांस्कृतिक विविधता की तरह अद्भुत है। प्रत्येक क्षेत्र, प्रत्येक राज्य, यहां तक कि कई गांवों की भी अपनी विशिष्ट नृत्य परंपराएं हैं। भारत के शास्त्रीय नृत्य रूप जैसे भरतनाट्यम, कथक, ओडिसी, कुचिपुड़ी, मोहिनीअट्टम, कथकली, मणिपुरी न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। इन सभी शास्त्रीय नृत्य शैलियों में अंग संचालन, हस्तमुद्राएं, नेत्र भाव, पद संचालन और ताल की अत्यंत जटिल विधियां हैं, जिन्हें साधना द्वारा वर्षों में सिद्ध किया जाता है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य का एक प्रमुख उद्देश्य जीवन के रहस्यों को भावों के माध्यम से व्यक्त करना है। आज जब दुनिया विभाजन, संघर्ष और असहिष्णुता के संकट से गुजर रही है, तब नृत्य एक ऐसा माध्यम बन सकता है, जो दिलों को जोड़ने, घावों को भरने और मानवता को एक सूत्र में पिरोने की क्षमता रखता है। भारतीय नृत्य, जिसमें प्रकृति, भक्ति, प्रेम, वीरता और करुणा के विविध आयाम समाहित हैं, वैश्विक मंच पर इस उम्मीद का प्रतीक बनकर उभर रहा है कि कला के माध्यम से हम एक बेहतर, अधिक सहिष्णु और सुंदर विश्व का निर्माण कर सकते हैं। नृत्य आत्मा से आत्मा तक एक अनुभव है, एक संवाद है, एक यात्रा है। भारत की नृत्य परंपरा इस यात्रा की एक अनंत धारा है, जो सदियों से बह रही है और भविष्य में भी मानवता को दिशा देती रहेगी।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## कृष्ण योग के सूत्र



संकलित
दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है । वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मस्तिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के 'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मों में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं-अकर्म, कर्म और विकर्म।

## तुलसीदास जी ने स्त्री को पुरुष में बदला



संकलित
प्रेरणा

चरवारी के ठाकुर की लड़की जो कि बहुत ही सुन्दरी थी। इसके माता पिता को बहुत प्रयास करने पर पुत्र प्राप्त नहीं हुआ, पुत्री हो गयी। उन्होंने सबसे यह बात छुपाकर रखी कि हमें पुत्री हुई है। उन्होंने बचपन से ही उस पुत्री को पुरुष जैसे कपड़े पहनाएं, बोलचाल भी लड़के जैसे सीखा रखी थी। जब विवाह का समय आया तो माँ बाप ने सत्य बात किसी से कही नहीं, क्योंकि उनकी इज्जत पानी में मिल जाती। अब उनकी पुत्री जीसे उन्होंने पुरुष की तरह बनवा रखा था, उसका विवाह एक स्त्री के साथ हो गया। विवाह के बाद सच सामने आ गया कि यह तो स्त्री है, ना कि कोई पुरुष। परंतु विवाह हो चुका था, लोग करते भी क्या? स्त्री का विवाह स्त्री से हो गया। एक दिन जब गोस्वामी जी उधर से निकले, तब लोगों ने उन्हें घेर लिया और प्रार्थना की कि इस कन्या की रक्षा कीजिये। गोस्वामी जी ने श्री रामचरितमानस का नवाह पाठ किया और वह स्त्री सें पुरुष बन गयी। यह देखकर गोस्वामी जी का शरीर पुलकित हो गया और उनके मुंह से अतर्कित ही जय जय सीताराम निकल गया । परिवार को साथ लोग भी खुश हो गए। परिवार ने गोस्वामी जी का बहुत उपकार माना, जिन्होंने उनकी पुत्री को लड़का बना दिया । परिवार की भी बात रह गई।

## सटाका




### आज की पाती

#### मां के दूध में भी मिलावट

मां का दूध शिशु के लिए प्रकृति का सबसे सुरक्षित और संपूर्ण आहार माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी जीवन के शुरुआती छह महीनों तक केवल स्तनपान की सिफारिश करता है, क्योंकि यह न सिर्फ पोषण देता है बल्कि रोगों से सुरक्षा भी प्रदान करता है। लेकिन हाल के वर्षों में वैज्ञानिक शोधों ने एक नई चिंता को जन्म दिया है- मां के दूध में माइक्रोप्लास्टिक, कीटनाशकों, भारी धातुओं और यहां तक कि यूरेनियम जैसे रेडियोधर्मी तत्वों की मौजूदगी। यह स्थिति केवल भारत तक सीमित नहीं है। 2022 में इटली और नीदरलैंड में किए गए अध्ययनों में पहली बार मानव ब्रेस्टमिल्क में माइक्रोप्लास्टिक कणों का पता चला। ये सूक्ष्म प्लास्टिक कण हमारे खाने, पानी और हवा के माध्यम से शरीर में प्रवेश करते हैं। – *दिवाकर राजवंशी, कांकेर*

## ट्रेंड

### 'ऑपरेशन सिंदूर'



'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमने यह स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद के केंद्र अब किसी भी तरह से सजा से बच नहीं सकते। यह अभियान आतंकवाद और उसके समर्थकों के प्रति हमारे 'शून्य सहिष्णुता' के दृष्टिकोण का प्रमाण है।
**-राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

### मुक्त व्यापार समझौता



भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता हमारे किसानों, युवाओं, लघु एवं मध्यम उद्यमों और नवप्रवर्तकों के लिए नए अवसर खोलेगा, साथ ही भारत को 'विकसित भारत' की ओर अग्रसर होने में गति प्रदान करेगा। **-योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उप्र

### ममता का बयान



ममता दीदी ने कहा है कि बंगाल के हिंदू एक विशेष समुदाय से संबंधित मामलों में उनकी वजह से अधिक सुरक्षित हैं। दीदी का यह बयान न केवल चिंताजनक है, बल्कि बंगाल के भविष्य के लिए खतरनाक, समाज में फूट डालने वाला और सांप्रदायिक भी है।
**- हिमंता बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

### बिहारी होने का 'अपराध'



भाजपा सरकार में "बिहारी होना" सबसे बड़ा अपराध और राजद्रोह बन गया है। नई दिल्ली में खगड़िया के युवक पांडव कुमार की मात्र इसलिए गोली मारकर हत्या कर दी गई क्योंकि वह 'बिहारी' था। बिहारी होने के 'अपराध' के लिए उसका दोस्त कृष्णा जीवन और मृत्यु के बीच जूझ रहा है।
**- तेजस्वी यादव,** पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

### पहले चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार चयन मंडल में भारतवंशी

पहले चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार 2027 के चयन मंडल की मंगलवार को घोषणा की गई, जिसमें उत्तरी लंदन में बच्चों की किताब दुकान संचालित करने वाली एक भारतवंशी विक्रेता को भी शामिल किया गया है। मसवेल हिल स्थित पुरस्कृत 'बच्चों की किताब दुकान' की मालिक संचिता बसु डे सरकार, लेखक फ्रैंक कॉटरेल-बॉयस और अभिनेत्री लॉली एडेफोपे के साथ मिलकर आठ से बारह वर्ष की आयु के बच्चों के लिए समकालीन सर्वश्रेष्ठ कथा साहित्य का चयन करेंगी। वार्षिक बुकर पुरस्कार की तरह ही, बच्चों के लिए इस साहित्यिक पुरस्कार के विजेता को 50,000 पाउंड की राशि दी जाएगी और अंतिम सूची में चयनित लेखकों को 2,500 पाउंड मिलेंगे। पहला चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार दो फरवरी 2027 को उस कृति को दिया जाएगा, जो अंग्रेजी में लिखी गई हो या अंग्रेजी में अनूदित हो और जिसका प्रकाशन ब्रिटेन और/या आयरलैंड में हुआ हो। 'साउथ एशियन इलस्ट्रेशन एंड लिटरेचर फेस्टिवल' की सह-संस्थापक संचिता बसु डे सरकार ने कहा, ' 'यह मेरे लिए उन सभी चीजों को एक साथ लेकर आता है जिन्हें मैं पसंद करती हूं- ढेर सारी बच्चों की किताबें पढ़ना, उनके बारे में कुछ बेहद प्रतिभाशाली लोगों के साथ चर्चा करना, और इन किताबों को देशभर के बच्चों तक पहुंचाना ताकि हम इस बातचीत को आगे बढ़ा सकें।



## ऑफ बीट

### पानी गीला क्यों होता है?

बारिश के मौसम में जब आप बिना छतरी के भीग जाते हैं, तो गीलापन महसूस होता है। लेकिन सवाल यह है कि पानी आखिर गीला क्यों होता है? वायुमंडलीय वैज्ञानिकों के अनुसार, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के अणुओं से बने पानी की यह विशेषता वास्तव में उसके अणुओं के आपसी व्यवहार और आसपास की चीजों के साथ उनकी प्रतिक्रिया पर निर्भर करती है। वैज्ञानिक बताते हैं कि पानी के अणु एक-दूसरे और अन्य पदार्थों से बहुत तेजी से आकर्षित होते हैं। इस गुण को आसंजन (एडहेज़न) कहा जाता है। पानी के अणु ध्रुवीय होते हैं, यानी उनके एक छोर पर हल्का धनात्मक और दूसरे छोर पर हल्का ऋणात्मक आवेश होता है। यही कारण है कि वे त्वचा, कपड़े और कांच जैसी सतहों से आसानी से चिपक जाते हैं। जब पानी किसी सतह के संपर्क में आता है, तो वह उस पर फैल जाता है और मजबूती से चिपक जाता है। इसी वजह से हमें लगता है कि कोई वस्तु गीली है। वैज्ञानिकों के अनुसार, गीलापन इस बात पर निर्भर करता है कि कोई द्रव किसी सतह के साथ कितनी अच्छी तरह संपर्क बनाए रखता है। इसके विपरीत, पारा यानी मरकरी जैसे धातु में सतहों से चिपकने की क्षमता बहुत कम होती है क्योंकि उसके अणु आपस में अधिक मजबूती से जुड़े रहते हैं। इसे संसंजन/(कोहेज़न) कहा जाता है। गीलेपन का एक और महत्वपूर्ण पहलू ठंडक का एहसास है। जब पानी या कोई द्रव वाष्पित होता है, तो उसे ऊर्जा की आवश्यकता होती है, जिसे वह अपने आसपास की गर्मी से लेता है।



# शास्त्रीय नृत्य को पहचान बना समर्पण और साधना से रच रहीं इतिहास

# शहर की ऐसी नृत्यांगनाएं, जो अपनी कला से रच रहीं नई पीढ़ी का भविष्य

## वर्ल्ड डांस-डे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शास्त्रीय नृत्य केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिक चेतना का जीवंत स्वरूप है। कथक, भरतनाट्यम, ओडिशी, कुचिपुड़ी और अन्य शास्त्रीय नृत्य शैलियां सदियों पुरानी सांस्कृतिक विरासत को आज भी जीवंत बनाए हुए हैं और इन सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना अब कई प्रतिभाशाली नृत्यांगनाओं का उद्देश्य बन चुका है।

आज वर्ल्ड डांस-डे पर हरिभूमि ने शहर की कुछ ऐसी ही प्रसिद्ध क्लासिकल नृत्यांगनाओं को चुना जिन्होंने अपने नृत्य से न केवल राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, बल्कि सैकड़ों बच्चों को नृत्य की शिक्षा देकर इस कला की परंपरा को आगे बढ़ाने का काम भी किया। अपने नृत्य के माध्यम से समाज, संस्कृति और नई पीढ़ी को जोड़ने वाली इन नृत्यांगनाओं ने हरिभूमि से बातचीत में अपने संघर्ष, साधना और कला यात्रा के अनुभव साझा किए।

### स्वाति सैकड़ों अंडर प्रिवलेज बच्चों को दे रहीं निःशुल्क नृत्य प्रशिक्षण



*26 वर्षों से कथक को अपने जीवन का आधार बनाने वाली स्वाति पिल्लई लगभग 3 साल की उम्र से कथक सीख रही हैं, वर्ल्ड कल्चरल फेस्टिवल में पंडित बिरजू महाराज के साथ गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने वाली स्वाति कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजी जा चुकी हैं, स्वाति मुख्य रूप से अंडर प्रिवलेज बच्चों को कथक की निःशुल्क शिक्षा देती हैं। खजुराहो नृत्य महोत्सव सहित कई राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रस्तुति देने वाली स्वाति ने कहा कि जब मैंने कथक सीखा तो लगा कि कुछ ऐसे भी बच्चे हैं, जिन्हें नृत्य का शौक है, लेकिन वो अभावों के चलते नृत्य नहीं सीख पाते, ऐसे में मैंने निर्णय लिया कि ऐसे बच्चों को निःशुल्क नृत्य सिखाऊंगी और यही वजह रही कि आज तक मेरे द्वारा करीब 150 से अधिक बच्चों को निःशुल्क नृत्य प्रशिक्षण दिया जा चुका है। यही नहीं नृत्य में कई नवाचार भी किए जिन्में रविंद्र नाथ टैगोर की रचना 'काव्य रंग' के साथ-साथ 'हनुमान चालीसा' पर कथक नृत्य कोरियोग्राफ किया है। उन्होंने कहा कि निःशुल्क नृत्य शिक्षा से जहां इनमें से कई बच्चे अपनी डांस क्लास चला रहे हैं तो वहीं गुरु शिष्य परम्परा के वाहक की भूमिका भी उम्दा ढंग से निभा रहे हैं।*

### एक हजार से अधिक बच्चों को दी नृत्य की शिक्षा

भरतनाट्यम नृत्यांगना सुरभि होम्बल ने कहा कि मैं यह कह सकती हूं कि मेरे नृत्य के जनक यदि कोई है तो मेरे नाना जी गुरु शंकर होम्बल ही हैं, उन्होंने ही मुझे नृत्य की शिक्षा दी और कहा कि इस परंपरा को तुम्हें आगे लेकर जाना है। मुझ पर मेरे नाना जी का



आशीर्वाद रहा कि मैं इस परंपरा की वाहक रही और आगे लेकर जा रही हूं। शहर की प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना भारती होम्बल की बेटी सुरभि ने कहा कि आज कई स्कूल, कॉलेज में बच्चों को भरतनाट्यम की शिक्षा दे रही हूं। यही नहीं कोविड के समय मैंने देश ओर विदेशी में नृत्य की शिक्षा दी। कला मनीषि अवॉर्ड से सम्मानित सुरभि ने कहा कि हाल ही में सुभाष स्कूल में आयोजित अनुगूंज में करीब 150 बच्चों को मैंने निर्देशित किया और उन्हें नृत्य सिखाया। करीब हजार से ज्यादा बच्चों को नृत्य की शिक्षा दे चुकीं, सुरभि खैरागढ़ यूनिवर्सिटी से गोल्ड मेडलिस्ट भी हैं। उन्होंने कहा कि अभी मेरे पास 100 बच्चे हैं जिनको मैं नृत्य की शिक्षा दे रही हूं।

### पद्मश्री गीता चंद्रन के सानिध्य में कर रहीं भरतनाट्यम का अध्ययन

*7 साल की उम्र से नृत्य को अपने जीवन का आधार बनाने वाली श्वेता देवेंद्र वर्तमान में पद्मश्री गुरु गीता चंद्रन के सानिध्य में भरतनाट्यम का अध्ययन कर रही हैं। अरंगेट्रम के साथ 2003 में एकल कलाकार के रूप में अपनी यात्रा शुरू करने वाली श्वेता कहती हैं कि मैंने फेस्टिवल ऑफ इंडिया के अंतर्गत अफ्रीका, ग्लासगो, यूके में अपनी प्रस्तुति दी है। इसके साथ ही कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपने नृत्य का हुनर मनाने वाली श्वेता ने कई नृत्य नाटिकाओं का निर्देशन किया है जैसे ॐ नमः शिवाय, कच्छ देवयानी, नारी, वसुंधरा, दशावतार, माधवदर्शनम, तप्ती की अमृत गाथा आदि। मप्र स्थापना दिवस-2025 पर नृत्य निर्देशन करने वाली श्वेता ने कहा कि अभी तक मैंने करीब 500 से अधिक शिष्याओं को नृत्य की शिक्षा दी है। और यह बच्चे अब कई राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रस्तुति के माध्यम से शहर का नाम रौशन कर रहे हैं।*



---



## लोकधुनों, रंगमंच और संस्कृति के रंगों से सजा क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान

# द्रौपदी चीरहरण की वेदना संग नजर आई तुमबाड की रहस्मयी दुनिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जब सुरों ने संवेदनाओं को छुआ, अभिनय ने इतिहास को जीवंत किया और युवा प्रतिभाओं ने मंच पर संस्कृति की आत्मा को साकार किया, तब क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान का सभागार तालियों की गूंज से देर तक सराबोर रहा।

विद्यार्थी परिषद गतिविधियां-2026 के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रथम दिवस सांस्कृतिक संध्या में द्रौपदी चीरहरण की पीड़ा, रानी पद्मावती के साहस तथा तुम्बाड की रहस्यमयी कथा को विद्यार्थियों ने प्रभावशाली अभिनय और सशक्त मंचन के माध्यम से जीवंत कर दिया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।

### थीमेटिक प्रोडक्शन सहित एकल व समूह गायन

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य शिव कुमार गुप्ता, डीन जयदीप मंडल सभी विभागाध्यक्षों तथा सीएसए द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। पहले दिन एकल गायन, युगल गायन, समूह गायन और थीमेटिक प्रोडक्शन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को संगीत से सराबोर कर दिया।

### विद्यार्थियों का रचनात्मकता अभिनय कौशल रहा खास

थीमेटिक प्रोडक्शन ने कार्यक्रम को विशेष ऊंचाई प्रदान की, जिसमें द्रौपदी चीरहरण, रानी पद्मावती के साहस तथा तुम्बाड की गाथा को दिखाया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता, अभिनय कौशल और भारतीय संस्कृति के प्रति उनकी गहरी संवेदनशीलता ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



## दुष्यंत संग्रहालय में चार दिनी अंर्तनाद नाट्य समारोह में नाटक की प्रस्तुति

# समकालीन प्रश्नों से जूझता एक सशक्त नाट्य-प्रयोग है 'बियॉन्ड बाइनरी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दुष्यंत कुमार संग्रहालय में आयोजित अंर्तनाद नाट्य समारोह 2026 के दूसरे दिन प्रस्तुत नाटक बियॉन्ड बाइनरी समकालीन रंगभाषा की एक प्रयोगधर्मी और विचारोत्तेजक अभिव्यक्ति के रूप में उभरकर सामने आया। रंगकर्मी उज्ज्वल सिन्हा के निर्देशन में तैयार यह प्रस्तुति न केवल मंचीय शिल्प के स्तर पर प्रभावशाली रही, बल्कि वैचारिक गहराई के कारण दर्शकों को आत्ममंथन के लिए भी प्रेरित करती है। नाटक की संरचना स्पष्ट रूप से विजय तेंदुलकर के प्रसिद्ध नाटक खामोश अदालत जारी है से प्रेरित है, लेकिन एक स्वतंत्र और समकालीन कथ्य के रूप में इसे प्रस्तुति के लिए तैयार किया गया। नाटक की कहानी एक समूह के सामूहिक खेल-अभ्यास से आरंभ होती है, जहां कलाकार एक काल्पनिक परिस्थिति का निर्माण करते हैं। प्रारंभ में यह एक सहज, हल्का-फुल्का अभिनय-प्रयोग प्रतीत होता है, लेकिन धीरे-धीरे यह खेल एक गंभीर सामाजिक-मानसिक परतों को उद्घाटित करने वाले नाटकीय अनुभव में परिवर्तित हो जाता है। इस अवसर पर प्रो.अमितबोध उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।



नाटक बियॉन्ड बाइनरी का मंचन करते कलाकार।

### नैतिकता और स्वतंत्रता पर उठते हैं प्रश्न

*नाटक का मूल केंद्र पहचान और पूर्वाग्रह है। पात्रों के बीच चल रहे संवाद और अभिनय-प्रयोग के दौरान लिंग-आधारित धारणाएं, सामाजिक प्रतिष्ठा, नैतिकता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता जैसे प्रश्न उभरते हैं। जैसे-जैसे नाटक आगे बढ़ता है, खेल और वास्तविकता के बीच की सीमाएं धुंधली होने लगती हैं। पात्र अनजाने में अपने वास्तविक दृष्टिकोण और छिपे हुए पूर्वाग्रहों को उजागर करने लगते हैं, जिससे मंच पर एक प्रकार का मनोवैज्ञानिक ट्रायल निर्मित होता है। यही वह बिंदु है जहां नाटक अपनी वैचारिक तीक्ष्णता के चरम पर पहुंचता है। नाटक में समकालीन समाज में व्याप्त द्विआधारी सोच पर प्रश्नचिह्न लगाते हुए दर्शकों को यह सोचने पर मजबूर करता है कि वास्तविकता केवल 'हां' या 'ना' में सीमित नहीं होती। यह नाटक एक अनुभव है जहां रंगमंच केवल प्रस्तुति नहीं, बल्कि विचारों के टकराव और आत्मबोध का माध्यम बन जाता है।*

### कथ्य और अभिनय पर केंद्रित

निर्देशन की दृष्टि से यह प्रस्तुति कोलैबोरेटिव थिएटर की प्रक्रिया को सशक्त रूप में सामने लाती है। कलाकारों के साथ निरंतर संवाद और इम्प्रोवाइजेशन के माध्यम से विकसित दृश्य रचना नाटक को एक जीवंत और स्वाभाविक प्रवाह प्रदान करती है। मंच-सज्जा न्यूनतम होते हुए भी प्रतीकात्मक है, जो दर्शकों का ध्यान कथ्य और अभिनय पर केंद्रित रखती है।



विश्व नृत्य दिवस पर 50 विद्यार्थी सामूहिक कथक नृत्य करते हुए।

## विश्व नृत्य दिवस पर विविधा अकादमी के विद्यार्थियों ने नृत्य कर बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विश्व नृत्य दिवस के अवसर पर के 50 विद्यार्थियों ने कथक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक मंत्रोच्चार के साथ प्रस्तुत इस विशेष नृत्य ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। विद्यार्थियों ने ताल, लय और भाव-भंगिमाओं के अद्भुत समन्वय के माध्यम से भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कथक की सुंदर मुद्राओं और सशक्त अभिव्यक्ति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

## वूमंस पॉलिटेक्निक में लघु नाटिका प्रतियोगिता का आयोजन

# डिजिटल युग की चुनौतियों पर मंथन, इंपैक्ट ऑफ एआई विषय पर स्किट प्रतियोगिता हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वूमंस पॉलिटेक्निक में आयोजित 7वें राज्य स्तरीय अंतर पॉलिटेक्निक तकनीकी प्रदर्शन-2026 के दूसरे दिन तकनीकी दक्षता एवं सृजनात्मक प्रतिभा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण इम्पैक्ट ऑफ एआई ऑन आवर लाइफ विषय पर आधारित लघु नाटिका प्रतियोगिता रही। प्रतियोगिता के मूल्यांकन हेतु निर्णायक मंडल में रघु पांडे और डॉ. विशाल भारवेश उपस्थित रहे। दोनों विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुति, विषय की समझ तथा अभिव्यक्ति कौशल का सूक्ष्म मूल्यांकन किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के विभिन्न पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों की आठ टीमों ने सहभागिता की। छात्राओं ने लघु नाटिकाओं के माध्यम से कृत्रिम बुद्धिमत्ता के वर्तमान जीवन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों तथा उससे उत्पन्न होने वाली भावी चुनौतियों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।



### यह रहे विजेता

- **प्रथम पुरस्कार** : रंजना राजपूत एवं टीम,
- **नगद पुरस्कार** : 3500 रुपए
- **द्वितीय पुरस्कार** : सुमित एवं टीम,
- **नगद पुरस्कार** : 2500 रुपए

## केंद्रीय जेल में लगी लोक अदालत, दो खंडपीठों ने सुने 44 प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में भोपाल केन्द्रीय जेल में जेल लोक अदालत का आयोजन हुआ। जेल लोक अदालत का शुभारंभ मप्र उच्च न्यायलय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा द्वारा केन्द्रीय जेल ग्वालियर से मप्र के समस्त केन्द्रीय जेल, जिला जेल, सब जेलों में वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया।

### जेल लोक अदालत के माध्यम से अनेक बंदियों को लाभांवित किया गया

केन्द्रीय जेल भोपाल में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव, अपर सत्र न्यायाधीश दीपक बंसल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुनीत अग्रवाल, विधिक सहायता अधिकारी बीएम सिंह, अतिरिक्त लोक अभियोजक सहित अन्य अधिकारी शुभारंभ अवसर पर उपस्थित रहे। जेल लोक अदालत के लिए कुल 44 प्रकरण चिन्हित किए गए थे, जिसके लिए 2 खंडपीठों का गठन किया गया था, जेल लोक अदालत के माध्यम से अनेक बंदियों को लाभांवित किया गया।

## उत्साह और रचनात्मकता के साथ शुरू हुई 'स्वप्नयान बाल नाट्य कार्यशाला'

# विहान ड्रामा वर्क्स चिल्ड्रेन थिएटर विंग 'स्वप्नयान' की वर्कशॉप का शुभारंभ




'स्वप्नयान- चिल्ड्रन्स थिएटर वर्कशॉप में उपस्थित बच्चे और अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विहान ड्रामा वर्क्स की चिल्ड्रेन थिएटर विंग 'स्वप्नयान' द्वारा आयोजित 'स्वप्नयान- चिल्ड्रन्स थिएटर वर्कशॉप 2026' का शुभारंभ उत्सवपूर्ण माहौल में हुआ। कार्यशाला की शुरुआत बच्चों ने स्वयं खेल, संवाद और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से की। पहले दिन बच्चों ने एक-दूसरे और स्वप्नयान परिवार के साथियों से परिचय किया तथा अपने अनुभव साझा किए।

### बच्चों में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ

पहले दिन आयोजित वर्कशाप में विभिन्न थिएटर गेम्स, इंटरेक्शन और फिजिकल एक्टिवेशन से जुड़े अभ्यासों के माध्यम से बच्चों में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ। खेल और संवाद आधारित इस प्रक्रिया ने बच्चों को सहजता से जोड़ते हुए एक जीवंत और रचनात्मक वातावरण की शुरुआत की। कई बच्चों ने इस कार्यशाला को 'घर लौटने' जैसा अनुभव बताया। इस अवसर पर अमिताभ पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि विहान ड्रामा वर्क्स कला और संस्कृति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। यह कार्यशाला 20 मई 2026 तक सेवन हिल्स पब्लिक स्कूल, न्यू मार्केट में आयोजित की जाएगी।

## गौहर महल में शुरू हुआ एक्सपो 10 मई तक चलेगा

# शिल्प और संस्कृति का संगम बना स्टेट हैंडलूम एक्सपो 2026

**भोपाल।** गौहर महल में सोमवार से स्टेट हैंडलूम एक्सपो 2026 की शुरुआत हुई। 10 मई तक चलने वाले इस प्रतिष्ठित आयोजन का उद्देश्य देशभर की पारंपरिक बुनाई कला को एक मंच पर लाना और शिल्पियों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ना है। एक्सपो का आयोजन संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम द्वारा किया गया है। इस एक्सपो में देश के 10 राज्यों से आए 60 से अधिक बुनकर अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं।



एक्सपो का शुभारंभ करते अतिथि।

### एक्सपो का शुभारंभ मंत्री दिलीप जायसवाल ने किया


### शिल्पियों से संवाद कर की सराहना

एक्सपो का शुभारंभ कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उन्होंने शिल्पियों से संवाद करते हुए उनके उत्पादों की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन न केवल पारंपरिक कला को संरक्षित करते हैं, बल्कि शिल्पियों को आर्थिक रूप से सशक्त भी बनाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार शिल्पकारों को बाजार उपलब्ध कराने और उनके उत्पादों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस अवसर पर सहायक प्रबंधक सुरेंद्र वर्मा, प्रबंधक रंजना निनावे, सहायक प्रबंधक मिलिंद मेंडी, उपसंचालक हैंडलूम उमेश श्रीवास्तव, एक्सपो प्रभारी अरविंद शर्मा और मेंटर एम एल शर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और कला प्रेमी उपस्थित रहे।

### एक्सपो में यह है खास

*एक्सपो में प्रदर्शित उत्पादों की विविधता इसे खास बनाती है। यहां साड़ियों के अलावा दुपट्टे, स्टोल, कुर्ता-पीस, बेडशीट, कुशन कवर और होम डेकोर से जुड़े कई आकर्षक उत्पाद उपलब्ध हैं। हस्तनिर्मित होने के कारण हर वस्तु अपनी अलग पहचान रखती है, जो ग्राहकों को विशेष अनुभव प्रदान करती है। कई उत्पादों में पर्यावरण के अनुकूल सामग्री का उपयोग किया गया है, जो सतत विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।*





# डॉन 3 बंद नहीं होगी, पर्दे पर जरूर दिखेगी कहानी

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक व अभिनेता फरहान अख्तर की डॉन 3 पिछले काफी वक्त से लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली डॉन 3 अपनी कास्टिंग को लेकर विवाद में फंस गई है। फिल्म में पहले रणवीर सिंह के लिए जाने और बाद में उनके फिल्म से बाहर होने के चलते, अब फरहान के प्रोडक्शन हाउस ने रणवीर पर हर्जाना देने का दावा किया है। मामला प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया तक भी पहुंच चुका है। डॉन 3 को एक महत्वपूर्ण फिल्म बताते हुए फरहान ने कहा कि फिल्म को बंद नहीं किया जाएगा। यह उन शानदार कहानियों में से एक है, जिसे मैं अब पर्दे पर उतारना चाहता हूं।

लाइफ Style

# अनीत

## शक्ति शालिनी के सेट से सामने आया नया लुक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनीत पड्डा इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं, क्योंकि उनकी आने वाली फिल्म 'शक्ति शालिनी' की एक झलक सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। इस छोटे से वीडियो ने तुरंत सबका ध्यान खींचा है, खासकर उनके दमदार नए अवतार की वजह से, जो उनकी पहले की छवि से बिल्कुल अलग है।

वीडियो के वायरल होने के बाद से इस प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा और भी बढ़ गई है। सैयारा (2025) में एक सिंपल और सहज किरदार निभाने के बाद अनीत शक्ति शालिनी के साथ एक कहीं अधिक मुश्किल रोल में नजर आने वाली हैं। फिल्म में उन्हें डबल रोल्स में दिखाया जाएगा- शक्ति, एक रक्षक शक्ति, और शालिनी, एक अधिक क्रूर और विनाशकारी व्यक्तित्व। हालांकि, फिल्म निर्माताओं ने कहानी को गुप्त रखा है, लेकिन उनके किरदारों के बीच का अंतर पहले ही चर्चा का विषय बन चुका है। वीडियो वायरल होने के बाद से ही इंटरनेट पर लोगों ने प्यार दिखाया है। सोशल मीडिया पर दर्शक उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं और अनीत को शुभकामनाएं और 'उन्हें और टीम को ढेर सारी बधाई जैसे कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, मैडॉक को उम्मीद है कि यह फिल्म अच्छी बनेगी। अनीत और टीम को शुभकामनाएं, कई लोगों ने वीडियो को शेयर करके भी इस पर गाने लगाए हैं। 2025 में अनीत पड्डा को आधिकारिक तौर पर शक्ति शालिनी की लीड एक्ट्रेस के तौर पर चुना गया था, जिससे वह मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स के साथ भी जुड़ गईं। 21 अक्टूबर, 2025 को रिलीज हुई फिल्म थामा के पोस्ट-क्रेडिट सीन में पहली बार उनके किरदार की झलक दिखाई गई थी।



हॉलीवुड मसाला



# कॉन्सर्ट में होने वाला था हमला!

**लॉस एंजिल्स।** 2024 में ऑस्ट्रिया की राजधानी में टेलर स्विफ्ट के कॉन्सर्ट में जिहादी हमले की योजना बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। 21 साल के ऑस्ट्रियाई युवक को 2024 में सीआईए से मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। युवक पर वियना के दक्षिण में स्थित एक अदालत में मुकदमा चल रहा है। केवल बेरान ए नाम से पहचाने जाने वाले इस युवक को मंगलवार को हथकड़ियों में वियना न्यूस्टाड्ट स्थित अदालत में पेश किया गया, जहां उस पर आतंकवाद और अन्य अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।



# फास्ट फॉरएवर की तैयारी में जुटे विन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार विन डीजल ने फास्ट एंड फ्यूरियस की अपनी को-एक्ट्रेस जोर्डाना ब्रियुस्टर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। विन डीजल ने एक्ट्रेस के जन्मदिन पर साथ में तस्वीर साझा करते हुए एक दिल छू लेने वाला नोट भी साझा किया है। विन डीजल अपनी अगली फिल्म 'फास्ट फॉरएवर' की तैयारी कर रहे हैं। ये इस फ्रैंचाइजी की 11वीं मुख्य फिल्म और कुल मिलाकर 12वीं फिल्म है। द हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, यह फिल्म दो दशकों से अधिक समय से चल रही कहानी को समाप्त करने और 'फास्ट एक्स' द्वारा छोड़े गए सस्पेंस को सुलझाने की उम्मीद है। विन डीजर ने जोर्डाना ब्रियुस्टर के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में दोनों प्यार से एक-दूसरे के कंधे पर सिर रखे खड़े हैं।



# दूसरी प्रेग्नेंसी की ऐलान के बाद दिखीं...


**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने 19 अप्रैल को अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था, जिससे फैंस खुशी से झूम उठे थे। अब वह पहली बार पब्लिक के बीच नजर आईं। साथ में रणवीर सिंह भी थे। दीपिका और रणवीर को साथ में मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। दीपिका ने ब्लू कलर की ढीली-ढाली शर्ट पहनी थी, पर उसमें उनका बेबी बंप साफ नजर आ रहा था। वहीं, रणवीर गाड़ी से उतरने के बाद दीपिका को एयरपोर्ट तक संभालकर ले जाते थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह एयरपोर्ट पर पपाराजी को पोज देने के लिए नहीं रुके और सीधा अंदर चले गए। इस दौरान रणवीर, दीपिका को प्रोटेक्ट करते नजर आए। उन्होंने पहले दीपिका की गाड़ी से उतरने में मदद की और फिर कमर पर हाथ लगाकर एयरपोर्ट पर अंदर ले गए।



# दिलजीत ने जिमी को सिखाया भांगड़ा

**नई दिल्ली।** सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ की फैन फॉलोइंग ग्लोबल स्तर पर है। यही वजह है कि अब दिलजीत जिमी फैलन के 'द टुनाइट शो' में दो साल बाद वापसी करने जा रहे हैं। साल 2024 में दिलजीत ने 'द टुनाइट शो' में अपने डेब्यू से खूब सुर्खियां बटोरी थीं। अब फिर से इस शो में वापसी की घोषणा के बाद, दिलजीत का एक वीडियो वायरल है, जिसमें वो जिमी फैलन को भांगड़ा सिखाते नजर आ रहे हैं। ये एपिसोड 'द टुनाइट शो' के आगामी एपिसोड का है, जहां दिलजीत एक बार फिर अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। दिलजीत ने अपने इंस्टाग्राम पर शो के स्टूडियो से एक वीडियो शेयर किया। शो के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने भी कुछ क्लिप शेयर किए, जिनमें दिलजीत के शो में लाए गए मस्ती भरे पलों की झलक दिखाई गई है।

टीवी मसाला



# स्प्लिट्सविला 16 की प्रतियोगी प्रीत के साथ हुआ हादसा...

नई दिल्ली। एमटीवी स्प्लिट्सविला सीजन 16 की प्रतियोगी प्रीत सिंह ने हाल ही में अपने साथ हुए एक हादसे के बारे में बताया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि मुंबई के एक क्लब में उनके साथ मारपीट हुई। इसके बाद उनका एक दांत टूट गया और आंखें सूज गईं। स्प्लिट्सविला 16 से प्रीत को जल्द ही बाहर कर दिया गया। ऐसा तब हुआ जब वह विशु बजाज के साथ ओरेकल के पास गईं, लेकिन उन्हें आइडियल मैच घोषित नहीं किया गया, जिसके चलते उन्हें शो से एलिमिनेट होना पड़ा। इस शो को सनी लियोनी और करण कुंद्रा होस्ट करते हैं। इसे जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। इंस्टाग्राम पर प्रीत ने अपना एक वीडियो शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि उनकी आंखें सूजी हुई हैं। कैप्शन में, उन्होंने विस्तार से घटना के बारे में बताया है। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा 'चेतावनी। मैंने हमेशा सुना है कि मुंबई लड़कियों के लिए सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है। मगर, मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह मेरा स्वागत इस तरह करेगा। जब मैं यह लिख रही हूं, तब भी मैं कांप रही हूं। मेरी आंखें सूजी हुई हैं। मेरे चेहरे पर चोट के निशान हैं। मैं अभी भी यह समझने की कोशिश कर रही हूं कि आखिर हुआ क्या।' उन्होंने बताया कि उनके साथ क्या हुआ। उन्होंने लिखा, 'मैं बस एक क्लब में अपनी दोस्त के साथ बैठी समय बिता रही थी, तभी अचानक एक लड़की चिल्लाने लगी और सवाल करने लगी कि हमें अंदर आने की इजाजत कैसे मिली।

## जल्द ही समाप्त होने वाला है नागिन-7

**नई दिल्ली।** टीवी की क्वीन कही जाने वाली निर्माता एकता कपूर ने अपने हिट सुपरनेचुरल शो नागिन 7 को लेकर एक अहम अपडेट साझा किया है। उन्होंने पुष्टि की है कि मौजूदा सीजन जल्द ही समाप्त होने वाला है और अगले साल इसे फिर से शुरू करने की योजना है। नागिन 7 का फिनाले एपिसोड अब 7 जून को टेलीकास्ट होगा, उस दिन एकता कपूर का जन्मदिन भी है। मौजूदा सीजन में प्रियंका चाहर चौधरी मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में कहानी उनके किरदार से जुड़े एक गहन लव ट्रायंगल पर केंद्रित रही है। एकता कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में शो के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर बात करते हुए स्पष्ट किया कि सीजन को समाप्त करने का फैसला आंशिक रूप से शेड्यूलिंग की वजह से लिया गया है। उन्होंने कहा, 'नागिन को लेकर कुछ अपडेट देने आई हूं। दोस्तों, मैंने कल एक पोस्ट किया था और मुझे एहसास नहीं था कि हम अचानक शो खत्म करने वाले हैं।



# तीन दशक बाद साथ नजर आएंगे तब्बू और नागार्जुन

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार नागार्जुन ने अपनी 100वीं तेलुगु फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। फिल्म का नाम फिलहाल 'किंग 100' है। अब फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू भी शामिल हो गई हैं। तब्बू इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। खास बात ये है कि इस फिल्म के जरिए दशकों बाद तब्बू और नागार्जुन एक साथ किसी प्रोजेक्ट में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। तब्बू ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा करते हुए फिल्म से खुद के जुड़ने और शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी। तब्बू ने एक तस्वीर साझा की, जिसमें फिल्म के टाइटल वाला क्लैपरबोर्ड एक काली कुर्सी पर रखा हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'और हम शुरू करते हैं किंग100।' इसके साथ ही तब्बू ने हैशटैग में नागार्जुन का नाम लिखा है और मेकर्स को मेंशन किया है। 'किंग 100' के जरिए तब्बू और नागार्जुन लगभग 30 साल बाद साथ में वापसी कर रहे हैं। इससे पहले नागार्जुन और तब्बू साल 1996 में आई रोमांटिक फिल्म 'निन्ने पेल्लादाता' में साथ नजर आए थे। अब दर्शक तीन दशक बाद दोनों को एक ही फिल्म में देखने के लिए उत्साहित हैं। हालांकि, 'किंग 100' की कास्ट और क्रू व फिल्म की कहानी के बारे में अभी अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। वर्कफ्रंट की बात करें तो तब्बू हाल ही में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' में नजर आई हैं। इस फिल्म में परेश रावल, राजपाल यादव और वामिका गब्बी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं। फिल्म इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। वहीं, नागार्जुन को आखिरी बार पिछले साल आई रजनीकांत की तमिल एक्शन फिल्म 'कुली' में देखा गया था।



# इंस्पेक्टर से लेकर विलेन तक की निभाई भूमिका

**नई दिल्ली।** भरत कपूर ने फिल्मों में लीड एक्टर के अलावा साइड एक्टर के तौर पर काम किया। उन्होंने फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई। छोटे पर्दे पर भी उन्होंने अपना दबदबा बनाया। बॉलीवुड में 1970, 80 और 90 के दशक की कई फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता भरत कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। पिछले कुछ समय से भरत कपूर की तबीयत खराब चल रही थी। उनकी उम्र 80 साल थी।

### कैसे मिला फिल्मों में काम?

भरत कपूर का सफर संघर्षों से भरा रहा। वह थिएटर आर्टिस्ट थे। अभिनेता देव आनंद के भाई चेतन आनंद ने उन्हें फिल्मों में सबसे पहला ब्रेक दिया था। चेतन आनंद ने भरत को एक नाटक में अभिनय करते देखा था। उस नाटक का नाम था 'तनहाई'। भरत का अभिनय चेतन को पसंद आया। चेतन ने जब भरत को फिल्मों में काम करने का ऑफर दिया तो उन्होंने तुरंत स्वीकार कर लिया। भरत ने चेतन आनंद की दो फिल्मों हंसते जख्म और हिंदुस्तान की कसम में काम किया।



### लीड एक्टर के तौर पर

भरत कपूर ने अपने कॅरियर में एक ऐसी फिल्म की, जिसमें वह लीड रोल में थे। यह फिल्म गुप्त ज्ञान (1974) थी। यह फिल्म यौन शिक्षा पर आधारित थी। इसमें वह सेक्सोलोजिस्ट की भूमिका में थे। फिल्म काफी हिट रही थी। एक और फिल्म थी, जिसमें भरत ने हीरो का किरदार निभाया था। इसका नाम 'क्षितिज' था। हालांकि बतौर हीरो भरत कपूर को कामयाबी नहीं मिली।

### मुख्य फिल्में

बाजार (1982) में भरत कपूर ने अखतर हुसैन की दमदार भूमिका निभाई, जिसे आलोचकों ने सराहा। आखिरी रास्ता (1986) में उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ खलनायक का रोल किया, जिसे खूब पसंद किया गया। सोने पे सुहागा (1988) में उन्होंने प्रकाश का किरदार निभाया था, इससे उन्हें पहचान मिली। उन्होंने जंगल में मंगल (1972), दिल से मिले दिल (1978), पुलिस लॉक-अप (1995) और हिम्मतवर (1996) में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका निभाई।

### खलनायक के रोल में मिली कामयाबी

भरत कपूर ने कई फिल्मों में अभिनय किया। हालांकि, उन्हें विलेन के किरदार में कामयाबी मिली। साल 1979 में आई यश चोपड़ा की फिल्म नूरी में भरत कपूर ने बतौर विलेन काम किया। इसमें उन्होंने बशीर खान का किरदार निभाया था, जिसके लिए उन्हें तारीफ मिली। भरत कपूर की यादगार फिल्मों में सोने पे सुहागा (1988), बलिदान (1985) और मीनाक्षीः टेल ऑफ 3 सिटीज (2004), बरसात (1995) और साजन चले ससुराल (1996) हैं।

## अगले 2 साल में रिलीज होंगी 12 फिल्में

# ये माइथोलॉजिकल फिल्में एआई के दम पर मचाएंगी धमाल

***नई दिल्ली।*** *साल 2026 और 2027 सिनेमा के लिहाज से काफी अहम रहने वाला है। इस साल पहले चार महीनों में बॉर्डर 2, धुरंधर 2 और भूत बंगला जैसी फिल्मों ने कमाई के मामले में शानदार प्रदर्शन करके दिखाया है। अब साल के बाकी महीनों में भारतीय सिनेमा की तरफ से माइथोलॉजिकल जॉनर की मूवीज का दबदबा देखने को मिलेगा। जिनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वीएफएक्स टेक्नोलॉजी का एक अलग लेवल का इस्तेमाल नजर आएगा। ऐसे में आइए जानते हैं कि आने वाले अगले दो सालों में कौन-कौन सी मोस्ट अवेटेड 12 माइथोलॉजिकल मूवीज बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा।*



**रामायण पार्ट-1** : इसकी शुरुआत सुपरस्टार रणबीर कपूर की बहुचर्चित फिल्म रामायण पार्ट-1 से होगी, जिसका निर्देशन फिल्ममेकर नितेश तिवारी ने किया है। 8 ऑस्कर अवॉर्ड जीतने वाली वीएफएक्स कंपनी और हॉलीवुड स्टूडियो डीएनईजी रामायण में वीएफएक्स का काम संभाल रही है। दीवाली 2026 पर इस पौराणिक कहानी वाली फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

**चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल** : भारत की पहली एआई-पावर्ड पौराणिक फिल्म है, चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल का ऐलान बीते साल किया गया था। इतना ही नहीं 2 अप्रैल 2026 को हनुमान जयंती के अवसर पर इसकी रिलीज डेट भी फाइनल की गई थी। लेकिन, खबरों की मानें तो इस मूवी को आगे के लिए शेड्यूल कर दिया गया है।

**महावतार** : करीब दो साल पहले मैडॉक फिल्म्स की तरफ से विक्की कौशल स्टारर फिल्म महावतार की घोषणा की गई थी, जिसमें छावा एक्टर भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो महावतार को अगले साल थिएटर्स में रिलीज किया जा सकता है।

**जय हनुमान** : तेलुगू मूवी 'हनु-मैन की अपार सफलता के बाद मेकर्स ने इसके सीक्वल जय हनुमान का एलान किया था। माना जा रहा है कि इस मूवी की शूटिंग इसी साल शुरू होगी और 2027 में ये रिलीज की जाएगी। फिल्म में अभिनेता ऋषभ शेट्टी भगवान हननमान की भूमिका में नजर आएंगे। इस मूवी के लिए मोशन पिक्चर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा।

**महाकाली** : अभिनेता अक्षय खन्ना की अपकमिंग फिल्म भी माइथोलॉजिकल जॉनर से नाता रखती है। तेलुगु सिनेमा की पेशकश महाकाली को अगले साल बड़े पर्दे पर रिलीज किया जा सकता है।

**सीता- द इनकार्नेशन** : साल 2021 में अभिनेत्री कंगना रनौत ने फिल्म सीता- द इनकार्नेशन का आधिकारिक एलान किया था। इस मूवी की रिलीज का फैंस बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। अगले साल हो सकता है ये रिलीज की जाए।

**द्रौपदी** : बताया जा रहा है कि लेडी सुपरस्टार दीपिका पादुकोण का प्रोडक्शन हाउस महाभारत के लोकप्रिय पात्र द्रौपदी पर एक फिल्म बनाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, इसकी अनाउंसमेंट और रिलीज डेट की जानकारी आना बाकी है।

***कल्कि पार्ट 2*** *: साउथ सिनेमा के मशहूर फिल्ममेकर नाग अश्विन की मोस्ट अवेटेड मूवी कल्कि पार्ट 2 का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। अमिताभ बच्चन, कमल हासन और प्रभास स्टारर इस माइथोलॉजिकल और साइंस फिक्शन थ्रिलर का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। माना जा रहा है कि अगले साल ये साउथ मूवी बड़े पर्दे पर दस्त दे सकती है।*

***रामायण 2*** *: फिल्म रामायण को दो भागों में बनाया गया है। जिसका दूसरा भाग अगले साल दीवाली के मौके पर रिलीज के लिए शेड्यूल किया गया है, इसमें युद्ध कांड की कहानी को दर्शाया जाएगा।*

***महावतार परशुराम*** *: महावतार नरसिम्हा जैसी ब्लॉकबस्टर एनिमेटेड मूवी बनाने वाले होम्बले फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस की अगली फिल्म एनिमेटेड माइथोलॉजिकल फिल्म का नाम महावतार परशुराम है, जिसकी रिलीज डेट की घोषणा हाल ही में हुई है। 3D एनिमेशन और एनीमे टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से बनी इस मूवी को अगले साल दिसंबर 2027 में रिलीज किया जाएगा।*

## आईपीएस अजय पाल की चेतावनी पर जहांगीर ने दिया वैसा ही जवाब

# टीएमसी समर्थकों पर था लोगों से वोटर आईडी कार्ड जमा कराने व धमकाने का आरोप, शर्मा ने दी हिदायत तो बोला जहांगीर-वो 'सिंघम' हैं, तो मैं 'पुष्पा' हूं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ कोलकाता

दक्षिण 24 परगना जिले के फलता में टीएमसी के समर्थकों ने चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त उत्तर प्रदेश कैडर केआईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा पर पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को डराने-धमकाने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। टीएमसी के नेताओं, मंत्रियों ने आरोप लगाया कि अधिकारी अपनी भूमिका की सीमा लांघ रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस आईपीएस अधिकारी को टीएमसी समर्थकों के विरोध का सामना करना पड़ा। समर्थकों ने खान के घर के सामने 'जय बांग्ला' के नारे लगाए। चुनाव आयोग ने बताया कि शर्मा ने इलाके का दौरा तब किया, तब खान के लोग कथित तौर पर निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से वोटर आईडी कार्ड जमा करा रहे हैं और उन्हें धमका रहे हैं।



### शर्मा को चुनाव आयोग ने किया तैनात

शर्मा, जिन्हें उत्तर प्रदेश में 'सिंघम' के नाम से भी जाना जाता है, ने कहा कि वह उम्मीदवार या उसके साथियों को मतदाताओं को डराने-धमकाने की इजाजत नहीं देंगे। शर्मा उन 95 पर्यवेक्षकों में शामिल हैं, जिन्हें चुनाव आयोग ने तैनात किया है।

### खेल तुमने शुरू किया खत्म हम करेंगे,केंद्रीय बल हवा में उड़ जाएंगे

खान को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि खेल तुमने शुरू किया, लेकिन खत्म हम करेंगे। खान को यह कहते हुए भी सुना जा सकता है, हमारे इलाके में जनता ही असली ताकत है। लोग निकलेंगे तो बल हवा में उड़ जाएंगे।

## भाटपाड़ा में भाजपा विधायक के घर पर हमला, जवान घायल



भाजपा विधायक पवन सिंह

बंगाल के उत्तर 24 परगना के भाटपाड़ा में भाजपा विधायक पवन सिंह के घर पर अज्ञात हमलावरों ने पत्थरबाजी और देसी बम से हमला किया। सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ का एक जवान गोली लगने से घायल हो गया। सीआईएसएफ के अनुसार इससे पहले पवन सिंह और उनके पिता व विधायक अर्जुन सिंह पर जगतदल थाने के पास भी हमला हुआ था।

### धमकाने की इजाजत नहीं देंगे: जहांगीर

जहांगीर ने तेलुगू एक्शन फिल्म 'पुष्पा' और बॉलीवुड की फिल्म 'सिंघम' का जिक्र करते हुए कहा कि वह भाजपा द्वारा नियुक्त पुलिस अधिकारियों को मतदाताओं को धमकाने' की इजाजत नहीं देंगे। यह बंगाल है, अगर वह 'सिंघम' है, तो मैं 'पुष्पा' हूं। उन्होंने मुझ पर दबाव बनाने की कोशिश की।

### टीएमसी नेता को सरेआम गोलियों से भूना



बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के मतदान (29 अप्रैल) से पहले राज्य में हिंसा का तांडव जारी है। एक टीएमसी नेता को अज्ञात बदमाशों ने सरेआम गोली मार दी है। आनन-फानन में उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। टीएमसी ने इस हमले का आरोप विपक्षी दलों पर लगाया है, जबकि चुनाव आयोग ने मामले की रिपोर्ट तलब की है।

### 1,543 लोग गिरफ्तार, पार्षद भी शामिल

दूसरे चरण के मतदान से पहले कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी कार्रवाई की गई है। अधिकारियों के अनुसार कुल 1,543 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक टीएमसी पार्षद भी शामिल है। बर्धमान के वार्ड 22 के पार्षद पर भाजपा नेता के घर पर हमले और धमकी देने का आरोप है। वहीं, पूर्व बर्धमान, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, हुगली और नादिया जिलों में भी बड़ी संख्या में गिरफ्तारियां हुई हैं। चुनाव आयोग ने भी निगरानी बढ़ाते हुए वेबकास्टिंग सिस्टम के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर हावड़ा में लोकतंत्र के महापर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है।

## दूसरे चरण के चुनाव से पहले आयोग ने वोटर लिस्ट में जोड़े 1468 से अधिक नाम




*बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण से ठीक पहले 1468 से अधिक नामों को वोटर लिस्ट में फिर से जोड़ दिया गया है, जबकि 6नाम ऐसे हैं, जिनके बारे में न्यायाधिकरणों ने कहा कि उन्हें शामिल नहीं किया जा सकता है। हालांकि चुनाव समाप्त होने से पहले ट्रिब्यूनल द्वारा निपटाए गए मामलों की कुछ संख्या के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है।*

### 27.10 लाख नामों को चिन्हित किया गया था

*इन ट्रिब्यूनलों की घोषणा तब की गई थी, जब जांच प्रक्रिया के दौरान तार्किक विसंगतियों के कारण 27.10 लाख नामों को हटाने के लिए चिह्नित किया गया था। चुनावों से पहले समय की कमी के बावजूद इन्हें शुरू होने में काफी समय लगा और इनके कामकाज को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। स*

### दूसरे चरण की 10 सीटों पर रहेगी सबकी नजर

*2021 में 142 में से 123 सीटों पर टीएमसी ने जीत दर्ज की थी जबकि भाजपा को 18 पर जीत हासिल हुई थी। एक सीट पर अन्य ने जीत दर्ज की थी। इनमें से 10 सीटों पर सबकी नजरें हैं। इनमें भवानीपुर, कोलकाता ,टॉलीगंज,बालीगंज,श्यामपुकुर, दमदम, दमदम उत्तर,रासबिहारी और नौपाड़ा शामिल हैं।*

## खबर संक्षेप

### आईआईटी खड़गपुर में फिर स्टूडेंट ने की खुदकुशी



**खड़गपुर।** देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान आईआईटी खड़गपुर में एक और छात्र ने आत्महत्या कर ली है। पश्चिम बंगाल के खड़गपुर स्थित इस मशहूर शिक्षण केंद्र में 10 दिनों के अंदर यह इस तरह की दूसरी घटना है। इसी महीने एक और छात्र ने खुदकुशी कर ली थी। कुछ समय से छात्रों के अपनी जान लेने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इससे संस्थान पर सवालिया निशान उठने लगे हैं।

### केरल में नई बीमारी दिमाग में सूजन बढ़ा रही



**तिरुवनंतपुरम।** केरल इन दिनों फिर से एक संक्रामक बीमारी की चपेट में है।यहां ब्रेन ईटिंग अमीबा, निपाह, अफ्रीकी स्वाइन फीवर और हेपेटाइटिस-ए संक्रमण के मामले तेजी से बढ़े थे। यहां एक नई बीमारी को लेकर लोगों को सतर्क किया गया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कई हिस्सों में वेस्ट नाइल फीवर को लेकर लोगों को सावधान किया है।

### चिकन नहीं तो हंगामा... पत्नी ने की पति की हत्या



**कामारेड्डी।** तेलंगाना के कामारेड्डी में मामूली घरेलू विवाद ने खौफनाक मोड़ ले लिया। कबाड़ी विक्रेता कोडानंदम शिवाजी की कथित तौर पर उसकी पत्नी लक्ष्मी ने इसलिए हंसिए से हत्या कर दी क्योंकि रात के खाने में चिकन नहीं था। इसी पर दोनों के बीच विवाह हो गया था।

## सिक्किम के 50वें राज्य स्थापना दिवस समारोह में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# पूर्वोत्तर को बताया देश की 'अष्टलक्ष्मी' 4,000 करोड़ के प्रोजेक्ट की सौगात दी

### एक्स पर 3 पोस्ट कर उत्साह और स्नेह को अभूतपूर्व बताया

- *पूर्वोत्तर विकास पर केंद्र का फोकस*
- *प्रतिष्ठित हस्तियों के साथ संवाद भी किया*

एजेंसी ▶▶ गंगटोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सिक्किम के 50वें राज्य स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लिया और करीब 4,000 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत देश की 'अष्टलक्ष्मी' है और सिक्किम उसका अहम हिस्सा है।

पीएम मोदी ने एक्स पर 3 पोस्ट साझा किए। पहली पोस्ट में उन्होंने गंगटोक में मिले उत्साह और स्नेह को अभूतपूर्व बताया। उन्होंने सिक्किमवासियों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय विकास में राज्य के योगदान पर देश को गर्व है। दूसरी पोस्ट में समारोह की तस्वीरें साझा करते हुए इसे ऐतिहासिक क्षण बताया और सिक्किम की उपलब्धियों की सराहना की। वे पालजोर स्टेडियम में स्वर्ण जयंती समारोह के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बिजली, शहरी विकास, पर्यावरण, पर्यटन और कृषि जैसे क्षेत्रों में फैली परियोजनाओं का उद्घाटन, शुभारंभ और आधारशिला रखी।

### गंगटोक के उत्साह ने दी नई ऊर्जा



### ऑर्किडेरियम की सुंदरता से हुए मंत्रमुग्ध

तीसरी पोस्ट में उन्होंने ऑर्किडेरियम गंगटोक के दौरे का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वहां की सुंदरता ने उन्हें मंत्रमुग्ध कर दिया और सिक्किम की समृद्ध जैव विविधता अद्भुत है, जो प्रकृति के साथ गहरे सामंजस्य और सतत जीवनशैली का संदेश देती है। पालजोर स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर राज्यों के विकास को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि सरकार एक्ट ईस्ट से आगे बढ़कर एक्ट फास्ट के दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है।

### कनेक्टिविटी से बढ़ेगा पर्यटन

प्रधानमंत्री ने कहा कि पर्यटन की संभावनाओं का पूरा लाभ मजबूत कनेक्टिविटी से ही मिल सकता है। केंद्र सरकार क्षेत्र में सड़क, रेल और हवाई संपर्क को तेजी से विकसित कर रही है।

### रेलऔर एक्सप्रेसवे परियोजनाओं पर दिया जोर

पीएम मोदी ने बताया कि सेवोक-रंगपो रेल लाइन परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है, जिसके पूरा होने पर सिक्किम को पहली बार रेल संपर्क मिलेगा। साथ ही बागडोगरा को गंगटोक से जोड़ने वाले प्रस्तावित एक्सप्रेसवे का भी जिक्र किया, जिससे यात्रा समय में कमी आएगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### पीएम मोदी पहुंचे काशी

### महिलाओं को आरक्षण का हक जरूर मिलेगा, आज देंगे सौगातें



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2 दिनी दौरे पर वाराणसी पहुंचे। बरेका में जनसभा स्थल में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत लगभग 50 हजार महिलाओं को संबोधित किया और कहा कि आपको आरक्षण का हक जरूर मिलेगा।

**6300 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे:** प्रधानमंत्री करीब 6300 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें सिग्नेचर ब्रिज सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं।

### इंफाल में एमएनसीए इंडोर क्रिकेट एकेडमी का वर्चुअल उद्घाटन किया




*भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा फंड की गई एमएनसीए इंडोर क्रिकेट एकेडमी का वर्चुअल उद्घाटन मंगलवार को प्रधानमंत्री ने इंफाल के लुवांगसांगबाम स्थित लुवांगपोकपा क्रिकेट स्टेडियम में किया। यह उद्घाटन पूर्वोत्तर राज्यों के क्रिकेट संघों के लिए इंडोर क्रिकेट एकेडमी शुरू करने की पहल के तहत किया गया। मणिपुर क्रिकेट एसोसिएशनके सचिव लैरेनजम गीतरंजन सिंह ने इस उद्घाटन को मणिपुर क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक पल बताया और बीसीसीआई सचिव के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान इस प्रोजेक्ट को समर्थन देने के लिए मौजूदा आईसीसी अध्यक्ष जय शाह का आभार व्यक्त किया।*

### यहां अब लड़कों और लड़कियों का प्रदर्शन और बेहतर होगा

*उन्होंने बताया कि यह एकेडमी विश्व-स्तरीय सुविधाओं से लैस है, जिसमें 3 इंडोर पिच, एक जिम, एक प्रशासनिक कार्यालय और एक हीटेड स्विमिंग पूल शामिल है। बीसीसीआई 2 वर्षों तक इस एकेडमी के रखरखाव और संचालन का खर्च वहन करेगा। यह इंडोर एकेडमी मणिपुर के खिलाड़ियों के लिए, विशेष रूप से बारिश के मौसम में, बेहद मददगार साबित होगी। उन्होंने बताया कि 2025 के सीजन में मणिपुर ने बीसीसीआई के पाच घरेलू टूर्नामेंटों के फाइनल में जगह बनाई और अंडर-19 वर्ग में दो खिताब अपने नाम किए। मणिपुर का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी खिलाड़ी स्थानीय हैं, जिन्हें एसोसिएशन ने पिछले कई वर्षों में तैयार किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह नई इंडोर एकेडमी आने वाले वर्षों में क्रिकेट के क्षेत्र में मणिपुर के लड़कों और लड़कियों के प्रदर्शन को और भी बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगी।*

### यहां पर 2 किमी लंबी सांस्कृतिक सड़क यात्रा का आयोजन किया

*प्रधानमंत्री ने दो किलोमीटर लंबी सांस्कृतिक सड़क यात्रा का आयोजन किया। जिसमें उत्साहित निवासियों ने तिरंगा लहराते हुए और पारंपरिक पोशाक पहने हुए उनका स्वागत करने के लिए सड़कों के दोनों किनारों पर कतारें लगा दीं।सोमवार को इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने पद्म पुरस्कार विजेताओं और विभिन्न क्षेत्रों की कई प्रतिष्ठित हस्तियों के साथ ज्ञानवर्धक बातचीत की।*

## गुजरात नगर निगम चुनाव

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत, सभी 15 निगमों पर जमा लिया कब्जा



एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात में स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा ने सभी 15 नगर निगमों पर जीत हासिल कर ली है। राज्य चुनाव आयोग के अनुसार सत्तारूढ़ दल भाजपा ने नगर निगमों में कुल सीटों के आधे से अधिक पर जीत दर्ज की है। मोरबी नगर निगम में भाजपा ने सभी 52 सीटों पर कब्जा किया है। रविवार 15 नगर निगमों, 84 नगर पालिकाओं, 34 जिला पंचायतों और 260 तालुका पंचायतों के लिए मतदान हुआ था।

### जिला और तालुका पंचायतों में बनाई बढ़त

*भाजपा ग्रामीण स्थानीय निकायों में 1,090 सीटों वाली 34 जिला पंचायतों में पार्टी ने 568 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस को 77 और अन्य को 30 सीटें मिलीं। 5,234 सीटों वाली 260 तालुका पंचायतों में भाजपा ने 2,397 सीटें हासिल कीं, कांग्रेस ने 591 सीटें जीतीं, जबकि अन्य को 329 सीटें मिलीं। सूरत नगर निगम की 120 सीटों में से भाजपा ने 115 सीटें जीती हैं। आप 4 सीटों पर सिमट गई है।*

## मीरा रोड चाकू कांड पर भड़के फणडवीस

# आईएसआईएस के निशाने पर हिंदू? जिहाद के नाम पर किए जा रहे हमले



एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के मीरा रोड इलाके में चाकू से हमले के मामले में अब जांच ने गंभीर और बड़ा मोड़ ले लिया है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि यह मामला हमले जैसा लगता है और आरोपी के घर से कुछ संदिग्ध और आपत्तिजनक सामग्री मिली है। आरोपी के व्यवहार और मिले सबूतों से ऐसा संकेत मिलता है कि वह खुद को कट्टर विचारों से प्रभावित कर चुका था। आरोपी की सोच जिहाद के नाम पर हिंदू धर्म को निशाना बनाने की ओर झुकी हुई थी।

### पहलगाम जैसा मामला... पहले पूछा धर्म, फिर कलमा न पढ़ने पर चाकू मारा

*मीरा रोड में चाकू कांड सिर्फ आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि गंभीर सामाजिक चिंता का कारण भी बनती हुई नजर आ रही है। सोमवार तड़के दो सुरक्षा गार्डों पर हुए चाकू से ताबड़तोड़ हमले ने पूरे इलाके को दहला दिया। ऐसे में अब इस दावा किया जा रहा है कि हमलावर ने पहले दोनों सुरक्षाकर्मियों से पहलगाम आतंकी हमले की तरह उनका धर्म पूछा और कलमा पढ़ने का दबाव बनाया। न पढ़ने पर ताबड़तोड़ हमले कर दिए।*

## भूमि अधिग्रहण और अनुमति में देरी से आर्थिक नुकसान हो रहा

# कमजोर योजना और जवाबदेही की कमी ही परियोजनाओं के समय पर पूरा न होने का बड़ा कारण: नितिन गडकरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि निर्णय लेने में देरी, कमजोर योजना और जवाबदेही की कमी ही परियोजनाओं के समय पर पूरा न होने के मुख्य कारण हैं। भूमि अधिग्रहण जैसी छोटी दिखने वाली समस्याएं और अनुमति मिलने में देरी भी बड़े आर्थिक नुकसान का कारण बनती हैं। यदि इन बुनियादी समस्याओं को समय रहते हल किया जाए तो परियोजनाओं की लागत और समय दोनों को नियंत्रित किया जा सकता है। नई दिल्ली में इंफ्रास्ट्रक्चर सम्मेलन और अचीवर्स अवाड्र्स 2026 में देश के बुनियादी ढांचा क्षेत्र से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। एसोचैम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में गडकरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने परियोजनाओं में देरी तथा बढ़ती लागत के कारणों पर स्पष्ट रूप से अपनी बात रखी।

### ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई हो

गडकरी ने गुणवत्ता के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि कई बार ठेकेदार घटिया काम करते हैं लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और जरूरत पड़ने पर उन्हें काली सूची में डाला जाना चाहिए। केवल काम की मात्रा बढ़ाने पर ध्यान देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि गुणवत्ता को समान महत्व देना जरूरी है। आज छोटी खामी को तुरंत उजागर किया जा सकता है।

### समीक्षा और सुधार के उपाय करें

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि पूर्णता प्राप्त करना संभव नहीं है, लेकिन निरंतर सुधार के प्रयास किए जा सकते हैं। उन्होंने सभी हितधारकों से आग्रह किया कि वह मिलकर अपने कार्यों की समीक्षा करें और सुधार के उपाय तलाशें। उनके अनुसार नीति निर्धारकों को सार्थक सुझाव देने के लिए यह प्रक्रिया लगातार चलती रहनी चाहिए।

## महिला आरक्षण पर फिलहाल नहीं थमता दिख रहा हंगामा

# रिजिजू का दावा- थरूर ने स्वीकारा कांग्रेस महिला विरोधी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिला आरक्षण पर पिछले दिनों संसद से लेकर सड़क तक खूब हंगामा हुआ। सरकार ने महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को लोकसभा में पेश किया, लेकिन विपक्ष के विरोध के चलते यह विधेयक पारित नहीं हो सका।

अब इस मुद्दे पर किरेन रिजिजू ने एक बार फिर कांग्रेस पर हमला किया है। इसके साथ ही दावा किया है कि शशि थरूर भी उनकी इस टिप्पणी से सहमत थे कि कांग्रेस को महिला विरोध पार्टी के रूप में देखा जा सकता है। वहीं शशि थरूर ने उनके इस बयान को फर्जी बताया।

### केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर किया फिर हमला



किरेन रिजिजू



शशि थरूर

### मुझे कोई भी महिला विरोधी नहीं मानेगी: थरूर

एक इंटरव्यू में किरेन रिजिजू ने कहा कि संसद सत्र समाप्त होने के बाद हमने एक तस्वीर ली। इस दौरान शशि थरूर ने कहा कि कोई भी महिला मुझे महिला विरोधी नहीं मानेगी। मैंने उन्हें जवाब देते हुए कहा कि हां कोई भी महिला आपको महिला विरोधी नहीं कहेगी। यह मैं मानता हूं। लेकिन आपकी पार्टी महिला विरोधी है। किरेन रिजिजू ने दावा किया शशि थरूर ने मेरी इस बात को मानी और मैंने शशि थरूर की बात को स्वीकार किया।

*रिजिजू का दावा*

### थरूर का मतलब पार्टी महिला विरोधी हो सकती है

किरेन रिजिजू ने कहा कि शशि थरूर का यही मतलब था कि पार्टी महिला विरोधी हो सकती है लेकिन कोई भी महिला शशि थरूर को महिला विरोधी नहीं मानेगी। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए रिजिजू ने कहा, शायद यह इसलिए कि वह महिलाओं में बहुत लोकप्रिय हैं।

### थरूर बोले- 7 गवाह मैंने नहीं कहा ऐसा

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के इस दावे पर शशि थरूर ने अपना रिएक्शन दिया। उन्होंने कहा कि मैंने ऐसी कोई बात नहीं कही है और न ही ऐसा कोई संकेत दिया है। थरूर ने कहा, कि फोटो में 7 लोग है, जो असलियत बता सकते हैं। थरूर ने कहा कि सोनिया गांधी के नेतृत्व में एक सशक्त महिला राष्ट्रपति के रूप में हमने महिलाओं के अधिकारों और आरक्षण के लिए आवाज उठाई है।

अक्टूबर 2018 में भारत ने रूस के साथ मिसाइल सिस्टम की पांच यूनिट खरीदने के लिए 5 अरब डॉलर की डील की थी, जिनमें से तीन यूनिट पहले ही मिल चुकी हैं। हथियार सिस्टम की सप्लाई के लिए तय की गई नई समय-सीमा के तहत मिसाइल की पांचवीं यूनिट नवंबर तक मिल जाएगी।

## क्रेमलिन ने फिर निभाई दोस्ती

# भारत को रूस से जल्द मिलेगी एस-400 मिसाइल की चौथी खेप, 5वीं नवंबर तक

### कुल 10 एस-400 मिसाइल सिस्टम खरीदेगा भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की कमर तोड़ने वाला रूसी एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 की चौथी यूनिट अगले महीने से भारत को मिलने की उम्मीद है। इस नई खेप से भारत की रक्षा क्षमता और मजबूत होगी। अक्टूबर 2018 में भारत ने रूस के साथ मिसाइल सिस्टम की पांच यूनिट खरीदने के लिए 5 अरब डॉलर की डील की थी, जिनमें से तीन यूनिट पहले ही मिल चुकी हैं।


एस-400 मिसाइल सिस्टम

**एस-400 की मुख्य विशेषताएं**

यह प्रणाली 400 किमी की दूरी तक हवा में दुश्मन के खतरों को भेद सकती है। इसके रडार 600 किमी तक के दायरे में निगरानी कर सकते हैं और एक साथ 80 से अधिक लक्ष्यों को ट्रैक कर सकते हैं। यह दुश्मन के स्टील्थ (छिपे हुए) लड़ाकू विमानों को भी ट्रैक और नष्ट कर सकता है। यह प्रणाली हर दिशा से आने वाले हवाई खतरों से सुरक्षा प्रदान करती है। इसे केवल 5 मिनट में फायर करने के लिए तैयार किया जा सकता है और यह ट्रक पर आधारित होने के कारण अत्यधिक मोबाइल है। इसकी मिसाइलें लगभग मैक 14 (लगभग 4.8 किमी/सेकंड या 17,000 किमी/घंटा) तक की गति से लक्ष्य को भेद सकती हैं। यह प्रणाली प्रतिकूल मौसम स्थितियों में भी काम करने में सक्षम है।

### अमेरिकी प्रतिबंध के बावजूद खरीद

*भारत ने सात साल से भी पहले एस-400 मिसाइलें खरीदने का सौदा किया था। उस समय अमेरिका ने चेतावनी दी थी कि इस सौदे को आगे बढ़ाने पर 'काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट' के तहत अमेरिका भारत पर बैन लगा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत को अमेरिका के प्रतिबंधों से किसी तरह की रुकावट की आशंका नहीं है।*

**ऑपरेशन सिंदूर में दिखा चुकी है जलवा**

पिछले साल 7 से 10 मई के बीच ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायु सेना ने एस-400 मिसाइल सिस्टम का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया था। संघर्ष खत्म होने के कुछ हफ्तों बाद ही, एस-400 मिसाइलों की एक और खेप खरीदने का प्रस्ताव पेश किया गया था। रूस ने इन मिसाइल सिस्टम को चलाने के लिए भारतीय सैनिकों के एक समूह को पहले ही ट्रेनिंग दे दी है। एस-400 को रूस का सबसे आधुनिक और लंबी दूरी तक मार करने वाला सतह से हवा में मार करने वाला मिसाइल रक्षा सिस्टम माना जाता है।

**क्या है एफडीआर?**

एफडीआर यानी फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर एक महत्वपूर्ण उपकरण होता है, जो मिशन और एयरक्राफ्ट से संबंधित सभी जरूरी जानकारियों को रिकॉर्ड करता है। इसके बाद इन जानकारियों का विश्लेषण विशेष सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाता है। वायुसेना यूनिवर्सल एफडीआर डेटा माइनिंग सूट की आवश्यकता भी महसूस कर रही है।


राफेल फाइटर जेट


### राफेल जेट के लिए एफडीआर एनालिसिस सॉफ्टवेयर विकसित करने की तैयारी में वायुसेना

*भारतीय वायुसेना अपने कम होते फाइटर स्क्वाड्रन को पूरा करने के लिए स्वदेशी और विदेशी दोनों तरह के फाइटर जेट खरीद रही है। वायुसेना के पास पहले से ही 36 राफेल लड़ाकू विमान मौजूद हैं। अब भारतीय वायुसेना भविष्य में राफेल के लिए फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) एनालिसिस हेतु स्वदेशी सॉफ्टवेयर विकसित करने पर भी काम कर रही है। एयरफोर्स द्वारा तैयार किए गए कैपेबिलिटी रोडमैप में राफेल को भविष्य में स्वदेशी तकनीक से लैस करना भी शामिल है। दरअसल, भारतीय वायुसेना के अनुसार राफेल के मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) द्वारा प्रदान किया गया फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) एनालिसिस सॉफ्टवेयर लगभग 400 उड़ान मानकों को प्रोसेस करता है।*

## खबर संक्षेप

### ड्रग तस्कर डोला को वापस लाना बड़ी सफलता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह अमित शाह ने कहा कि नार्को सिंडिकेट के खिलाफ मोदी सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के अनुरूप, एनसीबी ने आज तुर्की से कुख्यात ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला को वापस लाने में एक बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के ड्रग कार्टेल को पूरी तरह से खत्म करने के मिशन के तहत, हमारी नार्कोटिक्सरोधी एजेंसियों ने वैश्विक एजेंसियों के एक मज़बूत नेटवर्क के ज़रिए सीमाओं के पार भी अपनी पकड़ बना ली है। ड्रग सरगना कहीं भी छिप जाएं।



### चिदंबरम केस से खुद अलग हुई जज स्वर्णकांता

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट की जज जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने मंगलवार को कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। याचिका में व्हिस्की की ड्यूटी-फ्री बिक्री पर प्रतिबंध के मामले में एक शराब कंपनी की कथित रूप से मदद करने को लेकर कांग्रेस नेता के खिलाफ दर्ज केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एफआईआर रद्द किए जाने का अनुरोध किया गया है। जज ने कहा कि इसे किसी अन्य पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए। अब मामले को 21 जुलाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।



### वॉशिंगटन के मेयर की दौड़ में शामिल रिनी

**वॉशिंगटन।** वाशिंगटन डीसी के मेयर चुनाव में भारतीय मूल की रिनी संपत का दावा बेहद मजबूत होता जा रहा है। रिनी संपत को अब अमेरिकन हिंदू कोएलिशनने भी अपना समर्थन दे दिया है। इससे उनकी दावेदारी और ज्यादा मजबूत हो गई है। रिनी 16 जून को डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से अभी प्राइमरी चुनाव लड़ रही हैं। उनका मुख्य एजेंडा आधारभूत समस्याओं को ठीक करना और एक नया वाशिंगटन डीसी बनाना है। रिनी संपत का जन्म तमिलनाडु के तेनी में हुआ था। वे सात वर्ष की उम्र में अमेरिका आईं।



#### वैश्विक मुद्दों पर यूएन प्रमुख से हुई चर्चा

## बेयरबॉक की जयशंकर से मुलाकात भारत की भूमिका को बताया अहम


एनालेना बेयरबॉक और एस. जयशंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि बैठक में यूएन80, सतत विकास लक्ष्य, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा हुई। साथ ही आज के समय के अनुसार वैश्विक संस्थाओं में सुधार की जरूरत पर जोर दिया गया, खासकर वैश्विक दक्षिण के हितों को ध्यान में रखते हुए। हैदराबाद हाउस में हुई इस मुलाकात में बेयरबॉक ने भारत सरकार के आमंत्रण और मेहमाननवाजी के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया में बढ़ते तनाव, विभाजन और संयुक्त राष्ट्र के मूल सिद्धांतों पर दबाव जैसी चुनौतियां सामने हैं।

**भारत दुनिया का बड़ा लोकतंत्र: बेयरबॉक**

बेयरबॉक ने कहा कि उनके कार्यकाल की प्राथमिकता संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून की रक्षा करना है। उन्होंने बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए अलग-अलग क्षेत्रों के देशों के गठबंधन की बात कही। उन्होंने कहा, भारत दुनिया का बड़ा लोकतंत्र है और ऐसे समय में वैश्विक सहयोग में उसकी अहम भूमिका है। यूएनजीए प्रमुख ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का चार्टर हमारा साझा जीवन बीमा है। इस 80वें सत्र में सत्र में महासभा के अध्यक्ष के रूप में मेरी प्राथमिकता संयुक्त चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के शासन की रक्षा करना है। इसको लेकर मैंने बहुपक्षीय और संयुक्त राष्ट्र का समर्थन करने के लिए एक अंतर-क्षेत्रीय गठबंधन बनाने का भी आह्वान किया है। यही वजह है कि मैं भारत की यात्रा पर आई हूं, जो दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।

**भारत यूएन का संस्थापक सदस्य**

बेयरबॉक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के संस्थापक सदस्य के रूप में भारत ने 80 वर्षों के इतिहास में अहम भूमिका निभाई है। 1948 से भारत ने शांति सुरक्षा के क्षेत्र में 53 से अधिक अभियानों में तीन लाख से अधिक सैनिक भेजे हैं। वैश्विक शांति की सेवा में 184 से अधिक भारतीय शांति सैनिकों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के समर्थन के रूप में भारत दक्षिण-दक्षिण सहयोग में अग्रणी भूमिका निभाता है।

#### शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में राजनाथ सिंह की दो टूक

# 'आतंकवाद' दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा समर्थन देने वाले देशों के खिलाफ उठाएं कदम

*"उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ "जीरो टॉलरेंस" की नीति पर मजबूती से कायम है। उन्होंने पिछले वर्ष पहलगाम में हुए आतंकी हमले को याद करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं पूरी मानवता को झकझोर देती हैं और वैश्विक समुदाय को एकजुट होकर इसके खिलाफ खड़ा होना चाहिए"*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद के मुद्दे पर बेहद स्पष्ट और सख्त रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि राज्य प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद किसी भी देश की संप्रभुता पर सीधा हमला है और इसे किसी भी परिस्थिति में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के मामले में किसी भी तरह के दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि एससीओ को ऐसे देशों के खिलाफ ठोस कदम उठाने चाहिए जो आतंकवादियों को समर्थन, संरक्षण या सुरक्षित पनाह देते हैं। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि आतंकवाद के अड्डे अब दंड से बच नहीं सकते। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ "जीरो टॉलरेंस" की नीति पर मजबूती से कायम है।

आतंक के केंद्र अब सुरक्षित नहीं रह सकते


एससीओ बैठक को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह


राजनाथ रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव और चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून से मिले

**एससीओ को सराहा**

राजनाथ सिंह ने एससीओ के क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी ढांचे की सराहना करते हुए कहा कि यह मंच आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद के खिलाफ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एससीओ के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और सहयोग, समानता तथा पारस्परिक विश्वास के आधार पर संगठन को शांति और स्थिरता का प्रतीक बनाया जा सकता है।

**शांति को दें प्राथमिकता**

राजनाथ सिंह ने बदलते वैश्विक परिदृश्य पर चिंता व्यक्त की। दुनिया इस समय बढ़ते टकराव और एकतरफावाद के दौर से गुजर रही है, जिससे वैश्विक सहमति कमजोर हो रही है। महात्मा गांधी का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि 'आंख के बदले आंख' की नीति पूरी दुनिया को अंधकार की ओर ले जाती है। उन्होंने कहा कि हर निर्णय का असर गरीब और जरूरतमंद लोगों पर भी पड़ता है, इसलिए शांति और करुणा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

**आतंकवाद का धर्म नहीं**

रक्षा मंत्री ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म या राष्ट्रीयता नहीं होती। किसी भी शिकायत या मतभेद को हिंसा और निर्दोष लोगों की हत्या का आधार नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने कहा कि कट्टरता, उग्रवाद और अलगाववाद से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग बेहद जरूरी है। इसके साथ ही आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों को खत्म करना और उन्हें राजनीतिक संरक्षण देने की प्रवृत्ति को रोकना समय की मांग है।

## आईएनएस सुनयना सिंगापुर पहुंचा




**भारत-सिंगापुर समुद्री संबंधों मजबूत होंगे**

*नई दिल्ली। हिंद महासागर पोत आईएनएस सुनयना 26 अप्रैल को सिंगापुर के चांगी नौसैनिक अड्डा पर पहुंचा। यह महासागर (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति) पहल के तहत आईओएस सागर तैनाती के दौरान उसका चौथा पोर्ट कॉल है। 16 मित्र विदेशी देशों के बहुराष्ट्रीय दल के साथ तैनात यह पोत हिंद महासागर क्षेत्र में सक्रिय है। सिंगापुर पहुंचने से पहले यह माले, फुकेत और जकार्ता के बंदरगाहों पर भी रुक चुका है। आईएनएस सुनायना 29 अप्रैल 2026 को सिंगापुर से रवाना होगा और हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सहयोग को मजबूत करने के अपने मिशन को आगे बढ़ाएगा। सिंगापुर पहुंचने पर पोत का गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जो भारत और सिंगापुर के मजबूत समुद्री संबंधों को दर्शाता है। सिंगापुर में भारत की उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले ने जहाज के चालक दल से बातचीत की और सागर विजन के तहत उनकी भूमिका की सराहना की।*

#### कामारा की मौत पर जताई गहन संवेदनाएं

## आतंकी हमलों से दहल उठा माली... भारत ने की कड़ी निंदा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते 25 और 26 अप्रैल को पश्चिम-अफ्रीकी देश माली, अल कायदा से जुड़े आतंकवादी संगठन जेएनआईएम और तुआरेग विद्रोहियों के क्रमवार हमलों से दहल उठा। जिसमें रक्षा मंत्री जनरल सादियो कामारा की उनके परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मौत हो गई है। भारत की तरफ से विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर माली में अलग-अलग जगहों पर हुए इन आतंकी हमलों की पुरजोर अंदाज में कड़ी निंदा की गई है। साथ ही मुश्किल की इस घड़ी में हमलों से जुड़े हुए पीड़ितों के परिवारों, माली की सरकार और वहां की आम जनता के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट की हैं।


सादियो कामरा

हमले में मारे गए माली के रक्षा और पूर्व सैन्य कर्मियों के विभाग के मंत्री जनरल कामारा के प्रति भी भारत की ओर से संवेदनाएं जताई गई हैं। बता दें, माली की राजधानी बामाको के आसपास के इलाकों में हुए आतंकी हमलों के बाद से कुछ जगहों पर हिंसा और तनाव बढ़ गया है।

#### यूएनएससी में भारत की दो टूक

## 'होर्मुज' में स्वतंत्र, सुरक्षित और निरंतर आवाजाही जल्द बहाल हो

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के बीच, भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से सुरक्षित और निर्बाध समुद्री आवागमन को जल्द से जल्द बहाल करने का आग्रह किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 'समुद्री क्षेत्र में जलमार्गों की सुरक्षा और संरक्षण' पर एक खुली बहस को संबोधित करते हुए, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रभारी राजदूत, योजना पटेल ने इस बात पर जोर दिया कि भारत समुद्री सुरक्षा और जलमार्गों के संरक्षण को वैश्विक सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि के लिए आवश्यक मानता है।


योजना पटेल

**होर्मुज पर ईरान को नियंत्रण का अधिकार: रूस**

यूएनएससी में रूस के राजदूत वैसिली नेबेंजिया ने कहा कि मौजूदा हालात में ईरान को इस अहम समुद्री मार्ग पर यातायात नियंत्रित करने का पूरा अधिकार है। नेबेंजिया ने पश्चिमी देशों पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ईरान पर पूरी जिम्मेदारी थोपने की कोशिश की जा रही है।

# एलपीजी वितरक केंद्र पर 'ड्राई-आउट' की स्थिति नहीं

अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर गैस आपूर्ति कर रहे

## केंद्र का दावा : देश में गैस की कोई किल्लत नहीं कमर्शियल गैस की आपूर्ति पूरी तरह बहाल हुई

हरिभूमि न्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देशभर में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी, पाइप्ड नेचुरल गैस, और परिवहन क्षेत्र के लिए सीएनजी की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस आपूर्ति पूरी तरह स्थिर है और किसी भी वितरक केंद्र पर गैस की कमी या सप्लाई बाधित होने की कोई सूचना नहीं है। एक अंतर-मंत्रालयी प्रेस ब्रीफिंग में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू एलपीजी की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है और देश के किसी भी एलपीजी वितरक केंद्र पर 'ड्राई-आउट' की स्थिति नहीं है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि आम नागरिकों को रसोई गैस की उपलब्धता में किसी प्रकार की परेशानी न हो।



### 5 किलो के सिलेंडरों की आपूर्ति दोगुनी

सुजाता शर्मा ने कहा कि प्रवासी मजदूरों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 5 किलोग वाले फ्री-ट्रेड एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति दोगुनी कर दी गई है। अप्रैल महीने में अब तक 1 लाख 75 हजार टन से अधिक वाणिज्यिक एलपीजी की बिक्री हो चुकी है( वस्त्र मंत्रालय के व्यापार सलाहकार बिपिन मेनन ने कहा कि निर्यातकों को वैकल्पिक समुद्री मार्गों और जेद्दा जैसे बंदरगाहों के उपयोग की सलाह दी गई है ताकि निर्यात गतिविधियां प्रभावित न हों।

### सभी भारतीय नाविक सुरक्षित


वहीं, बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक मुकेश मंगल ने बताया कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। पिछले 24 घंटों में किसी भी भारतीय ध्वज वाले जहाज से जुड़ी कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने भारतीय नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं और स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि समुद्री परिवहन और भारतीय नाविकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

#### अमेरिका की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पेंटागन का खुलासा

## चीन-रूस की मिसाइलों के सामने अमेरिकी रक्षा सिस्टम बेअसर, 'गोल्डन डोम' बनेगा संजीवनी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक अहम खुलासा सामने आया है। अमेरिकी रक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मार्क जे बर्कविट्ज ने कहा कि मौजूदा अमेरिकी रक्षा प्रणाली केवल छोटे स्तर के हमलों को ही रोक सकती है और हाइपरसोनिक या क्रूज मिसाइल जैसे आधुनिक खतरों के खिलाफ लगभग बेअसर है। अमेरिकी रक्षा और सैन्य अधिकारियों ने वित्त वर्ष 2027 के बजट पर चर्चा के दौरान सीनेट में यह बात रखी। उन्होंने चेतावनी दी कि चीन, रूस, ईरान और उत्तर कोरिया जैसे देश तेजी से ऐसे हथियार विकसित कर रहे हैं, जो पारंपरिक रक्षा प्रणाली को आसानी से चकमा दे सकते हैं। मौजूदा सिस्टम को इस तरह के आधुनिक खतरों के लिए डिजाइन ही नहीं किया गया था।



### 'गोल्डन डोम'- अमेरिका की नई रक्षा योजना

पेंटागन के अधिकारियों ने सीनेट को बताया कि इन खतरों से निपटने के लिए अमेरिका एक महत्वाकांक्षी रक्षा परियोजना गोल्डन डोम पर काम कर रहा है। इस योजना के तहत अंतरिक्ष आधारित सेंसर नेटवर्क तैयार किया जाएगा। जमीन और समुद्र आधारित इंटरसेप्टर तैनात होंगे। एआई आधारित कमांड और कंट्रोल सिस्टम होगा। डायरेक्टेड एनर्जी वेपन्स (लेजर आदि) का उपयोग किया जाएगा। अनुमानित लागत 14-15 लाख करोड़ रुपए आएगी।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 7 | 6 | 1 | 13 |
| बेंगलुरु | 8 | 6 | 2 | 12 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| राजस्थान | 8 | 5 | 3 | 10 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| चेन्नई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| कोलकाता | 8 | 2 | 5 | 5 |
| मुंबई | 7 | 2 | 5 | 4 |
| लखनऊ | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



अभिषेक शर्मा
380 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
14 विकेट
बेंगलुरु

# ट्रॉफी कहे जाने पर भड़की प्रीति, बोली -औरत किसी की प्रॉपर्टी नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*पंजाब किंग्स अब तक एकमात्र ऐसी टीम है, जो आईपीएल में एक भी मैच नहीं हारी है। इस टीम की मालकिन प्रीति जिंटा भी अपनी टीम के प्रदर्शन से बहुत खुश हैं। आमतौर पर प्रीति जिंटा मैदान में अपनी टीम को सपोर्ट करने आती हैं और लगातार चर्चा में बनी रहती हैं। मगर इस बार उनके चर्चा में आने का कारण कुछ और हैं, क्योंकि वो एक फैन पर भड़क उठी हैं। उन्होंने यह तक कह दिया कि औरत किसी की प्रॉपर्टी नहीं होती।*

### सोशल मीडिया में सवाल जवाब

*पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में केवल 2 बार फाइनल मैच खेला है, लेकिन अब तक उसे पहली ट्रॉफी नसीब नहीं हुई है। एक फैन ने सोशल मीडिया पर कहा कि पंजाब की टीम 18 साल के इतिहास में ट्रॉफी इसलिए नहीं जीत पाई है, क्योंकि 'प्रीति जिंटा' खुद एक ट्रॉफी हैं।*



### प्रीति का सटीक जवाब

इस पर प्रीति जिंटा ने जो जवाब दिया, उसने सोशल मीडिया पर सनसनी मचाई हुई है।प्रीति जिंटा ने लिखा, धन्यवाद, यह बहुत अच्छी सोच है, लेकिन सच कहूं तो कोई भी महिला ट्रॉफी नहीं बनना चाहती। ट्रॉफी पर मालिकाना हक होता है, औरत पर नहीं। ट्रॉफी को कांच की अलमारी/शोकेस में रख दिया जाता है लेकिन औरत का आपके जीवन और आपके दिल में एक खास स्थान होता है। आपके फिल्मी सवाल के लिए फिल्मी अंदाज वाला जवाब।

### लगातार दूसरे फाइनल की ओर पंजाब किंग्स

पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार दूसरे फाइनल की ओर बढ़ रही है। आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स की टीम को आरसीबी के हाथों 6 रनों की हार झेलनी पडी थी। आईपीएल 2026 में भी श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब ने दमदार प्रदर्शन को कायम रखा है। पंजाब के 7 मैचों में 13 अंक हैं और केवल दो जीत के बाद उसकी प्लेऑफ में जगह सुनिश्चित हो जाएगी।

# मनु भाकर से वैभव सूर्यवंशी को लेकर सवाल, सोशल मीडिया पर मचा बवाल ?





**नई दिल्ली।** भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर से युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी पर पूछा गया एक सवाल सोशल मीडिया पर बड़ी बहस का कारण बन गया। दिल्ली में नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के 75वें स्थापना समारोह के दौरान पत्रकारों ने मनु से 15 वर्षीय क्रिकेट प्रतिभा वैभव सूर्यवंशी को लेकर राय मांगी। मनु भाकर ने बेहद संतुलित और प्रेरणादायक जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'अगर मार्गदर्शन अच्छा हो, उसके आसपास सही लोग हों और उसे सही दिशा मिले, तो उम्र सिर्फ एक संख्या है। प्रतिभा की कोई उम्र नहीं होती। बड़ी उपलब्धियां 60 साल में भी मिलती हैं और छह साल में भी। अगर उसे सही मेंटरशिप मिली, तो वह अगला बड़ा स्टार बन सकता है।'

### सोशल मीडिया पर भड़के लोग?

हालांकि मनु के जवाब की तारीफ हुई, लेकिन कई लोगों ने सवाल पूछने के तरीके पर नाराजगी जताई। सोशल मीडिया यूजर्स का कहना था कि एक ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी से किसी क्रिकेटर पर सवाल पूछना दूसरे खेलों के प्रति असंतुलित सोच को दिखाता है। पूर्व क्रिकेट प्रशासक जॉय भट्टाचार्य ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा, वह ओलंपिक पदक विजेता हैं। उनसे वैभव सूर्यवंशी के बारे में पूछना उनके खेल और उनकी उपलब्धियों के साथ न्याय नहीं है। क्रिकेट पहले से ही देश का सबसे लोकप्रिय खेल है। अगली बार वैभव सूर्यवंशी से मनु भाकर के बारे में पूछिए, तब चेहरे देखिए।

## खबर संक्षेप



### बल्लेबाजों को लेनी होगी व्यक्तिगत जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी टीम की 9 विकेट से करारी शिकस्त के बाद कहा कि उन्हें भी नहीं पता चला कि टीम ने इतनी जल्दी विकेट कैसे गंवा दिए, लेकिन बल्लेबाजों को इसके लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेनी होगी। अक्षर ने कहा कि उन्हें भी नहीं पता कि टीम ने चार ओवर के अंदर 6 विकेट कैसे गंवा दिए। अक्षर ने कहा, 'हमारी किस्मत थोड़ी खराब रही। हमने शुरुआती 15-16 गेंदों पर ही 6 विकेट गंवा दिए। मुझे भी पता नहीं चला कि यह कैसे हुआ।'

### नए प्रयोगों ने दिया आत्मविश्वास: कृणाल

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हरफनमौला कृणाल पंड्या ने आईपीएल के पिछले दो सत्रों में अपनी गेंदबाजी में आए बदलाव का श्रेय टीम के स्पिन गेंदबाजी कोच मलोलन रंगराजन को देते हुए कहा कि उनके भरोसे ने उन्हें नए प्रयोग करने की स्वतंत्रता दी। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सोमवार को टीम की महज 6.3 ओवर में नौ विकेट से बड़ी जीत के बाद उन्होंने कहा कि उन्हें विकेट लेने की जिम्मेदारी दी गई है, जिससे वह खुलकर नए प्रयोग कर सकते हैं।

## राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हराया

# पंजाब की पहली हार, आरआर ने चेज किया टारगेट

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

डोनोवन फरेरा के तूफानी अर्धशतक और शुभम दुबे के साथ उनकी अटूट अर्धशतकीय साझेदारी से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया, जो मौजूदा सत्र में पंजाब की टीम की पहली हार है। पंजाब के 223 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स ने सलामी बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल (51 रन, 27 गेंद, 7 चौके, 1 छक्का) और वैभव सूर्यवंशी (43 रन, 16 गेंद, 5 छक्के, 3 चौके) की तूफानी पारियों के बाद डोनोवन फरेरा (नाबाद 52 रन, 26 गेंद, 6 चौके, 3 छक्के) और शुभम दुबे (नाबाद 31 रन, 12 गेंद, 3 चौके, 2 छक्के) के बीच पांचवें विकेट की 32 गेंद में 77 रन की अटूट साझेदारी से 19.2 ओवर में 4 विकेट पर 228 रन बनाकर जीत दर्ज की।

### स्टोइनिस और प्रभसिमरन का तूफानी अर्धशतक

पंजाब किंग्स ने मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 62, 22 गेंद, 6 छक्के, 4 चौके) के ताबड़तोड़ अर्धशतक और सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन (59 रन, 44 गेंद, 6 चौके, 1 छक्का) के जुझारु अर्धशतक से 4 विकेट पर 222 रन बनाए। प्रभसिमरन ने अर्धशतक जड़ने के अलावा कूपर कोनोली (30) के साथ दूसरे विकेट के लिए 59 और कप्तान श्रेयस अय्यर (30) के साथ तीसरे विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी भी की। स्टोइनिस की तूफानी पारी से पंजाब किंग्स की टीम आखिरी 3 ओवर में 55 रन जोड़ने में सफल रही।

### खतरे में गेल का महारिकॉर्ड

वैभव के नाम आईपीएल 2026 में 37 छक्के 9 मैच खेलकर ही दर्ज हो गए हैं। बता दें कि आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा 59 छक्कों का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम दर्ज है। 2012 से यह रिकॉर्ड टूटा नहीं है। इस बार वैभव जिस तरह खेल रहे हैं, अभी कम से कम 5 लीग मैच उनके पास बाकी हैं। अगर राजस्थान प्लेऑफ में पहुंची तो वैभव के पास पांच से अधिक पारियां होंगी। सीजन के अंत तक अगर 22 छक्के वह लगाते हैं तो क्रिस गेल का यह महारिकॉर्ड इस सीजन टूट सकता है।





### एक सीजन में सबसे तेज 400 रन बनाने वाले बैटर

**167** गेंद : वैभव सूर्यवंशी, 2026
**188** गेंद : आंद्रे रसेल, 2019
**195** गेंद : अभिषेक शर्मा, 2024
**197** गेंद : निकोलस पूरन, 2025
**200** गेंद : ग्लेन मैक्सवेल, 2014

### सैमसन, ईशान,गिल से आगे निकले प्रभसिमरन

प्रभसिमरन सिंह पंजाब किंग्स के लिए तीसरे सबसे ज्यादा फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इस मैच में 59 रन की पारी के बाद वह संजू सैमसन, इशान किशन और शुभमन गिल जैसे खिलाड़ियों से भी आगे निकल गए हैं। इस सीजन प्रभसिमरन सिंह का यह आईपीएल 2026 में भी चौथा पचासा था।



### यश राज ने बदला मैच

आरआर के 19 साल का यश राज पुंजा ने मैच में बहुत ही शानदार गेंदबाजी की और पंजाब के दोनों ख़तरनाक खिलाड़ी कूपर कोनोलीऔर प्रभसिमरन सिंह को पवेलियन भेज दिया। दोनों बल्लेबाज उस समय आउट हुए जब दोनों क्रीज पर जम गए थे। यदि ये दोनों बल्लेबाज अहम समय में आउट नहीं होते तो पंजाब 20 रन और बना सकता था। इससे मैच को पासा पलट सकता था।

## स्कोर बोर्ड

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन का पराग बो यश | 59 | 44 | 6 | 1 |
| प्रियांश का बर्गर बो आर्चर | 29 | 11 | 5 | 1 |
| कोनोली का फरेरा बो यश | 30 | 14 | 2 | 3 |
| अय्यर का जुरेल बो बर्गर | 30 | 27 | 1 | 1 |
| स्टोइनिस नाबाद | 62 | 22 | 4 | 6 |
| सूर्यांश शेडगे नाबाद | 03 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त:09, कुल : 20 ओवर में 222/4 रन
गेंदबाजी: आर्चर 4-0-40-1, बर्गर 4-0-59-1, बृजेश 4-0-42-0, यश 4-0-41-2, जडेजा 4-0-32-0

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का शेडगे बो चहल | 51 | 27 | 7 | 1 |
| सूर्यवंशी का अय्यर बो अर्शदीप | 43 | 16 | 3 | 5 |
| जुरेल का यानसेन बो चहल | 16 | 20 | 1 | 0 |
| पराग का शेडगे बो चहल | 29 | 16 | 2 | 2 |
| फरेरा नाबाद | 52 | 26 | 6 | 3 |
| शुभम दुबे नाबाद | 31 | 12 | 3 | 2 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 19.2 ओवर में 228/4 रन
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-68-1, फर्ग्युसन 4-0-57-0, यानसेन 3.2-0-41-0, बरार 4-0-25-0, चहल 4-0-36-3

## रात 7.30 बजे से हार्दिक और कमिंस की टीमों के बीच मुकाबला

# जीत की तलाश में मुंबई, आज सनराइजर्स से टक्कर



एजेंसी ▶▶| मुंबई

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को अगर अपनी किस्मत पलटनी है तो उसे शानदार फॉर्म में चल रहे सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बुधवार को होने वाले आईपीएल के महत्वपूर्ण मुकाबले में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

मुंबई की टीम पहले 7 मैचों में 5 में हार से 4 अंक लेकर नौवें स्थान पर है। मुंबई की टीम की चिंता भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के चार खिलाड़ियों में शामिल कप्तान हार्दिक पंड्या (तीन विकेट और 97 रन) और सूर्यकुमार यादव (110) का खराब प्रदर्शन है। तिलक वर्मा के गुजरात टाइटन्स के खिलाफ आईपीएल में पहले शतक से मुंबई लगातार चार मैचों में हार का सिलसिला तोड़ने में सफल रहा था लेकिन चेन्नई से मिली करारी हार ने एक बार फिर उसके लड़खड़ाते अभियान को और भी मुश्किल में डाल दिया।

बल्लेबाजों पर सनराइजर्स की उम्मीद

सनराइजर्स इस बात से अच्छी तरह वाकिफ होगा कि मुंबई अपनी हार का सिलसिला तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। ऐसे में उसकी उम्मीद बल्लेबाजों पर टिकी रहेगी जो वानखेड़े स्टेडियम की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। सनराइजर्स में पिछले मैच में वैभव सूर्यवंशी के शतक के बावजूद राजस्थान रॉयल्स को हराया था।

## मैड्रिड ओपन

# ओसाका को हराकर क्वार्टर फाइनल में सबालेंका की एंट्री



### मुझे टैकोस से परहेज करना होगा : एरीना

सबालेंका ने कहा, 'अभी तक तो सब ठीक है। मैंने सुना है कि मुझे उन टैकोस से परहेज करना होगा। मैं वही खाना खा रही हूं, जो मैं टूर्नामेंट की शुरुआत से खा रही हूं।'

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरीना सबालेंका ने मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों की बीमारी का कारण बने वायरस के खतरे और नाओमी ओसाका के जुझारू खेल से खुद को बचाते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इगा स्वियातेक, कोको गॉफ, मारिन सिलिच और कुछ अन्य खिलाड़ी पेट में संक्रमण से प्रभावित हुए हैं लेकिन सबालेंका ने कहा कि वह साधारण आहार करके बीमारी से बचने की कोशिश कर रही है। खिलाड़ियों के बीच यह अफवाह थी कि खराब झींगा टैको संक्रमण के लिए जिम्मेदार थे।

### 2 घंटे 20 मिनट चला मुकाबला

मौजूदा चैंपियन सबालेंका ने चौथे दौर के मुकाबले में ओसाका के खिलाफ एक सेट और एक ब्रेक से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की। उन्होंने 2 घंटे 20 मिनट तक चले मैच में 6-7 (1), 6-3, 6-2 से जीत हासिल की। सबालेंका का अगला मुकाबला अमेरिकी खिलाड़ी हेली बैपटिस्ट से होगा, जिन्होंने बेलिंडा बेनसिच को 6-1, 6-7 (14), 6-3 से हराया।

विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी एलेना रायबाकिना भी अनास्तासिया पोटापोवा से सीधे सेटों में हार गईं। पुरुष वर्ग में 19 वर्षीय राफेल जोडर ही एकमात्र स्पेनिश खिलाड़ी बचे हैं क्योंकि अन्य स्थानीय खिलाड़ियों में डेनियल मेरिडा स्टेफानोस सिटसिपास से 6-4, 6-2 से और एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना मौजूदा चैंपियन कैस्पर रूड से 6-3, 6-1 से हार गए।

## राष्ट्रमंडल युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप

# भारतीय भारोत्तोलकों का शानदार प्रदर्शन, जीते चार स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय भारोत्तोलकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए समोआ के अपिया में चल रही राष्ट्रमंडल युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप और संबंधित यूनिवर्सल कप (सीनियर) में प्रतियोगिता के दूसरे दिन 4 स्वर्ण पदक जीते। सुनील सिंह ने 65 किलोग्राम पुरुष वर्ग में कुल 271 किलोग्राम (स्नैच में 126 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 145 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि ऐसांगफा गोगोई ने 58 किलोग्राम महिला वर्ग में और अभिनव गोगोई ने 71 किलोग्राम पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। ऐसांगफा ने कुल 185 किलोग्राम (स्नैच में 79 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 106 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि अभिनव ने कुल 284 किलोग्राम (स्नैच में 129 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 155 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।



### यूनिवर्सल कप में पेसी ने जीता गोल्ड

यूनिवर्सल कप में अरुणाचल प्रदेश के चारू पेसी ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में 289 किलोग्राम (स्नैच में 127 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 162 किलोग्राम) के कुल भार के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) के अध्यक्ष सहदेव यादव ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों, कोच और सहायक कर्मचारियों को बधाई दी। यादव ने अपने बधाई संदेश में कहा, 'ये उपलब्धियाँ हमारे खिलाड़ियों और सहायक टीम की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। भारत वैश्विक भारोत्तोलन मंच पर एक मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहा है।'

## अपने प्रदर्शन को लेकर किसी भी संदेह को दूर करने उठाया कदम

# धावक सावे ने पेश की मिसाल खुद कराए कई डोप टेस्ट

एजेंसी ▶▶| लंदन

दो घंटे से कम समय में मैराथन पूरी करने वाले पहले धावक सबास्टियन सावे ने यह रिकॉर्ड बनाने से पहले स्वयं ही डोपिंग के कई परीक्षण करवाए और उन्हें उम्मीद है कि वह दुनिया के सामने यह साबित कर देंगे कि वह पूरी तरह से साफ सुथरा होकर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

कीनिया के इस 29 वर्षीय धावक ने रविवार को लंदन मैराथन में 1 घंटे, 59 मिनट और 30 सेकंड का समय लेकर वह कारनामा कर दिखाया, जिसे लंबे समय से असंभव माना जा रहा था। सावे ने अपने कोच और प्रबंधन टीम के साथ मिलकर अपने प्रदर्शन को लेकर किसी भी संदेह को दूर करने के लिए स्वेच्छा से 'कई' डोपिंग परीक्षण करवाए।



### मेरे देश में डोपिंग बन गया कैंसर : सावे

सावे ने कहा, 'मेरे देश में डोपिंग कैंसर बन गया है और इसलिए मैं कड़ी परीक्षण प्रक्रिया से गुजरा।' सावे ने कहा कि उन्होंने और उनकी टीम ने कड़ी परीक्षण प्रक्रिया लागू करने का फैसला इसलिए किया क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि लोग उनकी जीत को संदेह की नजर से देखें। उन्होंने कहा, 'मैं दुनिया को दिखाना चाहता था कि हम डोपिंग के बिना भी तेज गति से दौड़कर अच्छे परिणाम हासिल कर सकते हैं।'

## भारतीय महिला खिलाड़ियों ने गंवाए महत्वपूर्ण मौके

# उबेर कप में भारत का सफर खत्म, चीन फिर बना बाधा

एजेंसी ▶▶| होर्सेंस

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु मजबूत स्थिति में होने का फायदा नहीं उठा पाई जबकि अन्य खिलाड़ियों ने भी महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, जिससे भारत उबेर कप में चीन से 0-5 से हारकर इस बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गया। भारतीय महिला टीम ने मेजबान डेनमार्क से 2-3 की हार के साथ शुरुआत की थी, लेकिन उसके बाद उसने यूक्रेन पर 4-1 से जीत हासिल करके क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीद बनाए रखी थी। उबेर कप में 16 बार के चैंपियन चीन से भारत को पिछले तीनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है।



### वांग झियी से हारी सिंधु

सिंधु ने भारत की तरफ से शुरुआत की जबकि उन्नति हुडा और तन्वी शर्मा की जगह अन्य दो एकल मुकाबलों के लिए ईशरानी बरुआ और देविका सिहाग को टीम में शामिल किया गया। सिंधु निर्णायक सेट में 18-12 से आगे थी लेकिन आखिर में वह विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झियी से 16-21, 21-19, 19-21 से हार गईं। इससे चीन ने ग्रुप ए के इस महत्वपूर्ण मुकाबले में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

### नहीं टिक पाई प्रिया और श्रुति की जोड़ी

प्रिया कोंजेंगबम और श्रुति मिश्रा पहले युगल मुकाबले में विश्व की नंबर एक जोड़ी लियू शेंग शू और टैन निंग के सामने नहीं टिक पाईं और 11-21, 8-21 से हार गईं। इशारानी बरुआ ने तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन विश्व में 38वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी ने पहले गेम में 20-19 पर एक आसान मौका गंवा दिया।

पीड़ित किशोरी ने जहरीला पदार्थ पिया

आरोप: परिजन थाने लेकर पहुंचे, लेकिन पुलिस ने जांच का कहकर लौटा दिया

# तीन दरिंदों ने मासूम से किया रेप अस्पताल के बाहर फेंककर फरार

## पुलिस ने घटना के तीसरे दिन जीरो पर एफआईआर दर्ज की, आरोपियों की तलाश में पुलिस

एक आरोपी ने दिया था झांसा कहा- मां ने उसे बुलाया है

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



गुना जिले के बमोरी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ तीन दरिंदों ने सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस दौरान जब किशोरी की हालत बिगड़ गई, तो उसे मरणासन्न स्थिति में शिवपुरी मेडिकल कॉलेज के बाहर लावारिस छोड़कर भाग निकले। जिसे गंभीर हालत में परिजन गुना के बमोरी थाने लेकर पहुंचे, लेकिन पुलिस ने जांच की बात कहकर लौटा दिया। इस खौफनाक घटना से आहत और लोक-लाज के डर से पीड़ित किशोरी ने घर लौटकर जहरीला पदार्थ पी लिया। फिलहाल, वह जिला अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है, जहां उसकी हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है।

पूरी घटना का सिलसिला 25 अप्रैल को तब शुरू हुआ, जब पीड़िता की मां पास के ही एक गांव में तेरहवीं के कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। घर में किशोरी को अकेला पाकर गांव के ही रामू नामक युवक ने साजिश रची। दोपहर करीब 3 बजे रामू पीड़िता के पास पहुंचा और झूठ बोला कि उसकी मां ने उसे बुलाया है। मां के पास जाने के झांसे में आकर किशोरी उसकी मोटर साइकिल पर बैठ गई।

रास्ते में जब किशोरी ने रास्ता भटकने पर सवाल किए, तो आरोपी उसे डरा-धमकाकर जंगल की ओर ले गया। वहां पहले से ही रामू के दो अन्य दोस्त, विजय और अभिषेक मौजूद थे। इन तीनों दरिंदों ने नाबालिग के साथ बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया।

वारदात के बाद जब किशोरी की स्थिति बिगड़ने लगी, तो आरोपी घबरा गए और उसे इलाज के बहाने शिवपुरी ले गए, जहां उसे मेडिकल कॉलेज के बाहर फेंककर फरार हो गए। इधर, घरवाले अपनी बेटी की तलाश में दर-दर भटक रहे थे। परिजनों ने जब शुरुआत में संदेही रामू से पूछताछ की, तो उसने साफ मुकर दिया कि वह लड़की के बारे में कुछ भी जानता है। हालांकि, बाद में रामू ने अपने एक रिश्तेदार को पूरी सच्चाई बता दी, जिसके माध्यम से परिजनों को पता चला कि उनकी बेटी शिवपुरी अस्पताल में है। परिजन उसे वापस घर लाए और फरियाद लेकर बमोरी थाने पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि यहां जांच की बात कहकर पुलिस ने लौटा दिया। इसी मानसिक आघात और शारीरिक पीड़ा से टूटी किशोरी ने आत्मघाती कदम उठाते हुए जहर खा लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बमोरी पुलिस ने घटना के तीसरे दिन जीरो पर एफआईआर दर्ज की है। बमोरी थाना प्रभारी दिलीप राजौरिया के अनुसार, अस्पताल में भर्ती किशोरी के बयान महिला उपनिरीक्षक द्वारा दर्ज किए गए हैं। पीड़िता ने अपने बयानों में तीनों आरोपियों रामू, विजय और अभिषेक द्वारा किए गए कृत्य की पुष्टि की है।

किशोरी ने बताया कि आरोपी उसे परिचित होने का फायदा उठाकर बाइक पर शिवपुरी की तरफ ले गए थे, जहाँ रास्ते में कहीं सूनसान जगह पर इस वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने बताया कि देहाती नालिसी तैयार कर ली गई है। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें रवाना कर दी गई हैं और जल्द ही उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। वहीं, जिला अस्पताल में किशोरी की हालत लगातार बिगड़ रही है।

### पिता के दोस्त ने अश्लील वीडियो बनाकर नाबालिग को किया ब्लैकमेल, गिरफ्तार


शहर के सिटी कोतवाली क्षेत्र की भार्गव कॉलोनी में एक नाबालिग के साथ लंबे समय से हो रही छेड़छाड़ और शोषण का मामला सामने आया है। पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर चाइल्ड हेल्पलाइन पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने देर रात कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान फिरोज सलीम खान के रूप में हुई है, जो पीड़िता के पिता का परिचित बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार आरोपी का परिवार में आना-जाना था और इसी भरोसे का फायदा उठाकर वह नाबालिग को परेशान करता रहा। पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि दिसंबर 2025 में एक यात्रा के दौरान आरोपी ने उसके साथ गलत हरकत की थी। उस समय वह डर के कारण चुप रही, लेकिन इसके बाद आरोपी लगातार उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहा। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने नहाते समय उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया था और उसी के आधार पर उसे डराकर मिलने के लिए मजबूर करता था। घर आने पर भी वह बुरी नजर रखता और गलत तरीके से छूने की कोशिश करता था। इस वजह से बच्ची लगातार डर और तनाव में जी रही थी। मामला तब सामने आया जब पीड़िता ने साहस दिखाते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन पर कॉल किया।

### शराब सिंडिकेट की मनमानी पर लगाम, शॉप पर क्यूआर कोड का अब डिजिटल पहरा

भोपाल। मप्र की मदिरा दुकानों पर हो रही मनमानी वसूली और नियमों के उल्लंघन को रोकने के लिए अब तकनीक और सख्ती करने का निर्णय लिया है। विभाग के संज्ञान में आया है कि कई जिलों में शराब की दुकानों पर न केवल अधिकतम विक्रय मूल्य एमआरपी से अधिक दाम वसूले जा रहे हैं, बल्कि प्रतिस्पर्धा के चलते न्यूनतम विक्रय मूल्य एमएसपी से कम पर भी मदिरा बेची जा रही है। इस गंभीर अनियमितता को विभागीय निर्देशों की खुली अवहेलना मानते हुए आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना ने अब हर मदिरा दुकान पर 'क्यूआर कोड' चस्पा करना अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था उपभोक्ताओं को सशक्त बनाएगी, जिससे वे मौके पर ही अपने स्मार्टफोन से स्कैन कर ब्रांड की वास्तविक और कानूनी दरों का सत्यापन कर सकेंगे। अब हर मदिरा दुकान पर ई-आबकारी पोर्टल से जनरेटेड क्यूआर कोड लगाना अनिवार्य है। इसे स्कैन करते ही उपभोक्ता के मोबाइल पर संबंधित जिले की रेट लिस्ट खुल जाएगी। कोई दुकान संचालक यदि निर्धारित एमएसपी से कम या एमआरपी से ज्यादा पर बिक्री करता है, तो मध्यप्रदेश राजपत्र की कंडिका 21.2 एवं 21.3 के तहत उसके विरुद्ध लाइसेंस निरस्तीकरण जैसी कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उपभोक्ता अब सीधे मौके पर ही रेट का मिलान कर सकेंगे। यह कदम उपभोक्ताओं को पारदर्शी सेवाएं देने की दिशा में एक बड़ा बदलाव है।

सभी शिकायतों का तत्काल किया निराकरण

# समर सीजन में ट्रेनों की संख्या बढ़ने के साथ गंदगी की शिकायत बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

समर सीजन के साथ ही इन दिनों समर स्पेशल ट्रेनों के संचालन के साथ ही ट्रेनों के साथ ही यात्रियों की संख्या बढ़ गई, लेकिन इस भीड़ से ट्रेनों में गंदगी भी लगातार बढ़ रही है। पमरे जोन के विभिन्न स्टेशनों से गुजरने वाली ट्रेनों से लगातार यात्रियों द्वारा साफ-सफाई न होने व गंदगी को लेकर शिकायत कर रहे हैं।

पिछले तीन-चार दिनों से इस तरह की शिकायत अधिक देखने को मिल रही है। हालांकि इन शिकायत पर भोपाल रेल मंडल सहित पमरे जोन के अधिकारी तत्काल निराकरण कर ट्रेनों की सफाई करा रहे हैं, तो वहीं भोपाल मंडल से चलने वाली ट्रेनों की सफाई व्यवस्था के लिए विशेष टीम द्वारा नजर रखी जा रही है। इसके अलावा स्टेशन पर भी सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

### 27 अप्रैल को गंदगी को लेकर शिकायतें आई

भोपाल मंडल से गुजरने वाली कुछ ट्रेनों में गंदगी को लेकर 27 अप्रैल को कई यात्रियों द्वारा शिकायत की गई थी। इसी के तहत 09065 सूरत - छपरा विशेष किराया क्लोन विशेष ट्रेन में यात्री गंदगी को लेकर परेशान होते रहे है। यात्रियों का कहना था कि अधिक किराया देने के बाद भी गंदगी में सफर करना पड़ रहा है।

### शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण होगा

पमरे जोन के अधिकारियों का कहना है कि ट्रेनों में गंदगी व साफ-सफाई नहीं होने को लेकर जो शिकायत आई है। इनमें अधिकांश पीछे के स्टेशन से सफाई नहीं होना दिखा गया है, लेकिन भोपाल मंडल सहित पमरे जोन से गुजरने वाली ट्रेनों में गंदगी को लेकर जो भी शिकायत मिलती है। उसका शत-प्रतिशत निराकरण किया गया है। यात्रा के दौरान असुविधा होने पर यात्री इंटरनेट मीडिया के अधिकृत अकाउंट के माध्यम से तथा रेल मदद एप और 139 पर शिकायत / सुझाव दे सकते हैं। समर सीजन में ट्रेनों व यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ ही रेलवे अधिकारियों पर जिम्मेदारी अधिक बढ़ गई। ऐसे में भोपाल से चलने वाली ट्रेनों में स्थानीय अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही ट्रेन की साफ-सफाई करने वाली एजेंसी व कर्मचारियों से लगातार फीडबैग लिया जा रहा है।

डॉ. यादव ने दी नसीहतः काम पर ध्यान दें, विवादों से दूर रहें

# मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद सुलझा महिला कर्मचारी-सीईओ का विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जबलपुर स्मार्ट सिटी में महिला कर्मचारी और सीईओ अरविंद शाह के बीच विवाद आखिरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हस्तक्षेप के बाद सुलझ गया। दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से मामले को समाप्त करने पर सहमति जताई है। सोमवार को भोपाल में आईएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष मनु श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। बैठक में सभी पक्षों की बात सुनी गई, जिसके बाद आपसी सहमति से विवाद खत्म करने का निर्णय लिया गया। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ने बैठक में स्पष्ट कहा कि नए आईएएस अधिकारियों को काम पर ध्यान देना चाहिए और अनावश्यक विवादों से बचना चाहिए। उन्होंने प्रशासनिक मर्यादा बनाए रखने की भी नसीहत दी। पूरा मामला प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर तक पहुंचने के बाद अंततः मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप से शांत हो गया है। दोनों पक्षों ने आपसी संवाद के जरिए विवाद समाप्त करने पर सहमति जताई है।

दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से मामले को समाप्त करने पर जताई सहमति

### यह है पूरा मामला

दरअसल, जबलपुर के ओमती थाना क्षेत्र निवासी एक महिला कर्मचारी ने 26 अप्रैल को दिए शपथ पत्र में स्मार्ट सिटी के सीईओ अरविंद शाह पर अभद्र व्यवहार और धमकी देने के आरोप लगाए थे। महिला का कहना था कि वेतन संबंधी समस्या लेकर मिलने पहुंचने पर सीईओ ने समाधान करने के बजाय अपशब्द कहे और धमकाया। बताया जाता है कि 22 अप्रैल को स्मार्ट सिटी में एक बैठक में अनुपस्थित रहने पर सीईओ ने महिला कर्मचारी से पूछताछ की थी, जिसके बाद विवाद शुरू हुआ। महिला कर्मचारी ने सीईओ पर सामाजिक टिप्पणी और अभद्र व्यवहार के आरोप लगाए थे।

# बंगाल में दीदी के खिलाफ प्रचार करने पर महिला पर फेंका तेजाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



पांच साल पहले पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनाव में एक महिला करोंद निवासी रंजीता प्रमानिक को भाजपा का प्रचार करना महंगा पड़ गया। जब तृणमूल कांग्रेस की सरकार बनी तो महिला को धमकाया जाने लगा। उस पर एसिड अटैक कर दिया गया, जिससे वह घायल होकर दिव्यांग हो गई।

वहां केस भी दर्ज कराया, लेकिन धमकियों के डर से मुझे बंगाल छोड़कर भोपाल आ गई। यहां वोटर कार्ड और आधार कार्ड तो बन गए, लेकिन समग्र आईडी, आयुष्मान कार्ड और राशनकार्ड नहीं बन पा रहा है। यह गुहार मंगलवार को कलेक्टोरेट की जनसुनवाई में रंजीता प्रमाणिक ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के सामने रखी। मंगलवार को जनसुनवाई में 160 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई। गांधी नगर निवासी एक महिला ने शिकायत में बताया कि वह अपने पति के साथ दो पहिया वाहन से डीआईजी बंगला क्षेत्र से घर जा रही थी। इसी दौरान चौराहा पर तैनात पुलिसकर्मियों ने रोककर पूछताछ शुरू की। पुलिस को दस्तावेज तक दिखा दिए, लेकिन फिर भी गाड़ी का जब्त कर बदसलूकी की गई।

अभी दो किमी का चक्कर लगाकर आ-जा सकेंगे वाहन

# ज्योति टॉकीज चौराहे के पास धंसी सड़क की मरम्मत के काम में एक माह और लगेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बोर्ड ऑफिस से ज्योति टॉकीज की ओर जाने वाले मार्ग पर यातायात व्यवस्था अस्थायी रूप से किया गया बदलवा अभी जारी रहेगा। दअसल लोक निर्माण विभाग द्वारा ज्योति टॉकीज के पास धंसी सड़क की मरम्मत का काम किया जा रहा है। अभी इस काम में करीब एक माह ओर लग सकता है।

इसके चलते यातायात पुलिस की ओर से 9 मार्च को इस रूट पर यातायात में बदला किया गया था। जिसकी अवधि को यातायात पुलिस की ओर से अभी ओर बढ़ा दिया गया। इसके चलते इस मार्ग से गुज़रने वाले चार पहिया, भारी और सवारी वाहनों के लिए लागू किया डायवर्जन अभी आगे भी जारी रहेगा। नगरीय यातायात पुलिस के अनुसार पीडब्ल्यूडी संधारण संभाग क्रमांक-2 द्वारा सड़क मरम्मत कार्य के लिए 9 मार्च को सूचना दी गई है। मरम्मत कार्य के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए बोर्ड ऑफिस से ज्योति टॉकीज की ओर जाने वाले वाहनों का मार्ग बदला गया था। सड़क मरम्मत का कार्य अभी जारी है। इसके चलते ट्रैफिक व्यवस्था में जो बदलाव किया गया था। यह व्यवस्था अभी लागू रहेगी।

### यह है वैकल्पिक रास्ता

डायवर्जन के तहत बोर्ड ऑफिस से ज्योति टॉकीज की ओर जाने वाले चार पहिया और भारी वाहन डीबी मॉल के सामने से दाहिने मुड़कर थह्राराम कॉम्पलेक्स मार्ग से होकर ज्योति टॉकीज की ओर जा सकेंगे। हालाकि इस के चलते वाहन चालकों को डेढ़ से दो किमी का चक्कर लगाना पड़ रहा है। जिससे वाहन चालाकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### ट्रैफिक पुलिस की अपील

यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित डायवर्जन मार्ग का उपयोग करें और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। किसी भी प्रकार की जानकारी या असुविधा होने पर यातायात पुलिस के दूरभाष नंबर 0755-2677340 पर संपर्क किया जा सकता है।

स्वच्छता सर्वेक्षण-2025-26 को लेकर बैठक

# निगम कमिश्नर ने पूछा- शहर में कैसी चल रही है सफाई व्यवस्था!

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वच्छता सर्वेक्षण-2025-26 की तैयारियों को लेकर नगर निगम अब सख्त नजर आ रहा है। शहर की सफाई व्यवस्था की जमीनी हकीकत जानने के लिए मंगलवार को निगम कमिश्नर ने नोडल, सहायक नोडल और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इसमें उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि आखिर शहर में सफाई व्यवस्था जमीनी स्तर पर कैसी चल रही है और इसके लिए किए जा रहे प्रयास कितने प्रभावी हैं। व्यवस्था को मजबूत और कैसे बेहतर करें इसे लेकर उन्होंने सुझाव भी मांगे। स्वच्छता सर्वेक्षण- 2025-26 के लिए चल रहे पब्लिक फीडबैक के तहत अब तक 1700 ने फीडबैक आए हैं। इस पर उन्होंने सभी 21 जोन के प्रभारी एएचओ को गाइडलाइन के अनुसार 2 लाख से ज्यादा पब्लिक फीडबैक करवाने को कहा। बैठक में 21 जोन के प्रभारी एएचओ सहित एचओ, एसबीएम और अतिक्रमण प्रभारियों से निगम कमिश्नर ने कहा कि इस बार 2 लाख से ज्यादा पब्लिक फीडबैक की जरूरत है। इसलिए एएचओ अपने-अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा आम लोगों से ही फीडबैक करवाएं।

एक-एक व्यक्ति को दें फीडबैक की जानकारी

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रावधान

# आईटीआई में एडमिशन लीजिए, प्रशिक्षण शुल्क प्लेसमेंट के बाद लिया जाएगाः गौतम



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने मंगलवार को आईटीआई चलें हम, प्रवेश 2026 अभियान की शुरुआत करते हुए प्रदेशभर में कौशल आधारित शिक्षा को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न जिलों के आईटीआई संस्थानों की प्रगति, प्रशिक्षण व्यवस्था, प्लेसमेंट और विद्यार्थियों की सहभागिता का मूल्यांकन किया। बैठक में डायरेक्टर बसंत कुर्रे और सीईओ गिरीश शर्मा ने जानकारी दी कि विगत वर्ष आईटीआई में 96.4 प्रतिशत सीटों पर विद्यार्थियों का पंजीयन हुआ था। इस वर्ष सीटों की संख्या बढ़ाकर उन पर शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिनमें प्रशिक्षण शुल्क प्लेसमेंट के बाद लिया जाना, फीस की किस्तों में भुगतान की सुविधा तथा विभिन्न प्रकार के अनुदान शामिल हैं। ग्लोबल स्किल पार्क में 13 राज्यों के बच्चे भी विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण ले रहे हैं। जल्दी ग्लोबल स्किल पार्कमें कट सिस्को और ड्रोण का प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है। ड्रॉपआउट, दिव्यांग एवं अनाथ आश्रम के बच्चों को भी आईटीआई में पंजीयन कराकर कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जा रहा है।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई जिला प्रशिक्षण वर्ग की योजना बैठक

# प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ता को गढ़कर संगठन को मजबूत बनाने का सशक्त माध्यमः शिवप्रकाश

जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग 1 से 31 मई तक होना है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



प्रशिक्षण कार्यकर्ता को गढ़कर संगठन को मजबूत बनाने का सशक्त माध्यम है। प्रशिक्षण में प्राण डालने की आवश्यकता होती है। यह हमारी श्रद्धा का विषय है, इसे बोझ नहीं समझना चाहिए। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कही।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत जिला प्रशिक्षण वर्ग की योजना बैठक आयोजित हुई। बैठक को भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने संबोधित किया। शिवप्रकाश ने कहा कि जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग 1 मई से 31 मई तक होना है। देशभर में अभी तक 13 हजार से अधिक प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हो चुके हैं।

### ओरछा में होगी प्रदेश कार्यसमिति की बैठकः हेमंत

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने घोषणा की कि मई महीने में ओरछा में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक खंडेलवाल के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली कार्यसमिति होगी, जिससे संगठनात्मक दृष्टि से इसे अहम माना जा रहा है। हालांकि, अभी तक प्रदेश कार्यसमिति के सदस्यों के नामों की घोषणा नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि एक या दो दिन में ही इसकी सूची जारी की जा सकती है।

### स्वदेशी, सादगी से परिपूर्ण हो प्रशिक्षण वर्गः जामवाल

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि संगठन के मामले में मध्यप्रदेश एक आदर्श संगठन है। राष्ट्रीय स्तर पर भी इसकी प्रशंसा होती है। जिला प्रशिक्षण वर्ग स्वदेशी और सादगी से परिर्ण होना चाहिए। हर प्रशिक्षण वर्ग में कुछ नया सीखने को मिलता है। जो कार्यकर्ता पूर्व के वर्षों में आयोजित प्रशिक्षण वर्गों में शामिल हुए थे, उन्हें भी कुछ नया सीखने को मिलेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि प्रशिक्षण वर्ग के विषय वर्तमान परिस्थितियों के आधार पर तय होते हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930